जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

ARBIT



FOR RANDHIR MANDAWA

A week later, I got to know that he had been operated upon for malignant brain tumour, and led to complications for him, to pass away.

Moon To Get Its Own Time Standard

Ever wondered what time it is on the moon? Soon, there will be an answer to that question.

# 'नई इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) का उपयोग चुनाव कराने की अधिकृत प्रक्रिया का उल्लंघन है'

## डी.एम.के. के संगठन सचिव बी.एस. भारती ने यह तर्क देते हुए मद्रास हाई कोर्ट में याचिका दायर की

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अप्रेल। यह एक वास्तविक एवं गंभीर चिंता प्रतीत होती है। द्रमुक ने एक राजनीतिक पार्टी के रूप में नई ई.वी.एम. के मुद्दे को लेकर मद्रास हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के लिए नई ई.वी.एम. खरीदी हैं। बुधवार को दायर की गई एक याचिका में द्रमुक ने कहा कि थर्ड जनरेशन की एम. 3 इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन संचालन नियमों का उल्लंघन करती है।

- बी.एस. भारती के अनुसार नई ई.वी.एम. मशीन में बैलटिंग यूनिट और कंट्रोल यूनिट के बीच में वी.वी.पी.ए.टी. यूनिट लगाई गई है।
- इस नये अरेंजमैंट में प्रिंटर अब कंट्रोल यूनिट को इनपुट सिगनल भेजेगा। अतः इनपुट सिगनल की "शुद्धता" पर सवाल उठते हैं, जो कंट्रोल यूनिट को प्रिंटर से प्राप्त होता है।
- इस संभावित त्रुटि के कारण इनपुट डेटा में "करप्शन" की संभावना बनती है, अतः न्यायालय चुनाव आयोग को निर्देशित करे कि, कंट्रोल यूनिट व बैलटिंग यूनिट का सीधा संपर्क ही रहे प्रिंटर के मार्फत संपर्क न हो।

द्रमुक के संगठन सचिव आर.एस. भारती द्वारा दायर इस याचिका में कहा गया है कि डिज़ाइन के नए मोड में वोटर वैरिफियाबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वी.वी.पी.ए.टी.) बैलटिंग यूनिट और कंट्रोल यूनिट के बीच स्थित है, जिससे चुनावों में अनियमितताएं और धांधली हो सकती हैं। उन्होंने ध्यान दिलाया कि सिंबल लोडिंग यूनिट (एस.एल.यू.) को वी.वी.पी.ए.टी. में फिक्स करना चुनाव संचालन नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। चुनाव संचालन नियम 1961 के अनुसार इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन की बैलटिंग यूनिट और कंट्रोल यूनिट को एक दूसरे के सीधे सम्पर्क में होना चाहिए, लेकिन वी.वी.पी.ए.टी. प्रिंटर को दोनों के बीच में रखना 1961 के नियमों के 49 ए, 49 बी, 49 बी (4), 49 ई और 49 टी उपबन्ध था उल्लंघन है।

याचिका में कहा गया है कि मध्य में स्थित प्रिंटर कंट्रोल यूनिट को डेटा सैण्ड करेगा और इस तरह से वोटों की गणना प्रिंटिंग यूनिट पर निर्भर होगी जिससे बैलरिंग यूनिट से प्रिंटर को प्राप्त इनपुट सिग्नल को व्यवस्थित किए जाने की कोई गारंटी नहीं होगी। अतः इस प्रकार की फिक्सिंग से डेटा में छेड़छाड़ हो सकती है जिससे चुनाव प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा प्रभावित होगी।

भारती ने कहा कि चुनाव संचालन नियमों का नियम 56 डी भारत के चुनाव आयोग को आदेश देता है कि वह प्रिंटेड पेपर स्लिटस की गणना के माध्यम के संबंध में गाइडलाइन्स जारी करें, लेकिन अब तक ऐसी कोई गाइडलाइन नहीं दी गई है जिसक कारण रिटर्निंग अधिकारी ऐसे माध्यमों को मनमाने ढंग से तय कर रहे हैं। याचिका में यह भी कहा है कि भारत के चुनाव आयोग द्वारा इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन्स को स्वीकृत करने की कोई प्रक्रिया निर्धारित नहीं की गई है और इस प्रक्रिया के अभाव में ई.वी.एम. की अप्रूवल की वर्तमान प्रक्रिया मनमानी व गैर पारदर्शी है। द्रमुक ने कोर्ट से अनुरोध किया है कि वह चुनाव आयोग को इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन्स को मंजूरी देने वाली प्रक्रिया का निर्धारण करने के निर्देश दें। इसके अलावा यह निर्देश भी दिए जाएं कि वर्तमान नियमों के विपरीत जाकर प्रिंटर को बैलटिंग यूनिट व कंट्रोल यूनिट के बीच ना रखा जाए।

ज्ञातव्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने वी.वी.पी.ए.टी. की 100 प्रतिशत पर्चियों की गणना को लेकर दायर एक याचिका के बाद चुनाव आयोग को नोटिस जारी किए हैं। वर्तमान में एक निर्वाचन क्षेत्र में वी.वी.पी.ए.टी. की 5 प्रतिशत पर्चियों का ही मिलान किया जा रहा है।

## 22 नेताओं ने चिराग पासवान की पार्टी छोड़ी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अप्रेल। लोकसभा चुनाव से पूर्व, भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी चिराग पासवान को भारी

- शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी बिहार में एन.डी.ए. के चुनाव अभियान का आगाज़ करेंगे, इससे एक दिन पहले हुई इस घटना से एन.डी.ए. को झटका लगा है।

झटका लगा है, उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (एल.जे.पी.) के 22 नेताओं ने इस्तीफे दे दिए हैं। असंतुष्ट और खिन्न

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अंततोगत्वा 20 माह से रूका वेतन मिल गया

जयपुर, 4 अप्रैल (का.सं.)। राज्य सरकार के अधीन आए निजी कॉलेज कर्मचारियों को वेतन नहीं देने से जुड़े मामले में हाईकोर्ट की ओर से प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव का वेतन रोकने के आदेश दिए गए जिसके बाद आखिरकार याचिकाकर्ताओं, 10 कर्मचारियों को उनका बीस महीने से रुका वेतन मिल गया।

अदालती आदेश के पालन में प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव सुबीर कुमार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना में कांग्रेस को भारी लाभ की उम्मीद निर्मूल नहीं

## भाजपा व बी.आर.एस. में चुनावी समझौता न होने से यह संभावना और प्रबल हो गयी है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अप्रैल। भारत में कहीं भी अगर कांग्रेस अपने दम पर मुकाबले में मजबूत नज़र आती है तो वह है तेलंगाना। इस राज्य का गठन वर्ष 2014 में हुआ था और यहां भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) ने दस वर्ष शासन किया, लेकिन यहां गत वर्ष हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने इस राज्य को बी.आर.एस. से छीन लिया था। हालांकि, कांग्रेस पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में दक्षिण भारत के एक अन्य राज्य कर्नाटक में भी अच्छी स्थिति में है, लेकिन वह तेलंगाना ही है जो कांग्रेस को नई एवं अतिरिक्त सीटें मिलने के लिए आश्वस्त करता है।

- उत्साहित कांग्रेस ने मु.मंत्री राव के किले, मेडक को भेदने की रणनीति अपनायी है।
- तीन दशकों से मेडक में कांग्रेस इस क्षेत्र में जीत नहीं पायी है। यह वास्तव में मु.मंत्री का क्षेत्र है तथा 2023 के विधानसभा चुनाव में भी मु.मंत्री के.सी.आर. की पार्टी, हालांकि, राज्य भर में अन्य क्षेत्रों में हारी थी, पर, तब भी उनकी पार्टी मेडक की सात सीटों में से छः में विजयी हुई थी।
- कांग्रेस की रणनीति है कि, अगर मेडक को उसने जीत लिया तो यह जीत तेलंगाना की राजनीति में भूचाल ला देगी तथा पूरे तेलंगाना को प्रभावित करेगी।

तेलंगाना में मेडक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र ऐसा है, यहां कांग्रेस पिछले तीन दशक से जीत दर्ज नहीं कर पायी है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी अब मेडक से कांग्रेस की जीत पर फोकस कर रहे हैं। वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनावों मे इस क्षेत्र के मतदाताओं ने बी.आर.एस. एवं उसके प्रमुख के. चन्द्रशेखर राव के पक्ष में बढ़-चढ़कर वोट दिया था। कांग्रेस का लक्ष्य अब बी.आर.एस. के इस गढ़ में उसकी जीत का सिलसिला तोड़ना है। यदि ऐसा हो जाता है तो तेलंगाना के अन्य क्षेत्रों में भी कांग्रेस आसानी से जीत दर्ज कर सकेगी।

यहां कांग्रेस की कमान रेवन्त रेड्डी जैसे चतुर राजनेता के हाथों में हैं। उन्होंने मेडक निर्वाचन क्षेत्र में पिछड़ी जाति की एक मजबूत प्रत्याशी नीलम मधु को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा और बी.आर.एस. ने क्रमशः रेड्डी और वेलामा जातियों के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है। विदित ही है कि भाजपा ने यहां से पी. वैंकटरामा रेड्डी और बी.आर.एस. ने एम. रघुनंदन राव को टिकट दिया है।

कांग्रेस ने वर्ष 1996 में मेडक से चुनाव जीता था। मेडक के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है क्योंकि यह बी.आर.एस. प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री के.सी.आर. का गृह जिला है। हाल ही सम्पन्न चुनावों में भी वह बी.आर.एस. का गढ़ बना रहा। बी.आर.एस. हालांकि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में पूरे राज्य में हार गई थी, लेकिन सात विधानसभा सीटों वाले मेडक में उसका दबदबा कायम रहा। वह यहां की सात में से छह विधानसभा सीटों पर विजयी रही थी।

संयोगवश, यहां से कांग्रेस प्रत्याशी मधु भी अन्य नेताओं की भांति बी.आर.एस. से ही कांग्रेस में आयी हैं।

कुल मिलाकर आज की जमीनी स्थिति कांग्रेस के लिए मजबूत प्रतीत होती है और त्रिकोणीय माने जा रहे मुकाबले में बी.आर.एस. और भाजपा, दोनों ही दौड़ से बाहर होते दिख रहे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पूर्व मंत्री भाया से जुड़े मामले में तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब

जयपुर, 4 अप्रैल (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पूर्व खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खिलाफ मांगरोल थाने में दर्ज मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट 30 अप्रैल को तलब की है। अदालत ने पुलिस को अनुसंधान जारी रखने के आदेश देते हुए कहा है कि, जांच अधिकारी याचिकाकर्ता की ओर से पेश

- राजस्थान हाई कोर्ट ने कहा कि, पूर्व खान मंत्री प्रमोद जैन भाया के खिलाफ दर्ज मामले में 30 अप्रैल तक तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश की जाए, साथ ही अदालत ने जांच जारी रखने के आदेश भी दिए।

दस्तावेजों को भी जांच में शामिल करें। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश प्रमोद जैन भाया की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरजेवाला की हेमामालिनी पर टिप्पणी को "शर्मनाक" बताया

## सुरजेवाला ने पलटवार करते हुए, प्रत्यारोप किया कि, भाजपा ने कम्प्यूटर से "डॉक्टर" करके वीडियो पेश किया है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अप्रेल। अभिनय की दुनिया से राजनीति में आई हेमा मालिनी पर टिप्पणी के लिए भाजपा के निशाने पर आए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रणदीप सुरजेवाला ने सत्तारुढ़ भाजपा पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि, भाजपा की आई.टी. सैल को तथ्यों को तोड़- मरोड़कर झूठ फैलाने की आदत पड़ चुकी है।

- सुरजेवाला ने इसी संदर्भ में आगे कहा कि, "हम हेमामालिनी की इज़्ज़त करते हैं, उनकी शादी धर्मेन्द्र जी से हुई है, वे हमारी बहू हैं।

सारे प्रकरण की शुरुआत अमित मालवीय द्वारा एक वीडियो शेयर करने से हुई जिसमें सुरजेवाला कि सभा को सम्बोधित करते दिख रहे हैं। उस समय उन्होंने मथुरा की सांसद हेमा मालिनी पर टिप्पणी की थी। एक्स पर अपनी पोस्ट में मालवीय ने कहा कि, "यह बहुत घ्रणित बात है जो कोई व्यक्ति कर सकता है। यह है राहुल गांधी की कांग्रेस जो महिला विरोधी है और महिलाओं को अपमानित करती है।"

मालवीय ने भाजपा प्रत्याशी कंगना रानाउत के खिलाफ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनाते द्वारा की गई पोस्ट का भी जिक्र किया। श्रीनाते हालांकि, कह चुकी हैं कि यह पोस्ट उनकी जानकारी के बिना की गई थी।

सुरजेवाला ने आज उसी सभा का विडियो शेयर किया, जिसमें वे ये कहते दिख रहे हैं हम हेमा मालिनी का सम्मान करते है क्योंकि उन्होंने धर्मेन्द्र जी से शादी की है वो हमारी बहू हैं।

उन्होंने भाजपा पर तथ्यों को विकृत करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्तारुढ़ पार्टी का लक्ष्य है कि नरेन्द्र मोदी सरकार की युवा विरोधी, किसान विरोधी, गरीब विरोधी नीतियों वे संविधान को नष्ट करने की साजिशों से जनता का ध्यान भटकाना।

सुरजेवाला ने कहा कि, "भाजपा के इन पिट्ठुओं ने प्रधानमंत्री से ये कभी नहीं कहा कि, उन्होंने '50 करोड़ की गर्ल फ्रैंड' क्यों बोला, एक महिला सांसद को 'सूर्पनखा' क्यों कहा, एक महिला मुख्यमंत्री को ट्रोल क्यों किया, कांग्रेस नेतृत्व को 'कांग्रेस की विधवा', 'जर्सी गाय' जैसे शब्दों से बुलाया।"

सुरजेवाला ने कहा कि, उनका मतलब यही था कि हर निर्वाचित जन प्रतिनिधि को जनता के प्रति जवाबदेह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सैनिक स्कूलों के प्रबंधन में प्राइवेट पार्टियों को जोड़ना अनुचित'

## विपक्षी दलों ने केन्द्रीय सरकार की नयी नीति को "भगवाकरण" का प्रयास बताया

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 अप्रैल। विपक्षी नेताओं ने, केन्द्र सरकार से सैनिक स्कूलों के संचालन में निजी संस्थानों की भागीदारी को आसान बनाने वाली नई नीति को वापस लेने की मांग की है, यह कहते हुए कि, इस कदम से सैनिक स्कूलों का सांप्रदायीकरण और देश के सैन्य संस्थानों के उच्च धर्मनिरपेक्ष मानकों का विनाश हो जाएगा।

"रिपोर्टस कलैक्टिव" द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने सैन्य स्कूलों के संचालन में निजी संस्थानों की भागीदारी का रास्ता आसान बना दिया

- सी.पी.एम.का आरोप है, सैनिक स्कूल का मैनेजमैंट "ऑटोनोमस" सैनिक स्कूल सोसायटी के हाथ में ही होता था।
- पर, अब नयी परिवर्तित नीति में संघ परिवार से जुड़ी संस्थाओं को इन सैनिक स्कूलों में कामकाज की जिम्मेवारी में महत्वपूर्ण भूमिका दी जायेगी।
- सी.पी.एम. के अनुसार, अब तक 40 सैनिक स्कूलों में यह नई व्यवस्था लागू कर दी गयी है तथा इनमें से 62 प्रतिशत को चलाने की जिम्मेवारी आर.एस.एस., भाजपा व अन्य हिन्दुत्ववादी संगठनों को सौंपी गयी है।
- विपक्ष ने आशंका जताई है कि, इस नयी व्यवस्था से हमारी सेनाओं का धर्मनिरपेक्ष व्यक्तित्व प्रभावित होगा।

है। रिपोर्ट ने कहा कि, रक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) से जुड़े लोग, भाजपा नेता और अन्य हिन्दुत्व समूह जैसे कि साध्वी ऋतम्भरा आदि को 60 प्रतिशत नये सैनिक स्कूलों के संचालन के लिए चुना है।

सैनिक स्कूल के इतिहास में पहली बार, केन्द्र के निजी संस्थानों को सैनिक स्कूलों से संबद्ध होने की अनुमति दी गई है जिससे निजी संस्थान, सैनिक स्कूलों से कुछ वित्तीय सहायता प्राप्त करेंगे और उनकी शाखाओं का संचालन करेंगे।

रिपोर्ट के परिणामों ने उजागर किया है कि, नई नीति के तहत जिन 40 सैनिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




### विचार बिन्दु

दुःख और वेदना के अथाह सागर वाले इस संसार में प्रेम की अत्यधिक आवश्यकता है। –डॉ. रामकुमार वर्मा

# दिल्ली में आबकारी कानून है वहां मद्य निषेध नहीं है, अत: राजस्व बढ़ाने की पॉलिसी बनाना अनैतिक असंवैधानिक है

राष्ट्रीय मद्य निषेध नीति के सशक्त व प्रबल प्रवक्ता राष्ट्रपिता बापू थे। साथ ही इसका समर्थन महिलाओं के एक समूह ने किया था। राष्ट्रपिता ने कहा था कि यदि उन्हें एक दिन के लिये भी निरंकुश शासक बना दिया जावे तो वे सबसे पहला कार्य शराब बंदी का करेंगे। मुस्लिम धर्म के मानने वालों का कहना है कि उनके पवित्र धार्मिक ग्रन्थ कुरान में शराब को सब पापों की जननी कहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने माना है शराब की आय से कल्याणकारी राज्य का संचालन अनैतिक व असंवैधानिक है।

जिन राज्यों में मद्य निषेध नीति लागू की है वहाँ यह पाया गया है कि शराब पीने वालों की संख्या में कमी आई है और शराब पीने के बाद शराबी पुरूष जो महिला पर अत्याचार करते थे उनमें अच्छी कमी आई है।

संविधान के भाग IV में राज्य की नीति के निदेशक तत्वों का वर्णन है। अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देश देता है कि वह अपने लोगों के पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने और लोक स्वास्थ्य के सुधार को अपने प्राथमिक कर्त्तव्यों में मानेगा और राज्य, विशिष्टतया मादक पेयों और स्वास्थ्य के लिये हानिकारक औषधियों के, औषधीय प्रयोजन से मिल उपयोग का अतिषेक करने का प्रयास करेगा। साथ ही अनुच्छेद 38 राज्य से यह अपेक्षा करते हुये निर्देश देता है कि वह लोक कल्याण की अभिव्यक्ति के लिये सामाजिक व्यवस्था बनायेगा तथा लोक कल्याण की अभिवृद्धि का प्रयास करेगा।

अनुच्छेद 38 व अनुच्छेद 47 को पढ़ने से स्पष्ट है कि हमारा देश भारत एक कल्याणकारी राज्य है, नैतिकता उसका आदर्श है और ऐसे राज्य का शराब की आय से संचालन नहीं किया जा सकता। देश के यशस्वी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश कृष्णा अय्यर ने उक्त अनुच्छेदों की व्याख्या करते हुये एक निर्णय में स्पष्ट रूप से माना था कि कोई भी राज्य अपने राजस्व को बढ़ाने के लिए अनैतिक आय का सहारा नहीं ले सकता। देश के सभी राज्यों में जहां शराबबंदी नहीं है वे राजस्व बढ़ाने के हेतु ही शराबबंदी नहीं करना चाहते हैं। दिल्ली के केजरीवाल की शराब की नीति का मूल मंत्र राज्य की आय में वृद्धि का है। केजरीवाल की सरकार के विरूद्ध यही तो आरोप है कि उन्होंने राज्य की आय बढ़ाने के हेतु अपनी नीति में परिवर्तन किया है। शराब की कीमत में वृद्धि का ठेका दिया और उसके बेनिफिट प्राप्त किया। वर्तमान में केजरीवाल व उनकी सरकार के कुछ मंत्रियों के विरूद्ध ईडी की कार्यवाही कोर्ट में चल रही है।

मद्य निषेध का अर्थ है, शराब पीने पर प्रतिबंध, मनाही व रोक।

भारत में बॉम्बे राज्य में 1948 और 1958 के मध्य और फिर 1958 से मद्य निषेध कानून था। गुजरात में शराब बंदी कानून लागू है जो मादक पेय पदार्थों के Manufacturer] भंडारण, बिक्री और मादक पदार्थों की खपत को संचालित व प्रतिबंधित करता है। यह कानून 1960 से लागू है।

शराब (Alcohol) का निषेध, बिहार, गुजरात, नागालैण्ड व मिजोरम तथा लक्षद्वीप (UT) में है। एक समय राजस्थान में भी शराबबंदी कानून लाया गया था, किन्तु राज्य ने शराबबंदी की उस भावना के विरूद्ध जिसका उल्लेख कल्याणकारी राज्य के लिये किया है, शराबबंदी के कानून को ही Repeal कर दिया और Repeal करने मात्र से पूर्ववर्ती कानून को जीवित मान लिया। इस बाबत एक रिट् याचिका स्व. सिद्धराज जी की ओर से पेश हुई थी उसकी सुनवाई के समय राज्य ने यह Undertaking दी थी कि वह शनै-शनै शराब बंदी करेगा, किन्तु ऐसा कुछ नहीं हुआ।

यहाँ यह लिखना भी समीचीन होगा कि संविधान की 7वीं सूची में यह विषय Entry 51 (क) में राज्य का है।

शराबबंदी के पक्ष में यह तर्क है कि यह निजता के कानून के विरूद्ध है। "मैं क्या खाऊँ, क्या पीऊँ" यह मेरा व्यक्तिगत अधिकार है इसमें क्यों राज्य का दखल? इसमें कोई शंका नहीं है कि शराब हिंसा की भावना को बढ़ावा देती है। निजता का अधिकार भी सर्वोच्च न्यायालय ने मूल अधिकार के समान जैसा मान लिया है। शराब की आय अनैतिक होने से यह अधिकार अपवादों में आता है। मुरारजी देसाई ने कहा था कि जनहित में शराबबंदी कानून बनाना सरकार का अधिकार है। दुनियां के 42 देशों में शराब बंदी लागू है। एक जानकारी के अनुसार यह ज्ञात हुआ है कि सरकार को होने वाली आय से शराब के कारण वाले अपराधों व बीमारियों को लेकर सरकार को कई गुना अधिक धन खर्च करना पड़ता है।

यह भी जानकारी उपलब्ध है कि यदि 1 वर्ष के लिये भारत में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया जावे तो जनता व सरकार का जितना धन बचेगा उससे 30 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल सकता है। 5000 विश्वविद्यालय खोले जा सकते हैं, 20 लाख कि.मी. सड़क बनाई जा सकती है। देश में 80 प्रतिशत हीन व संगीन अपराध, 50 प्रतिशत घटनायें और 95 प्रतिशत नारी उत्पीड़न कम हो जायेगा।

> **राष्ट्रपिता ने कहा था कि यदि उन्हें एक दिन के लिये भी निरंकुश शासक बना दिया जावे तो वे सबसे पहला कार्य शराब बंदी का करेंगे। मुस्लिम धर्म के मानने वालों का कहना है कि उनके पवित्र धार्मिक ग्रन्थ कुरान में शराब को सब पापों की जननी कहा है।**

नीति निदेशक तत्वों के अधिकार मूल अधिकार दोनों ही Universal Declaration of Human Rights समान हैं। अतः जब मानव अधिकार Enforceable है तो फिर अब प्रगति के इस मार्ग में यह नहीं कहा जा सकता कि अनुच्छेद 37 के अनुसार ये अधिकार प्रवर्तनशील नहीं है।

शराबबंदी के पक्ष में एक बार आन्दोलन हुआ था उसके संबंध में जस्टिस टेकचंद समिति नियुक्त की थी। उसने 12 सूत्र दिये थे इसके अनुसार सभी राज्यों को पूर्ण शराबबंदी की पोलिसी लागू करनी थी। इसके अनुसार यह सुझाव था कि जो राज्य शराब बंदी करेगा उसकी हानि का 50 प्रतिशत केन्द्र सरकार पूरी करेगा।

नवम्बर 2021 में पेश की गई नई दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 का उद्देश्य राजधानी में शराब के खुदरा परिदृश्य में क्रान्ति लाना था। इसका उद्देश्य राज्य के लिये राजस्व को अधिकतम करना, नकली शराब की बिक्री को रोकना था।

सरकार के लिये शराब रेवेन्यू एक बड़ा साधन है। शराब पर टैक्स बढ़े या घटे पीने वालों पर इसका फर्क नहीं पड़ता। अतः राज्य सरकारें भी अपने हिसाब से शराब पर टैक्स वसूलती हैं। दिल्ली की केजरीवाल सरकार भी रेवेन्यू बढ़ाने के लिये नई आबकारी नीति (New Excise Policy) लेकर आई। इससे सरकारी खजाना बढ़ने का दावा किया गया लेकिन नई आबकारी नीति दिल्ली सरकार के लिये गले की फांस बन गई। इस नई आबकारी नीति (New Excise Policy) की वजह से आम आदमी पार्टी (AAP) के तीन बड़े नेता जेल पहुँच चुके हैं।

वस्तुतः इस नई आबकारी नीति के लागू होते ही दिल्ली में शराब और बीयर पर ऑफर की झड़ी लग गई। नई आबकारी पोलिसी के चलते दिल्ली में कई शराब के स्टोर्स पर एक बोतल की खरीद पर दूसरी मुफ्त में मिल रही थी। कुछ जगह तो एक पेटी खरीद पर दूसरी पेटी फी दी जा रही थी। इस ऑफर के कारण दिल्ली में शराब की दुकानों पर लम्बी-लम्बी लाइनें लग गईं। 17 नवम्बर 2021 को नई एक्साईज पोलिसी लागू हुई थी। इसके बाद शराब बिक्री के नियम बदल गये। नई पोलिसी के तहत शराब स्टोर्स को अधिकार था कि ग्राहक को लुभाने के लिए वे गिफ्ट और डिस्काउन्ट दे सकते हैं जबकि इससे पहले की आबकारी नीति के तहत शराब के दाम सरकार तय करती थी, जिस कारण दुकानदार इसमें कोई बदलाव नहीं कर सकते थे और एक बोतल के साथ दूसरी फ्री जैसी कोई स्कीम नहीं थी। आबकारी अधिकारियों का कहना था कि दिल्ली में शराब पर 25 प्रतिशत की छूट थी जबकि एक बोतल की खरीद पर एक फ्री में के तहत् 50 प्रतिशत तक की छूट मिल गई। दिल्ली सरकार ने नई शराब नीति के तहत् वर्ष 2021-22 में राजधानी दिल्ली में शराब बिक्री का काम पूरी तरह निजी हाथों में दे दिया। यह कहा जाता है कि इसके लिये शराब की खुदरा विक्रेता कम्पनियों से शराब की बिक्री से पूर्व ही लाइसेंस शुल्क के रूप में 300 करोड़ रूपये लिये थे। विक्रेताओं को यह अनुमति दे दी गई कि वे एमआरपी से नीचे किसी भी दाम पर शराब बेच सकते हैं। यहीं से शराब में छूट देने का खेल शुरू हुआ। ठेकेदार अधिक से अधिक शराब बेचने के लिये छूट पर छूट देने लगे और लोग भी जमकर खरीद करते रहे, क्योंकि दिल्ली वाले घरों में 18 लीटर बीयर या वाईन रख सकते हैं।

दिल्ली सरकार का दावा था कि नई शराब नीति से माफिया राज खत्म होगा। केजरीवाल ने तर्क दिया इससे 3500 करोड़ रूपये का मुनाफा होगा। शराब नीति के तहत् दिल्ली में 32 जोन बनाये और हर जोन में 27 दुकानें खोली जा सकती थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राईवेट कर दिया गया। इससे पहिले दिल्ली में 60 फीसदी दुकानें सरकारी और 40 फीसदी प्राईवेट थीं। सरकार विवादों में फंस गई। सरकार ने 1 सितम्बर 2022 से पुरानी cieyeHesce Excise Policy को फिर से लागू कर दिया, क्योंकि जुलाई 2022 में दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर दी।

कथित शराब घोटाले का खुलासा 8.7.2022 को दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट से हुआ। दिल्ली सरकार ने मौजूदा शराब नीति (Delhi Excise Policy) को आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये बढ़ा दिया है।

दिल्ली की पुरानी आबकारी नीति से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (Enforcement Directorate) ने बुलाया। इससे पूर्व आप नेता मनीष सिसोदिया व संजय सिंह को शराब नीति के मामले में गिरफ्तार किया गया। अनुच्छेद 19(1) सभी नागरिकों का वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारोबार करने का मूल अधिकार प्रदान करता है और अनुच्छेद 19 के खण्डों में अपवाद है। राज्य किसी भी नागरिक को वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारोबार करने से प्रतिबंधित नहीं कर सकता, हाँ, विधिवत कानून बनाकर ऐसा कर सकता है, किन्तु यह अधिकार उस समय उसे नहीं मिलेगा जब व्यापार Dangerous या Immoral हो और वह प्रतिबंधित हो और लाइसेंस दिये जाने पर आधारित हो। शराब का यह व्यापार नैतिकता की दृष्टि से अनुचित था और यों भी स्वास्थ्य के लिए घातक था।

इस लेख का संबंध केवल दिल्ली सरकार की आबकारी नीति की वैधानिकता से है। अन्य राज्यों की तरह दिल्ली में ही Excise Act 2009 का है तथा 2010 के नियम हैं। सातवीं सूची की राज्य Alcoholic Liquors for Human Consumption पर उत्पादक शुल्क लगा सकता है और संविधान का अनुच्छेद 47/38 शराब बंदी की वकालत करता है यदि मादक पेय स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हैं तो वह लेवी असंवैधानिक है। अन्य राज्य जहां शराबबंदी कानून बनाकर की गई है, वैसी स्थिति दिल्ली राज्य की नहीं है। यहां शराब बंदी नहीं की गई अपितु शराब नीति बनाई गई है जिसके लिये कानून में कोई प्रावधान नहीं है। नई और पुरानी शराब नीति से शराब घोटाला (Excise Scam) कैसे हुआ, कैसे मनी लॉन्ड्रिंग हुआ यह विषय न्यायालय द्वारा तय किया जावेगा; किन्तु Excise Policy शराब नीति के बनाने के पीछे कानून की Sanction नहीं है न हो सकती है। अतः शराब घोटाले का मामला है और राज्य की समस्त कार्यवाही संविधान के विपरीत है अर्थात् असंवैधानिक अनैतिक है। दिल्ली सरकार के द्वारा शराब नीति बनाना ही और इस राजकीय कार्य को निजी हाथों में देना सर्वथा अनाधिकृत असंवैधानिक व अनैतिक कृत्य था। आबकारी टैक्स लगाना संविधान के अनुच्छेद 265 के विरूद्ध है, क्योंकि कोई कर विधि के अधिकर से ही आरोपित या संग्रहित किया जा सकता है अन्यथा नहीं। संविधान के अनुच्छेद 47 के तहत् शराब बंदी कानून बनाया जाना चाहिये था इसके विरूद्ध शराब की आय से राज्य का राजस्व बढ़ाया गया है। इन परिस्थितियों में ईडी ने केजरीवाल व उसके साथियों के विरूद्ध शराब घोटाले व मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनाया है।

यह कैसी विडम्बना है कि जहां शराब बंदी का अर्थ है, 'शराब पीने की मनाही' और केजरीवाल जी की शराब नीति है, "दिल्ली वालों को खूब शराब पिलाओ"। सरकार राजस्व कमाये और जनता जान गंवाये। दिल्ली ही नहीं अन्य राज्यों की स्थिति भी यही है।

सत्यमेव जयते!

**–अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन,**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट, जयपुर**

# राजस्थानी भाषा-संस्कृति में वोट मांग रहे नेता मान्यता का भरोसा कब देंगे



राजेन्द्र जोशी

**दुनिया** के सबसे बड़े लोकतंत्रात्मक देश में इस समय लोकसभा के आम चुनाव होने जा रहे हैं। चुनावी हलचल तेज होती नजर आ रही है, देशभर में सभी सरकारी काम लगभग चुनाव की भेंट चढ़ चुके हैं। चुनावी समर में नेता और कार्यकर्ता अपने और अपनी पार्टी लिए वोट मांग रहे हैं। संभवत आजाद भारत में यह पहला चुनाव होगा जब किसी विशेष मुद्दे पर चुनाव नहीं लड़ा जा रहा है। चुनाव में जनता नहीं है, जनता के मुद्दे नहीं हैं, मतदाता के लिए किसी भी प्रकार की कोई योजना राजनैतिक दलों के पास नहीं है। कला, साहित्य और संस्कृति की तो बात करना ही बेमानी लगती है।

इस चुनाव में केवल और केवल नेताओं का अपना मुद्दा है कोई भ्रष्टाचारियों को समाप्त करना चाहता है तो कुछ राजनैतिक दल तानाशाही के खिलाफ बात कर रहे हैं। किसी भी दल के पास जनता के बीच उनके लिए बात करने का मुद्दा और विषय नहीं है। सभी नेता और पार्टियां अपनी डफली अपना राग बजा रहे हैं। कोई 400 पार की बात कर रहा है तो कुछ अपनी खोई ताकत को एक दो सीट प्राप्त करके खाता खोलने की जुगत में है। हां यह जरूर है कि चुनाव में नेता जनता के बीच राजस्थानी भाषा में वोट मांग रहे हैं, तो कुछ नेता राजस्थानी नृत्य करके राजस्थानी संस्कृति के सहारे वोट मांग रहे है। ऐसे में मतदाता किसी भी उम्मीदवार को यह कहने की स्थिति में नहीं है कि आप जिस भाषा और जिस संस्कृति में हमारे बीच खड़े हैं उस भाषा और उस संस्कृति की रक्षा करने की जिम्मेदारी कौन ले रहा है। राजस्थान में 19 और 26 अप्रैल को चुनाव होने हैं। 25 लोकसभा सीटों के लिए बजा बिगुल अपने चरम पर है। अब कोई भी प्रत्याशी राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात नहीं कर रहा। मान्यता की बात नहीं कर रहा। हां यह जरूर है कि उम्मीदवार राजस्थानी भाषा में बात कर रहे है। राजस्थानी भाषा मान्यता आंदोलन के मतवाले जिनको उम्मीदवारों से सीधी बात करनी चाहिए जो राजस्थानी भाषा मान्यता की मांग करते रहे हैं वह इस बात से कतरा क्यों रहे हैं। अब वह आवाज भी सुनाई नहीं देती की "पैली भाषा पछै वोट भाषा नहीं तो वोट नहीं" यह बात भी लगभग बंद हो गई। लेकिन चुनाव के दौरान ही इन नारो की उपयोगिता नजर आती है जबकि यह नारे कहीं खो गए हैं।

नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं में प्राथमिक शिक्षा देने का भरोसा सरकार ने दिया है, स्थानीय भाषा जिसे मातृभाषा कहा जाता है उस भाषा की पहचान संविधान की आठवीं अनुसूची में नहीं होने से वह प्रदेश अपनी संस्कृति और भाषा के बगैर ही शिक्षा प्राप्त करता रहेगा। सबसे बड़ी विडम्बना तो यह है कि जो मतदाता सरकार पर भरोसा करता है, नेताओं पर भरोसा करता है उस मतदाता की आवाज का सम्मान करना नेता और सरकारों का दायित्व भी होना चाहिए।

पिछली केन्द्र सरकार में राजस्थान का जबरदस्त बोलबाला रहा लोकसभा अध्यक्ष राजस्थानी, राज्यसभा का सभापति अभी भी राजस्थानी होने के बावजूद पूरे पांच बरस राजस्थानी भाषा को मान्यता देने पर संसद में पुरजोर तरीके से चर्चा तक नहीं हो सकी।

राजस्थानी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए शायद किसी के घोषणा पत्र में यह बात नहीं होगी। मजे की बात तो यह है कि आने वाले दिनों में राजस्थान में चुनाव होने हैं। और राजस्थान की जनता बिना घोषणा-पत्र को जाने बिना वोट देने जाएगी, जब तक राजस्थान में चुनाव होंगे तब तक संबंधित राजनीतिक पार्टियों का संकल्प और वादे लिखित में नहीं पढ़ पाएंगे। अभी भी समय है राजस्थानी भाषा की मांग करने वाले 12 करोड़ राजस्थानियों को चेतने का कि वह नेताओं से भरोसा तो ले ले कि हम जीतने के बाद हमारे नेताओं को राजस्थानी भाषा की मान्यता हेतु मांग रखने की हिम्मत जुटाएंगे और सरकार के सम्मुख राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग रखेंगे।

**- राजेन्द्र जोशी,**
**शिक्षाविद-साहित्यकार**
**लेखक हिन्दी-राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि-कथाकार**

## 108 कुंडीय महायज्ञ के शुभारंभ को लेकर प्रशासन ने जायजा लिया

> ■ श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, आगमन और प्रस्थान तथा परिवहन व्यवस्था पर पूरा जोर

**पावटा,** (निसं)। कस्बा निकटवर्ती बाबा बालनाथ आश्रम बावडी में बाबा बस्तिनाथ महाराज के सानिध्य में आगामी वर्ष 2024 में 365 दिन तक 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ व लखी कलश यात्रा का आयोजन को लेकर 11 अप्रैल को महायज्ञ के लिए 51 हजार महिलाओं की विशाल और ऐतिहासिक कलश यात्रा निकालने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महायज्ञ के प्रति आसपास के क्षेत्र में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

बाबा बस्तिनाथ महाराज ने बताया कि वर्षपर्यंत 11अप्रैल 2024 से 6 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाले 108 कुण्डीय मृत्युञ्जय रुद्र महायज्ञ से पूर्व 11 अप्रैल गुरुवार को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें हजारों महिला श्रद्धालुओं की भागीदारी रहने वाली है। जिसे लेकर यात्रा की भव्यता को देखते हुए इसकी पूर्व तैयारी के लिए गुरुवार को 51 हजार महिलाओं की कलश यात्रा के रास्ते का संपूर्ण प्रशासन ने जायजा लिया जिसमें पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय, पावटा तहसीलदार प्रवीण सैनी, पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ बसंत सैनी, प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा, विद्युत विभाग जेईएन, पीडब्लूडी कर्मचारी व प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियों का अवलोकन किया। पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने निर्देश दिए कि यात्रा में कही भी किसी प्रकार से दिक्कत न हो और आम जनता भी परेशान न हो। अवलोकन के दौरान श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, कलश यात्रा का मार्ग, श्रद्धालुओं का आगमन और प्रस्थान तथा परिवहन व्यवस्था पर पूरा जोर दिया गया। कार्यकर्ता डॉ. सुरेन्द्र यादव, मदन यादव, मदनलाल सैनी प्रागपुरा, जीतु हुल्डा, अशोक सैनी, नरपत शेखावत, विक्रम यादव के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने नारायणपुर मोड प्रागपुरा से प्रागपुरा गुगाजी मन्दिर से पुराने पंचायत भवन पुलिस थाना होते हुये सर्विस लाइन होते हुये बावडी आश्रम तक सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वही पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने प्रागपुरा के मुय रास्ते व सर्विस लाइन को खाली करवाने, यात्रा के सपूर्ण रास्तों की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ बसंत सैनी व कार्यक्रम मे यातायात व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था के लिए प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा को निर्देशित किया। वही सभी विभागो को 11 अप्रेल को सभी व्यवस्थाए दुरुस्त व सुचारु करने के निर्देश दिये।

## मीरा देवी की आंखें दो लोगों के जीवन को रोशन करेंगी

> ■ परिजनों ने मरणोपरांत नेत्रदान कराया



मीरा देवी

**बूंदी** (निसं)। शहरवासियों में बढ़ रही नेत्रदान जागरूकता के चलते शहर के 49 नैत्रदानियों द्वारा किए गए नेत्रदान से दृष्टिबाधित लोगों की आंखों से अंधियारा दूर हो रहा हैं। शाइन इंडिया फाउडेशन के ज्योति मित्र महेश चांदवानी ने बताया कि गुरूवार को गुरु नानक कॉलोनी में इस वर्ष का पांचवा नेत्रदान संपन्न हुआ। वहीं अकेले सिंधी समाज से अब तक एक दर्जन से ज्यादा ऩैदान करवाए गए हैं।

गुरूवार को ज्योति मित्र महेश चांदवानी ने गुरु नानक कॉलोनी निवासी मीरा देवी टेकवानी के आकस्मिक निधन के बाद उनके पुत्र राजेश कुमार टेकवानी व उनके देवर सिंधी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष मंगुमल, गोपीचंद से संपर्क कर मीरा देवी के नेत्रदान करवाने का आग्रह किया। सामाजिक कार्य जुड़े रहे परिवार के सभी सदस्यों ने मीरादेवी के नेत्रदान के लिए सहज ही सहमति प्रदान कर दी। परिजनों की सहमति मिलते ही कोटा से बीबीजे चैप्टर के कॉऑर्डिनेटर डॉ. कुलवंत ने ज्योति मित्र इदरिस बोहरा के सहयोग से परिवार के सदस्यों के बीच नेत्रदान संपन्न करवाया। ज्योति मित्र इदरिस बोहरा ने शोकाकुल परिवार का आभार प्रकट करते हुए सभी से नेत्रदान के पुनीत कार्य में सहयोग करने का अनुरोध किया।

## विश्व बैंक परियोजना के कार्यों का अवलोकन किया

**उदयपुर,** (निसं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, उदयपुर में राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना जो विश्व बैंक द्वारा संचालित है उसके टीम लीडर डॉ. बेकजोड शेमसीव ने विवि की विभिन्न इकाइयों में विश्व बैंक परियोजना द्वारा संचालित कार्यो का अवलोकन किया। उन्होनें विवि के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक एवं अधिकारियों के साथ संवाद भी किया तथा डेयरी एवं खाद्य अभियांत्रिकी महाविद्यालय के नवीनीकृत प्रयोगशाला का दौरा किया एवं प्रौद्योगिकी एवं अभियांत्रिकी महाविद्यालय, उदयपुर के एक्पेरियन्शल लर्निंग यूनिट (नई खाद्य प्रसन्सकरण प्रयोगशाला इकाई) में छात्रों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों को भी देखा एवं सराहना की। इस अवसर पर डॉ. बेकजोड ने विवि के सभागार में विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत विदेश में प्रशिक्षण लेने गये संकायों सदस्यों एवं छात्रों से एक-एक करके वार्ता की।

## महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों पर पुन: हिन्दी में किए जाने की तलवार लटकी

> ■ खासकर उन विद्यालयों पर जिनको पिछली सरकार ने चुनावी साल में कार्यकाल के बिलकुल आखिरी में अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित किया था

**बीकानेर,** (निसं)। राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों पर पुनः हिन्दी में परिवर्तित किए जाने की तलवार लटक गई है। खासकर उन विद्यालयों पर जिनको पिछली सरकार ने चुनावी साल में कार्यकाल के बिलकुल आखिरी में अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित किया था। इसकी शुरुआत भी शिक्षा विभाग ने कर दी है। पिछले महीने ही कोटा संभाग में करीब डेढ़ दर्जन महात्मा गांधी स्कूलों को पुनः हिन्दी में परिवर्तित कर दिया गया।

महत्वपूर्ण यह है कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय प्रदेश के सभी सीडीईओ व डीईओ से महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में उपलब्ध साधन-संसाधन, अन्य सुविधाओं, छात्र शिक्षक अनुपात आदि के संबंध में रिपोर्ट मांग चुका है। प्रत्येक जिले से यह रिपोर्ट निदेशालय को भिजवाई भी जा चुकी है। हालांकि रिपोर्ट मांगते समय आदेश में कहीं यह उल्लेख नहीं किया गया कि संबंधित विद्यालयों की हिन्दी से अंग्रेजी में परिवर्तित करने की समीक्षा की जा रही है। मगर कोटा में अंग्रेजी से पुनः हिन्दी में विद्यालयों को परिवर्तित करने के बाद यह आशंका बलवती हो गई है कि नए शिक्षा सत्र में कई महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों पर कैंची चल सकती है।

जिले के 116 महात्मा गांधी विद्यालयों में नामांकन की स्थिति खराब नहीं है। लगभग 20 हजार का नामांकन चालू शिक्षा सत्र तक था। प्रारंभ में जो जिला मुख्यालय और फिर ब्लॉक स्तर पर एक-एक महात्मा गांधी स्कूल खोला गया था, उनमें तो बच्चों का प्रवेश लॉटरी के माध्यम से करना पड़ता है। आखिरी चरण में जो कई हिन्दी से अंग्रेजी में परिवर्तित किए गए थे, उनमें से कुछ में उपरोक्त स्थिति नहीं है।

निदेशालय ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में उपलब्ध साधन, संसाधन, सुविधा आदि के संबंध में रिपोर्ट मांगी थी जो भिजवाई जा चुकी है। हालांकि ऐसा कोई आदेश नहीं था कि किसी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को बंद करने के लिए उक्त रिपोर्ट मांगी जा रही है। जिले में वर्तमान में 116 महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से 27 विद्यालय वे हैं, जिनको पिछली कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी महीनों में हिन्दी से अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित किया था।

## चमन सिंह को डॉक्टर की उपाधि से नवाजा

**उदयपुर,** (निसं)। वाइल्ड एनिमल रेस्क्यू सेंटर के संभागीय अध्यक्ष चमन सिंह चौहान को उदयपुर शहर व आसपास के पिछले करीब 25 सालों से वन्यजीवों एवं जलवायु परिवर्तन पर गहन अध्ययन करने पर साउथ अमेरिकन यूनिवर्सिटी से डाक्टर की उपाधी से नवाजा।

कोरियर द्वारा डिग्री प्राप्त होने बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय डायरेक्टर डॉ. शरद अरोडा द्वारा चमन सिंह चौहान को सामानित किया। संस्था के सचिव अब्दुल जब्बार नायक ने बताया कि हमारी संस्था ने उदयपूर ही नही पूरे राजस्थान मे वन्य जीव बचाओं अभियान की शुरुआत की है जिसका परिणाम आज राजस्थान के हर गांव शहर मे वन्य जीव बचाये जा रहे है। इस का पूरा श्रेय चमन सिह चौहान को मिलता है साथ ही हजारो नारी शक्ति को वन्य जीव बचाओ अभियान से जोडा गया।जो महिलाए वन विभाग के कई उच्च पदों पर अपनी सेवाए दे रही है।

## राशिफल शुक्रवार 5 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, धनिष्ठा नक्षत्र सांय 6:07 तक, साध्य योग प्रात: 9:55 तक, बालव करण दिन 1:29 तक, चन्द्रमा प्रात: 7:12 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

राजयोग दिन 1:29 से सांय 6:07 तक है। आज पापमोचनी एकादशी व्रत है और जमातुलविदा है। पंचक प्रात: 7:12 से आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:50 तक, लाभ-अमृत 7:50 से 10:57 तक, शुभ 12:30 से 2:03 तक, चर 5:09 सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:17, सूर्यास्त 6:42

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

**मिथुन**
आज धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह**
घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कन्या**
व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**तुला**
आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मीन**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी आज चूरू आयेंगे, राठौड़ ने तैयारियों का जायजा लिया

## पीएम मोदी भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे

**चूरू, (कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को चूरू आएंगे। पीएम मोदी भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारी जुटे हुए हैं। मोदी की जनसभा को लेकर पुलिस लाइन मैदान में विशाल डेम, बैरिकेट्स और हैलीपैड बनाया गया है।

पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी शुक्रवार पुलिस लाइन मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर एसपीजी ने पुलिस लाईन परिसर को अपनी सुरक्षा के घेरे में ले लिया है। जनसभा को लेकर राजेन्द्र राठौड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सभा स्थल का जायजा लिया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए राठौड़ ने कहा कि पांच साल बाद प्रधानमंत्री दूसरी बार चूरू आ रहे हैं। इसको लेकर भाजपा पदाधिकारियों में काफी उत्साह है। प्रधानमंत्री की यह सभा चुनाव को नया मोड़ देगी। राठौड़ ने कहा कि मिशन 25 के साथ मिशन 400 पूरा होगा।

चूरु लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार पैरा ओलम्पियन देवेन्द्र झाझड़िया के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार सुबह 10: 30 बजे सभा को संबोधित करेंगे। एसपी जय यादव ने बताया कि मोदी की सभा को लेकर सभा क्षेत्र नो फ्लाइंग जोन रहेगा।



चूरू में पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने पीएम नरेन्द्र मोदी की सभा की तैयारियों का जायजा लिया।

- **'प्रधानमंत्री की यह सभा चुनाव को नया मोड़ देगी, मिशन 25 के साथ मिशन 400 पूरा होगा'**

इसके अलावा ट्रैफिक भी डायवर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि चूरू में सरदारशहर, रतनगढ़ की ओर से जाने वाले चूरू से होते हुए राजगढ़ रोड़ और झुंझुनूं की ओर जाने वाले बड़े वाहनों पर चूरू में आने पर प्रतिबंध रहेगा। छोटे वाहन पंखा सर्किल से सुभाष चौक, मुमताज हॉस्पिटल, नई सड़क और रेलवे स्टेशन होते हुए निकलेंगे। इस रूट से सभा में आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहन कृषि मंडी, जिला स्टेडियम में पार्क करेंगे।

# 22 साल से फरार इनामी अपराधी हथियारों के साथ गिरफ्तार

- **आरोपी के पास तीन हथियार, 300 से ज्यादा कारतूस, तलवार, चाकू, बारूद बनाने का सामान समेत बड़ी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ**
- **आरोपी के पास से थ्री नोट थ्री, पिस्टल भी बरामद की गई हैं जो सिर्फ सुरक्षाबलों द्वारा प्रयोग में ली जाती है**
- **अपराधी लालसिंह बाड़मेर के बहुचर्चित हरलाल सियाग हत्याकांड का आरोपी था, जिसे 1994 में आजीवन कारावास की सजा मिली थी**

**बाड़मेर, (निसं)।** जोधपुर रेंज के 19 प्रकरणों में वांछित 58 हजार के ईनामी अपराधी लालसिंह उर्फ लूणसिंह राजपूत को बुधवार को रेंज स्तरीय पुलिस टीमों ने हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया है। अपराधी लालसिंह बाड़मेर के बहुचर्चित हरलाल सियाग हत्याकांड का आरोपी था, जिसे 1994 में आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वर्ष 2002 से पैरोल से लगातार फरार चल रहा था, करीब 22 साल बाद रेंज की पुलिस टीमों ने लालसिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास 3 हथियार, 300 से ज्यादा कारतूस, तलवार, चाकू, बारूद बनाने का सामान समेत बडी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। पुलिस ने लालसिंह के साथ इसके एक सहयोगी को भी गिरफ्तार किया है।

जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रेंज के कुल 19 प्रकरणों में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी, नकबजनी, अपहरण, आर्म्स एक्ट आदि व पैरोल से फरार वांछित ईनामी अपराधी लालसिंह उर्फ लूणसिंह पुत्र अर्जुन सिंह राजपूत निवासी जोगीदास का गांव, पोलिस थाना झिनझिनयाली, जिला जैसेलमेर और उसके अन्य साथी राणाराम पुत्र सवाई राम भील निवासी सांगाना, पोलिस थाना सांगड,जैसलमेर को भारी हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर रेंज स्तरीय साइक्लोनोर सेल, टॉरमेडो व स्ट्रॉन्ग टीमें सक्रिय थी। बुधवार को बिशाला के पास आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया गया।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि अपराधी लालसिंह पर जैसलमेर द्वारा 20 हजार, बाडमेर द्वारा 25 हजार, जोधपुर पूर्व आयुक्तालय द्वारा 5 हजार व रेंज स्तरीय 8 हजार, इस तरह कुल 58 हजार का ईनाम रखा हुआ था। लालसिंह के पास से तीन हथियार, 300 से ज्यादा कारतूस, धारदार हथियार तलवार, चाकू, गुप्ति, बारूद बनाने का सामान, फर्जी नम्बर प्लेट, हिसाब किताब की डाईरियां व अन्य सामान, 1 लाख से अधिक की नकद राशि, वाहन आदि बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही आरोपी के पास से थ्री नोट थ्री, पिस्टल भी बरामद की गई हैं जो सिर्फ सुरक्षाबलों द्वारा प्रयोग में ली जाती है। लालसिंह के कई अपराधियों के साथ गहरे संपर्क थे तथा उत्तर प्रदेश से हथियारों की खरीद फरोख्त की बात सामने आई है।

अपराधी लालसिंह वर्ष 1994 में प्रथम केस जिसमे इसने हरलाल सियाग की बेरहमी से हत्या कर दी थी, में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। यह मामला उस समय में बेहद ही बहुचर्चित और सुर्खियों में था। वर्ष 2002 में पैरोल से रिहा होने के बाद से ही लालसिंह फरार था। इस दौरान लालसिंह अपराध की दुनिया में लगातार सक्रिय रहा और लगभग 30 साल से अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि रेंज स्तरीय टीमों को पिछले एक महीने से मिली सूचनाओं पर पता चला की अपराधी लालसिंह हाथियार, गोला बारूद की आपूर्ति तेजी से ले दे रहा है। इस पर विशेष टीमों को सतर्क किया गया और संभावित ठिकानों पर दबियों दी गई। लेकिन दबिशों से पहले ही आरोपी वहा से फरार हो जाता। बुधवार को पुलिस को लालसिंह के बाडमेर के एक गांव में होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस की विभिन्न टीमों ने लगातर आपसी समन्वय से आरोपी का पीछा करते हुए बिशाला गांव के पास नाकाबंदी करवाकर नाटकीय तरीके से गिरफ्तार किया। आईजी विकास कुमार ने कहा कि अपराधी लालसिंह की गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीमों का विशेष प्रस्ताव भेजकर पुरस्कृत किया जायेगा। इस मामले में पुलिस अनुसन्धान में जुटी हुई है जिससे आगे और भी खुलासे होने की संभावना है।

# कांग्रेस ने समझौता भी नहीं किया और डमी कैंडिडेट उतार भारतीय आदिवासी पार्टी की मदद भी कर दी

- **इससे पहले बामणिया की उम्मीदवारी तय हुई तो बीएपी के तेवर नरम पड़ गए और कांग्रेस से समर्थन मांगा**
- **इसके बाद कांग्रेस ने बामणिया के नामांकन के बजाय डमी कैंडिडेट के रूप में अरविंद डामोर को प्रत्याशी बनाया**
- **बामणिया लड़ते तो आदिवासी पार्टी तीसरे नंबर पर जा सकती थी**

**जयपुर, (का.प्र.)।** कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के लिए अपने आखिरी उम्मीदवार का फैसला कर लिया, लेकिन इस घोषणा में उसने एक तरह से रणनीतिक दाव चलाया है।

दरअसल बांसवाड़ा-डूंगरपुर को लेकर भारतीय आदिवासी पार्टी (बी.ए.पी.) के साथ में समझौते की बात थी, लेकिन बीएपी की शर्तों के चलते अंत समय तक समझौता नहीं हुआ तो अंतिम क्षणों में पार्टी ने अर्जुन बामनिया को लोकसभा उम्मीदवार बनाए जाने का निर्णय लिया। इतना होते ही जो बीएपी जो अब तक अपनी शर्तों के साथ कांग्रेस को आंखें दिखा रही थी, वह नरम पड़ गई और बांसवाड़ा-डूंगरपुर से बीएपी के उम्मीदवार राजकुमार रोत ने कांग्रेस से समर्थन मांगते हुए ऐसा करने पर कांग्रेस का आभार जताने की बात कर दी।

इसके बाद कांग्रेस ने भी बांसवाड़ा-डूंगरपुर से अर्जुन बामनिया का नामांकन दाखिल करने के बजाय कांग्रेस ने डमी कैंडिडेट मैदान में उतार दिया। इससे यह संदेश भी गया कि कांग्रेस बीएपी के दबाव में नहीं आई और साथ ही रणनीतिक रूप से बीएपी को मजबूत करके कांग्रेस छोड़कर भाजपा से चुनाव लड़ रहे महेंद्रजीत मालवीय के लिए मुश्किलें भी बढ़ा दी।

कांग्रेस ने रणनीतिक रूप से बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर नामांकन के आखिरी दिन आखिरी समय में कांग्रेस नेता अरविंद डामोर को प्रत्याशी बनाया। इस पर डामोर ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। अब इस सीट पर बीजेपी की ओर से महेन्द्रजीत सिंह मालवीया, कांग्रेस से अरविंद डामोर और बीएपी से राजकुमार रोत प्रत्याशी हैं। इससे पहले बांसवाड़ा विधायक अर्जुन सिंह बामनिया का नाम तय किया गया। हालांकि अंत में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रहे अरविंद डामोर ने कांग्रेस के सिंबल पर अपना नामांकन दाखिल किया। अरविंद की माता स्वर्गीय सीता डामोर पार्षद थीं और अब बड़ी बहन पार्षद हैं। दूसरी तरफ बागीदौरा विधानसभा की बात करें, तो वहां पर भी डमी के रूप में कांग्रेस ने एक वकील कपूर चंद को मैदान में उतारा है। यहां पर भी पूरी कांग्रेस ने मिलकर एक रणनीति बनाई है। इसी के तहत दोनों डमी प्रत्याशी खड़े किए गए हैं।

दरअसल कांग्रेस वर्किंग कमेटी के मेंबर रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीया जब कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में गए, तो सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तोड़कर उन्होंने भाजपा में मिला दिया। जानकारों का कहना है कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर दोनों जिलों में मिलाकर करीब 1 लाख मुस्लिम और तीन लाख ईसाई वोटर हैं, जो कि कांग्रेस का परंपरागत वोट है। यह पूरा वोट भारत आदिवासी पार्टी को मिल जाए, तो निश्चित रूप से वह बीजेपी के बराबर में खड़ी नजर आएगी।

बदली रणनीति के बाद बांसवाड़ा लोकसभा सीट के प्रत्याशी और चोरासी से विधायक राजकुमार रोत ने गुरुवार को अपने सोशल अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट पर भारत आदिवासी पार्टी को समर्थन करते हुए इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सीट को छोड़ती है, तो हम और यहां के समस्त रहवासी कांग्रेस आलाकमान के आभारी रहेंगे और भाजपा को धूल चटाएंगे।

# प्राचार्य डॉ. सुमित्रा मीना ने शिकायत पत्र भेजा

**गंगापुर सिटी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,गंगापुर सिटी प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुमित्रा मीना ने आयुक्त कॉलेज शिक्षा को शिकायत पत्र भेजकर एवं जिला कलक्टर गंगापुर सिटी एवं जिला पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी को स्वयं मिलकर शिकायत पत्र देकर राजस्थान सिविल सेवाएं आचरण नियम 1971 के नियम 29 का खुला उल्लंघन कर रामकेश मीणा, सह आचार्य संस्कृत राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी द्वारा 2 अप्रेल को प्राचार्य डॉ. सुमित्रा मीना के खिलाफ उदेई मोड़ थाने में दर्ज झूंठे परिवाद को निरस्त करने तथा महिला प्राचार्य की छवि को जानबूझकर खराब कर प्रताड़ित करने के खिलाफ तुरंत कड़ी कानूनी कार्यवाही करने के लिए निवेदन किया है।

साथ ही परिवाद में उदेई मोड़ थाने के पुलिस जांच अधिकारी मुरारीलाल मीणा द्वारा निष्पक्ष जांच नहीं करने एवं प्राचार्य को ही डराने, धमकाने की भी शिकायत पुलिस अधीक्षक को की है। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत की निष्पक्ष जांच उदेई मोड़ थाने से बदल कर सदर थानाधिकारी के लिए आदेशित किया है।

# पेट्रोल पम्प मैनेजर ने 17 लाख का गबन किया

**अजमेर, (कासं)।** अलवर गेट थाना क्षेत्र के श्रीनगर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के मैनेजर द्वारा 17 लाख का गबन करने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा पंप संचालक द्वारा हिसाब-किताब की जांच करने पर चला। मैनेजर ने पंप संचालक के समक्ष अपना जुर्म भी काबूला और गबन राशि जमा कराने का आश्वासन दिया, लेकिन आज दिनांक राशि जमा नहीं कराई। जिस पर संचालक ने अलवर गेट थाने में मैनेजर के खिलाफ हिसाब में गडबड़ी कर रकम गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई।

औंकार नगर सिविल लाइन निवासी सर्वेश पाल सहगल ने अलवर गेट थाने में लिखित शिकायत देते जुए रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें बताया कि उनकी अजमेर फयूल्स मारुति वर्कशॉप के पास श्रीनगर रोड अजमेर में एक फर्म है। फर्म के जरिए रिलायंस कंपनी के पेट्रोलियम उत्पाद का बेचान कर्मचारियों द्वारा किया जाता है।

फर्म पर कार्य करने के लिए इद्रिश खान पुत्र मोहम्मद अयूब निवासी सिराना रोड़ गांधीनगर मदनगंज किशनगढ़ को 15 माह पूर्व से मैनेजर के पद पर नियुक्त किया था। मैनेजर के खिलाफ कई बार शिकायत मिली थी, जब इसकी जांच की गई तो विभिन्न मदों फर्जीवाड़ा व धोखाधड़ी सामने आई। मैनेजर ने फर्जीवाड़ा कर 17 लाख रुपए का गबन कर लिया। जब उससे जवाब मांगा तो 7 लाख रुपए जमा कराने की बात कही। जब जांच की तो स्टॉक में दस लाख का पेट्रोल भी कम मिला। जब मैनेजर उक्त राशि लौटाने में टालमटोल कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जेल में मोबाइल बरामद

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय कारागार में जेल प्रशासन की तरफ तलाशी अभियान चलाया गया। जेल के विभिन्न वार्डों एवं बैरकों की तलाशी में एंड्राइड के साथ की-पेड फोन बरामद हुए हैं। बिस्तर, बाथरूम और बाथरूम की छत से यह फोन बरामद किए गए हैं। एक विचाराधीन बंदी को नामजद किया गया जबकि अन्य बंदियों का पता लगाया जा रहा है। जोधपुर केंद्रीय कारागार में जेल उपकारापाल कविता विश्नोई, तुलसीराम मय स्टाफ ने तडक़े दो से पांच बजे के बीच जेल में अचानक से तलाशी ली। जेल की वार्ड संख्या 4 एवं 11 के बैरक संख्या 1, 2 आदि में तलाशी ली गई। तब एक बंदी अरूण हुड्डा पुत्र नैनाराम के बिस्तर से की-पेड टूटा हुआ मिला। साथ ही बाथरूम में छुपाया फोन मिला और बाथरूम की छत से भी की-पेड फोन बरामद हुए। बंदी अरूण हुड्डा को नामजद करने के साथ अन्य अज्ञात बंदियों के खिलाफ रातानाडा थाने में केस दर्ज करवाया गया है।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा का खास गुर्गा गिरफ्तार

## आरोपी दानाराम लूणकरनसर का हिस्ट्रीशीटर व जिले का हार्डकोर अपराधी है

**बीकानेर, (निसं)।** कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा के खास गुर्गे को जिला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चूरू निवासी ये क्रिमिनल रोहित गोदारा के हल्के लूणकरनसर में रहकर लोकल गैंग को ऑपरेट कर रहा था।

एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि दानाराम उर्फ दानिया पुत्र जगदीश प्रसाद सियाग निवासी बिल्यूं पुलिस थाना भानिपुरा जिला चूरू हाल वार्ड नम्बर दो सुरनाणा रोड, लूणकरनसर को अरेस्ट किया गया है जो रोहित गोदारा गैंग का मुख्य सदस्य है। दानाराम लूणकरनसर का हिस्ट्रीशीटर व जिले का हार्डकोर अपराधी है, जिसके विरूद्ध विभिन्न थानों में लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, फिरौती, व अवैध हथियार के गंभीर प्रकरण दर्ज है। ऐसे में उस पर राजपासा एक्ट लगाया गया है। इसी के तहत गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी पर जिला पुलिस द्वारा 50 हज़ार का ईनाम रखा गया था।



दानाराम उर्फ दानिया

एसपी तेजस्विनी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी दानिया के चर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड और राजू ठेठ हत्याकांड को अंजाम देने वाले अपराधियों से भी संबंध प्रमाणित पाए गए हैं। यह एक गंभीर प्रवृत्ति का हार्डकोर क्रिमिनल है। इसके स्थानीय किन लोगों से संबंध रहे इसकी पड़ताल की जा रही है।

# साइकिल यात्रा पर निकला मुंबई का सुरेश अजमेर पहुंचा

**अजमेर, (कासं)।** क्रिकेट और अपने चहेते क्रिकेटारों के लिए लोगों में कितना जुनून है इसकी बानगी गुरुवार को देखने को मिली। आईपीएल में शामिल टीम मुम्बई के लिए जीत की दुआ करने साइकिल यात्रा कर सुरेश माली गुरुवार को अजमेर पहुंचे। माली ने यहां सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह में दरगाह में जियारत की और टीम की जीत के लिए दुआ मांगी। श्रीनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले आईपीएल मैच में शामिल मुंबई टीम की जीत के लिए सुरेश माली साइकिल यात्रा पर निकले है। सुरेश गुरुवार को अजमेर पहुंचे, यहां उन्होंने सूफी परंपरा के अनुरूप ख्वाजा गरीब नवाज की बारगाह में हाजिरी लगाई और मजार पर अकीदत के फूल व चादर पेश कर आईपीएल मैच में मुम्बई टीम की जीत के लिए दुआ मांगी। वहीं मीडिया से बातचीत करते हुए सुरेश माली ने कहा कि मेरी दुआ है कि रोहित शर्मा को दोबारा से कप्तान बनाया जाए और आईपीएल में मुंबई टीम जीत दर्ज करे। उन्होंने कहा कि हार्दिक पांडया द्वारा जिस तरह से रोहित शर्मा का अपमान किया वे सही नहीं है। रोहित शर्मा दिग्गज क्रिकेटर है।

# मधुमक्खियों के हमले में दो दर्जन महिलायें घायल

- **दशामाता की पूजा करने गया था महिलाओं का ग्रुप**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** दशामाता की पूजा करने गई महिलाओं के ग्रुप पर गुस्साई मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले में करीब दो दर्जन महिलायें घायल हो गई जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल भिजवाया गया।

मामला करेड़ा थाना क्षेत्र के चिताम्बा का है। चितांबा गार्डन में महिलाएं दशा माता की पूजा करने गई थी। इसी दौरान पूजा से उठे धुएं से ऊपर पेड़ पर बैठी मधुमक्खियां बिफर गई और उन्होंने पूजा कर रही महिलाओं पर हमला कर दिया। मधुमक्खियां के हमले में दो दर्जन से अधिक महिलाओं की हालत बिगड़ गई, जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए करेड़ा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, दो महिलाओं की हालत ज्यादा बिगड़ने पर इन्हें भीलवाड़ा हॉस्पिटल में रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शी प्यारी देवी ने बताया कि हम लोग आज सुबह दशा माता का पूजन करने के लिए चितांबा गार्डन में गए थे पूजा शुरू की ही थी, इसी दौरान धूप, दीपक और अगरबत्ती लगाई थी, उसके धुएं से मधुमक्खी अपने छत्ते से उड़ी और हम सब पर हमला कर दिया । हमले में हमारे साथ में ही महिलाओं को मधुमक्खी ने डंक मारे हैं फिलहाल मधुमक्खियां के हमले में महिलाओं की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# युवती ने आत्महत्या की

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहां युवती ने देहशोषण से तंग आकर अपनी जान दे दी। 19 वर्षीय युवती ने घर में गाटर के रस्सी का फंदा लगाकर इस घटना को अंजाम दिया। इससे पहले उसकी भाभी ने भी गत वर्ष 20 दिसंबर को देहशोषण से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। इस पूरे मामले के पीछे गांव के ही 3 युवकों का हाथ बताया जा रहा है। ये 9 महीने से दोनों ननद-भाभी का देहशोषण कर रहे थे। जिससे तंग आकर पहले तो पिछले साल दिसंबर में भाभी ने और अब 19 वर्षीय उनकी ननद ने आत्महत्या कर ली। घटना सूरतगढ़ के राजियासर थाना क्षेत्र के एक गांव की है।

आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते थे। होली के आसपास भी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती के साथ देहशोषण करने की कोशिश की जिसके बाद 24 मार्च को युवती ने बकायदा सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। इस पूरे मामले में पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिनमें से दो की गिरफ्तारी हो चुकी है। फिलहाल सीओ प्रतीक मील व थाना अधिकारी सतीश कुमार यादव के साथ पुलिस बल घटना स्थल पर तैनात हैं।

# नाबालिग से छेड़छाड़ का फरार आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपी वारदात के बाद से जयपुर में फरारी काट रहा था**

**अजमेर, (कासं)।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वारदात के बाद से फरार चल रहा था और जयपुर में फरारी काट रहा था। पुलिस टीम ने आरोपी को जयुपर गिरफ्तार कर अजमेर ले आई और मामले में पूछताछ में जुटी है। आरोपी युवक को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि 9 जनवरी को थाने पर नाबालिग पीड़िता के परिजन ने छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था, मामले में पुलिस ने पोक्सों सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर दबिश देते हुए गुरुवार को आरोपी श्रीराम विहार करनी पैलेस जयपुर निवासी कैलाश चंद बंजारा पुत्र छोटूराम बंजारा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी में थाने के कांस्टेबल करतार सिंह का विशेष योगदान रहा।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी कैलाश चंद बंजारा फर्नीचर का काम करता है। 8 जनवरी को आरोपी एक फ्लैट में फर्नीचर का काम कर रहा था, वहीं पर पीड़िता की मां भी काम करती थी। आरोपी पीड़िता को गद्दे ऊपर रखवाने के बहाने से बुलाकर ले गया और पीड़िता के साथ गलत हरकत करने लगा। पीड़िता द्वारा चिल्लाने पर आरोपी घटनास्थल से फरार होकर जयपुर भाग गया। पुलिस आरोपी से मामले में पूछताछ कर रही है।

# बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा से रविन्द्र सिंह भाटी ने निर्दलीय नामांकन भरा

## रविन्द्र सिंह भाटी के नामांकन दाखिल करने के साथ ही मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है

**बाड़मेर, (निसं)।** बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से गुरुवार को शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने अपने समर्थकों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया। हालांकि भाटी ने तीस मार्च को दो फार्म पहले ही जमा करवाए थे। भाटी के नामांकन दाखिल करने के साथ ही इस सीट पर अब मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। कांग्रेस से उम्मेदाराम बेनीवाल और भाजपा से कैलाश चौधरी अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं।

- **रविन्द्र सिंह भाटी की नामांकन सभा में काफी संख्या में लोगों की भीड़ नजर आई**



बाड़मेर में निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन प्रस्तुत किया।

नामांकन दाखिल करने के बाद आदर्श स्टेडियम मे विशाल जनसभा का आयोजन हुआ जिसमें भाटी के समर्थकों ने भाटी को कंधों पर उठाकर मंच तक पहुंचाया। सभा के बाद रैली का आयोजन हुआ। भाटी के निर्दलीय ताल ठोकने से अब इस सीट पर मुकाबला रोचक हो गया है। सभी प्रत्याशी प्रचार को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। भाटी की नामांकन सभा को लेकर काफी संख्या में लोगों की भीड़ नजर आई। भाटी के नामांकन दाखिल करने के बाद बाडमेर जैसलमेर सीट पर सियासी तेज हो गई। वही भाटी भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी पर भारी नजर आ रहे है।

# मिलिंग करवाए बिना ही सड़क बनवाने पर इंजीनियर्स को उच्चाधिकारियों की फटकार

## अजमेर रोड पर सोडाला से पुरानी चुंगी तक और करधनी क्षेत्र में सड़क निर्माण का मामला



- **चर्चाएं है कि गुड़ फ्राइडे से लेकर सोमवार तक जे.डीए. में अवकाश था, छुट्टियों के इन दिनों में डामरीकरण का काम शुरू कराया गया, ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि मौके पर सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांचने के लिए कौन अधिकारी पहुंचे?**
- **बताया जा रहा है कि कालवाड़ रोड पर करधनी थाने के पीछे कॉलोनियों में डामर रोड निर्माण में भी तय मोटाई और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया**

**जयपुर** (कासं)। अजमेर रोड पर सोडाला से पुरानी चुंगी तक और कालवाड़ रोड पर करधनी क्षेत्र में सड़क निर्माण में टैंडर की शर्तों के मुताबिक काम नहीं होने का मामला सामने आया है। सूत्रों की मानें तो पुरानी सड़क को हटाकर यानि मिलिंग करवाये बिना ही अब दुबारा डामरीकरण किया जा रहा है। ठेकेदार की इस गड़बड़ी पर जोन के अधिशाषी अभियंता और उनकी टीम की अनदेखी को लेकर निदेशक इंजीनियरिंग ने गंभीरता से लिया है। बताया जा रहा है कि उच्चाधिकारियों ने जोन के इंजीनियर्स को फटकारते हुए दोनों जगहों पर सड़क टैंडर की शर्तों और जी-शेड्यूल के मुताबिक ही बनवाने को कहा है।

चर्चाएं है कि गुड़ फ्राइडे से लेकर सोमवार तक जे.डीए. में अवकाश था, छुट्टियों के इन दिनों डामरीकरण का काम शुरू कराया गया, ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि मौके पर सड़क निर्माण की गुणवत्ता जांचने के लिए कौन पहुंचा। ज्ञात रहे कि जे.डी.ए. आयुक्त मंजू राजपाल ने भी पिछले दिनों शहर में साफ-सुथरी सड़कों की रि-कारपेंटिंग करने पर अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद जयपुर पुलिस कमिश्नरेट से 200 फीट बाईपास तक साफ-सुथरी सड़क पर नए सिरे से रि-कारपेंटिंग करवाने के मामले की जेडीए के निदेशक इंजीनियरिंग अजय कुमार गर्ग ने तो उन्होंने जांच के लिए एडिशनल चीफ इंजीनियर संजय शर्मा के नेतृत्व में कमेटी गठित की थी, जिसकी जांच में शिकायत सही पाई गई। इसके बाद तय हुआ कि पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर रोड तक डामर नहीं की जाए और अजमेर रोड से सोडाला 200 फुट बाईपास पर डामर कर दी जाए। बताया जा रहा है कि अब सिर्फ सोडाला से अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी तक, जिस सड़क की रि-कारपेंटिंग की जा रही है।

सूत्रों की मानें तो इस सड़क पर ठेकेदार आर.एम. कंस्ट्रक्शन बीते एक साल से काम नहीं कर रहा था। उसे नोटिस भी दिए थे लेकिन उसके बाद भी काम शुरु नहीं हुआ। इसका टैंडर भी बाजार दर से 30 प्रतिशत अधिक दर पर है। चर्चाएं है कि आर.एम. कंस्ट्रशन ने अपनी 5 करोड़ की मार्जिन मनी लेकर यह काम लटाला कंस्ट्रशन को सौंप दिया है। अब मौके पर जो सड़क निर्माण का काम किया जा रहा है, उसमें गुणवत्ता से समझौता करने की शिकायतें लगाकर मिल रही है।

इसी प्रकार कालवाड़ रोड पर करधनी थाने से डी-मार्ट की ओर जाने वाली सड़क तथा उसके आसपास की कॉलोनियों में भी डामर की पतली सड़क बिछाने का काम चल रहा है। यहां पर ठेकेदार फर्म गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी, टैंडर लेकर भी दो वर्ष तक सड़क बनाने का काम शुरू नहीं कर रही थी। गत दिनों जोन-7 में एक्सईएन और एईएन की नई पोस्टिंग होने के बाद ठेकेदार पर जुर्माना करने की बजाय उसे पुरस्कार देने की तैयारी कर ली गई। अधिकारियों ने ठेकेदार को 2 साल पुराने वर्क आर्डर पर ही काम शुरू करने के निर्देश दे दिए। इसके बाद ठेकेदार ने सड़क बनानी शुरू की है, लेकिन यहां भी जी-शेड्यूल और टैंडर की शर्तों के मुताबिक काम नहीं हो रहा। हालात ऐसे है कि जो सड़क बनाई जा रही है, उसकी गुणवत्ता भी सही नहीं है। डामर की मोटाई भी कम है।

# आई.एम.ए. ने एक साल पहले हुए एम.ओ.यू. पर कार्रवाई नहीं करने पर सरकार को चेताया




**आई.एम.ए. राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. रजनीश शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. राहुल कट्टा, कोषाध्यक्ष डॉ. एन.के.अग्रवाल, जे.एम.ए. अध्यक्ष डॉ. तरुण ओझा व सचिव डॉ. अनुराग शर्मा गुरूवार को पत्रकारों से रूबरू हुए।**

**जयपुर** । राज्य सरकार और निजी चिकित्सकों के बीच एक वर्ष पूर्व हुए एमओयू के तहत चिकित्सकों के हित में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाने को लेकर आईएमए राजस्थान की ओर से सरकार को चेताया गया है।

आईएमए राजस्थान की ओर से जेएमए में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष डॉ. रजनीश शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ राहुल कट्टा, कोषाध्यक्ष डॉ. एन के अग्रवाल, जेएमए अध्यक्ष डॉ. तरुण ओझा, सचिव डॉ. अनुराग शर्मा उपस्थित थे। डॉ . रजनीश शर्मा ने सरकार को चेताया और आव्हान किया कि लंबित मामलों पर तुरंत सकारात्मक कार्यवाही के आदेश हों। डॉ. तरुण ओझा और डॉ अनुराग शर्मा ने बताया की अस्पतालों का नियमितीकरण कोटा मॉडल के आधार पर होना चाहिये और सिंगल विंडो लाइसेंस प्रणाली होनी चाहिए। डॉ एन के अग्रवाल ने सीजीएचएस आरजीएचएस पैकेज रेट्स को व्यवहारिक बनाने पर ज़ोर दिया। डॉ. राहुल कट्टा ने बताया की फ़ायर एनओसी का प्रावधान हर वर्ष के बजाये 5 वर्ष में करने के लिये पिछली सरकार ने आदेश जारी किया परंतु क्रियाँवन लंबित है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**जयपुर** । सोडाला इलाके में एक युवती से देहशोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी युवती ने रिपोर्ट दी है कि पटना हाल गुरुग्राम निवासी अर्नेश गौरव से जान पहचान हुई थी। आरोप है 6 जनवरी 2023 को अर्नेश ने शादी का झांसा देकर होटल में दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। अब वह ब्लैकमेल कर रहा है। सांगानेर सदर थाने में युवती ने रिपोर्ट दी है कि 24 मार्च की रात परिचित दीपक ने घर में घुसकर उससे दुष्कर्म किया।

## सार-समाचार

### रनर्स को ट्रॉफी और अवार्ड से नवाजा



**जयपुर** । "जीवन में सेहत को स्वस्थ रखना बेहद जरूरी है" यह संदेश आमजन तक पहुंचाने के लिए रनर्स ने खुद भी दौड़ लगाई और आमजन को भी इसके लिए प्रेरित किया। जयपुर के रनर कोच महेश दिवेदी (कोच वी जेई) सुरेश द्विवेदी और विष्णु टांक (विश्व रिकॉर्ड धारक) ने लगातर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए वर्ष 2023-24 के रनर्स का सम्मान किया। सेहत के लिए मोटिवेट भी किया, ताकि बीमारियों से दूर रहकर सेहत सुधारी जा सके। उन्होने कहा कि रोज व्यायाम करे, सुबह-शाम दौड़ लगाए। कार्यक्रम में सूरज मीना, रेनू सिंह, मुकुल बंसल, जीतेंद्र शर्मा, और भावना पारीक को मैडल और ट्रॉफी प्रदान करके सम्मानित किया। इस उपलक्ष पर राजेश दुरेजा, मनोज सोनी, नमित शर्मा, साधना आर्य, किरणजीत, प्रवीण तिजारिया, अभिलाषा हवेर और संदीप राव उपस्थित रहे।

### सऊदी अरब से डिपोर्ट हुआ सोना तस्कर

जयपुर। सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) के ग्लोबल ऑपरेशन्स सेंटर ने सोना तस्करी के मामले में वांटेड शौकत अली को सऊदी अरब से डिपोर्ट करवाया है। आरोपी को बुधवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर लाया गया, जहां से उसे एनआईए ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एनआईए ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया था। एनआईए के पत्र पर सीबीआई ने इंटरपोल जनरल सेक्रेटेरिएट से आरोपी के खिलाफ 13 सितम्बर 2021 रेड नोटिस जारी करवाया था। पूर्व में इंटरपोल के माध्यम से की गई कड़ी निगरानी पर उसके सऊदी अरब में होने का पता चला था। आरोपी शौकत एनआईए के वर्ष 2020 के एक मामले में अभियोजन के लिए वांछित था। जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 3 जुलाई 2020 तस्करी की गई सोने की ईंटों के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 22 सितम्बर 2020 को मामला दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि शौकत अली सऊदी अरब से भारत में सोने की ईंटों की तस्करी में लिप्त था।

### फुटपाथ पर सो रही बच्ची से छेड़छाड़

**जयपुर** । जवाहर सर्किल थाना इलाके में अज्ञात युवक ने फुटपाथ पर सो रही एक चौदह वर्षीय नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। नींद खुलने पर नाबालिग बेटी के परिजनों को उठाने के लिए आवाज लगाने पर आरोपी युवक भाग निकला। इस संबंध मे नाबालिग पीड़िता के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि जवाहर सर्किल में फुटपाथ पर रहने वाले व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि वह उसकी पत्नी और चौदह वर्षीय उसकी बेटी के साथ फुटपाथ पर रात काटता है। 2 अप्रैल की वह परिवार के साथ फुटपाथ पर सो रहा था। रात तीन बजे अज्ञात युवक ने सोते हुई उनकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की। नाबालिग बेटी की नींद खुलने पर उसने परिजनों को जगाने के लिए आवाज लगाई। पकड़े जाने के डर से आरोपी युवक वहां से भाग निकला। पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### तेज रफ्तार बस ने महिला को कुचला

**जयपुर** । एक तेज रफ्तार मिनी बस ने गुरुवार सुबह सड़क पार कर रही महिला को कुचल दिया। पुलिस के अनुसार मेंहदी कॉलोनी, भुसावर निवासी हेमलता (53) पत्नी सतीश गुरुवार सुबह गांव जाने के लिए नारायण सिंह सर्किल पहुंची थी। महिला अपने परिवार के साथ सुमेर नगर मानसरोवर में रहती है। करीब पौने दस बजे नारायण सिंह सर्किल पर सड़क पार करने के दौरान 29 नम्बर मिनी बस ने महिला को टक्कर मार दी। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मिनी बस को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### 12 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिफ्तार

**जयपुर** । कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने मोती डुंगरी इलाके में कार्रवाई करते हुए स्थाई वारन्टी अब्दुल रहमान निवासी ब्रहम्पुरी हाल जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित लगभग 12 साल से फरारी काट रहा था। इसी प्रकार आमेर थाना पुलिस ने 5 साल से 3 प्रकरणों में फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया गिरफ्तार आरोपित सुरेश चंद शर्मा कोठ्यारी भवन, मेहंदी का बास, आमेर का रहने वाला है, जिसे मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

### तीन शराब सप्लायर गिरफ्तार

**जयपुर** । कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने तीन शराब सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया सीएसटी ने जवाहर नगर, बस्सी एवं बगरू थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय सिंह निवासी गोविन्दपुरी दिल्ली हाल बस्सी, रामकेश मीणा निवासी जमवारामगढ़ और बुद्धि प्रकाश निवासी बगरू को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध देशी शराब के 308 पव्वे, अंग्रेजी शराब के 27 पव्वे, 10 लीटर हथकढ़ शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन बरामद किया है। इसी प्रकार जवाहर नगर थाना पुलिस ने एक शराब विक्रेता को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (ईस्ट) कावेंद्र सिंह सागर ने बताया गिरफ्तार आरोपित यासीन मुनीम (40) टीला नंबर-1, आजाद नगर, ट्रांसपोर्ट नगर का रहने वाला है। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर सत्य साई कॉलेज के पास से पकड़ा है, जिसके कब्जे से 192 पव्वे देशी शराब सहित बिना नंबरी स्कूटी बरामद की गई है।

### 20 हजार रु. का इनामी बदमाश दबोचा

**जयपुर** । मानसरोवर थाना पुलिस ने 20 हजार रूपए के इनामी बदमाश को मनोहरपुर टोल प्लाजा के पास से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया गिरफ्तार आरोपित दिलखुश मीणा उर्फ़ लक्की मोरपा उर्फ़ डिल्लु (24) गांव मोरपा थाना बाटोदा जिला गंगापुर सिटी का रहने वाला है, जोकि सपोटरा थाने में दर्ज जानलेवा हमला प्रकरण में वांछित है। आरोपी के ऊपर 20 हजार रूपए का इनाम घोषित है, जिसे मुखबिर की सूचना पर मनोहरपुर टोल प्लाजा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ विभिन थानों में आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में भाई पर कुल्हाडी से हमला

- **घायल युवक का कांवटिया अस्पताल में उपचार जारी**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । विश्वकर्मा इलाके में एक युवक ने रिश्ते में लगने वाले भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घायल युवक को कांवटिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि आरोपित ने पत्नी से अवैध संबंध के शक पर पीडित युवक से झगड़ा कर सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर लहूलुहान किया है। पुलिस घायल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि औरंगाबाद ( उत्तर प्रदेश ) निवासी इक्कीस वर्षीय युवक विश्वकर्मा शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है कि वह रोड नंबर-17 पर किराए पर रहकर फैक्ट्री में काम करता है। घायल व्यक्ति फैक्ट्री से काम कर घर लौटा था। घर में घुसने के दौरान ही आरोपित रिश्तेदार भाई अजय ने कुल्हाड़ी से सिर पर वार किया। बचाव करने पर चेहरे के बाएं हिस्से पर कुल्हाड़ी से चोट लगने पर खून निकलने लगा। लोगों को इकट्ठा होते देखकर हमलावर रिश्तेदार फरार हो गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से लहूलुहान हालत में उसे कांवटिया अस्पताल में भर्ती करवाया। अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज के दौरान पर्चा बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपित रिश्तेदार भाई अजय के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित रिश्तेदार उससे रंजिश रखता है।

उसे शक है कि उसकी पत्नी से उसके अवैध संबंध है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। पुलिस पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# कोर्ट स्टे के बावजूद 56 बीघा भूमि की काश्तकारों के नाम 90-ए करने की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंची

- **वाटिका में सिंधु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति की 'राधा गोविंद फॉर्मस्' योजना का मामला**
- **पीड़ित आवंटियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर जे.डी.ए. के अधिकारियों की शिकायत की और 90-ए की कार्यवाही रद्द करवाने की मांग उठाई**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । सांगानेर स्थित वाटिका में कोर्ट स्टे के बावजूद जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा 56 बीघा जमीन पर काश्तकारों के नाम 90-ए करने की शिकायत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक पहुंच गई है। दरअसल इस भूमि पर सिंधु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति ने "राधा गोविन्द फार्मस्" योजना काटी थी। इस विवादित भूमि का मामला अदालत में चल रहा है, इसके बावजूद जेडीए के अधिकारियों ने गत वर्ष काश्तकारों के नाम 90-ए कर दी। गत 2 अप्रैल 2024 को इस जमीन का नक्शा पास करने की तैयारी थी, लेकिन ऐन वक्त पर मामला अटक गया।

'राधा गोविंद फॉर्मस्' योजना के आवंटियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उनकी जमीन बिल्डर और भू-माफियाओं से बचाने की गुहार की है। योजना के सदस्यों का कहना है कि जयपुर के एक बड़े बिल्डर ग्रुप के दबाव में आकर जेडीए के जोन-14 के तत्कालीन उपायुक्त ने उनकी जमीन की 90-ए काश्तकारों के नाम कर दी। इस जमीन पर यह बिल्डर ग्रुप अपनी स्कीम के नक्शे पास करना चाहता है, जबकि इस जमीन आवंटी पिछले 20 साल से काबिज है। उन्होंने इसके लिए न्यायालय से स्टे भी ले रखा है।

ज्ञापन में बताया गया है कि बिल्डर सांठगांठ कर आवंटी प्रार्थीगण को बेदखल करने पर आमादा है। वर्ष 1994 की इस योजना की 56 बीघा जमीन की कीमत अब करोड़ों में होने के बाद अब काश्तकार उनको बेदखल करने पर आमादा है। इसके लिए उन्होंने जेडीए में सांठगांठ कर 90-ए भी करा ली है। इस संबंध में सिन्धु नगर कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड ने काश्तकारों के विरूद्ध 007/2010 पुलिस थाना सांगानेर सदर में एफआईआर भी दर्ज कराई थी। जांच अधिकारी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया जो कि अति गुख्य महानगर मजिस्ट्रेट सं. 18 जगपुर महानगर प्रथम में लंबित है। प्रकरण में आगामी सुनवाई 18 अप्रैल को निर्धारित है। स बीच मामला न्यायालय में विचाराधीन रहने के बाद भी जेडीए जोन 14 के तत्कालीन तहसीलदार, और जोन उपायुक्त ने 90-ए कर दी। ऐसे में संबंधित दोषी अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जेडीए जोन 14 से सांगानेर के तहसीलदार को जेडीए के पक्ष में खोले गए म्यूटेशन को निरस्त कराया जाए। इस मामले में प्रार्थियों ने भी न्यायालय, सिविल न्यायाधीश, क्रम-18, सांगानेर, से स्टे ले रखा है जो आज भी प्रभावी है।

योजना के आवंटियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बिल्डर के दबाव में जोन-14 से सूचना के अधिकार के तहत उन्हें पत्रावली भी नहीं दी जा रही है, जबकि राधा गोविन्द फार्मस के नाम से उनकी खुद की स्कीम है जिस पर वे सालों से काबिज है। आवेदित दस्तावेज गोपनीय न होकर सार्वजनिक है। अगर इन दस्तावेजों को गोपनीय माना जा रहा है तो प्रार्थीगण को उनके हक की लडाई से रोकने के लिए काश्तकार, बिल्डर व जेडीए जोन 14 के अधिकारी और कर्मचारी हैरान परेशान करने के लिए है।

## हैड कांस्टेबल की वर्दी फाड़ी

**जयपुर** । मालवीय नगर थाना इलाके में कार चालक द्वारा पुलिस हेड कांस्टेबल को थप्पड़ मार वर्दी फाड़ने का मामला सामने आया है। इस संबंध में हेड कांस्टेबल ने थाने में कार चालक के खिलाफ मारपीट और राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

जांच अधिकारी एएसआई गिर्राज प्रसाद ने बताया कि हेड कांस्टेबल दुर्जन सिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि 3 अप्रैल की सुबह वह हनुमान तिराहे पर ड्यूटी दे रहा था। इस दौरान अचानक ट्रैफिक लोड बढ़ने पर बत्ती कर ट्रैफिक मैनुअली चलाने लगा। इस दौरान एक कार जगतपुरा से अपेक्स सर्किल की तरफ जा रही थी। चालक को रोकना चाहा तो वाहन को आगे लेकर चला गया। इसके बाद हेड कांस्टेबल पीछे वाले वाहन को रोककर अपेक्स सर्किल वाला ट्रैफिक चलाने लगा। उसी दौरान कार चालक पीछे से आकर थप्पड़ मार उसकी वर्दी भी फाड़ दी। इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मी नरेश ने चालक प्रकाश को रोककर गाडी साइड में दबाने को कहा। आरोपित ने वाहन साइड में नहीं लिया और मौके से भाग गया।

# मेरे भाई मोहनलाल के हत्यारे क्षितिज के परिवार को बचाना चाह रही है पुलिस : कामिनी सिंधी

## पुलिस का कहना है कि " आरोपी क्षितिज को गिरफ्तार कर लिया है, उसके व मृतक के बीच विवाद की जानकारी ली जा रही है। क्षितिज के परिवार की संलिप्तता मिलती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे"

- **करणी विहार क्षेत्र में गाली-गलौच से गुस्साएं इंस्पेक्टर के बेटे क्षितिज ने क्रिकेट बैट से पीट-पीटकर की थी युवक मोहनलाल की हत्या**

**जयपुर** । करणी विहार इलाके में युवक की बल्ले से पीट-पीट कर हत्या के मामले में कमिश्नरेट पुलिस आरोपी के परिवार को बचा रही है। आरोपी के पिता सीआई है और मुख्यमंत्री के यहां पर तैनात है। युवक को बल्ले से मारने और उसके अस्पताल ले जाने के दौरान हर घटनाक्रम में आरोपी क्षितिज का परिवार के सदस्यों ने साथ दिया, लेकिन पुलिस उन पर कार्रवाई करने से बच रही है। पुलिस ने भले ही क्षितिज को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन उसके अलावा किसी को सह आरोपी नहीं बनाया। पुलिस पर यह आरोप मृतक मोहनलाल की बड़ी बहन कामिनी सिंधी ने लगाए हैं।

कामिनी का आरोप है कि पुलिस ने मामले को दबाने की पूरी कोशिश की है। मेरे भाई की हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। उसमें सीआई पिता के सामने ही बेटे ने बल्ले से मारकर मेरे भाई मोहन की हत्या कर दी। परिवार ने भी हत्यारे का सपोर्ट किया। हत्यारे के माता-पिता के साथ बहन-भाई ने भी शव को ठिकाने लगाने के लिए गाड़ी में डालकर सहयोग किया। बताया जा रहा है कि मोहन मंगलवार रात करीब 9:30 बजे घर से महज 400 मीटर दूर पार्क में घूमने गया था। स्कूटी घर में पार्क करने के लिए आने के दौरान क्षितिज से उसकी कहासुनी हो गई। इसके बाद क्षितिज ने गुस्से में बैट से मोहन पर हमला कर दिया।

वहीं दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि हत्या के मामले में आरोपी क्षितिज को गिरफ्तार कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। क्षितिज और मृतक के बीच क्या विवाद रहा, इसकी जानकारी ली जा रही है। क्षितिज के परिवार की इस मामले में संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे प्रकरण के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। विशेष बात यह है कि इस घटना के बाद मृतक की बहन उसे ढूंढते हुए इंस्पेक्टर के घर पहुंची थी। यहां पर आरोपी के पिता ने उसे धमकाया। वहीं सीआई की पत्नी ने पीड़िता को कहा कि अस्पताल में जाकर भाई को ढूंढ लो। आगरा (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली कामिनी सिंधी (62) ने हत्या का मामला दर्ज करवाया है। जो फिलहाल जयपुर के जगदंबा नगर में रहती हैं। मृतक शादीशुदा नहीं था। उसकी तीन बहनें है। तीनों की शादी हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि मृतक मोहन लाल सिंधी (35) पुत्र मुन्ना लाल पिछले करीब 10 साल से जगदंबा नगर करणी विहार में अपनी मां और छोटी बहन के साथ रह रहा था। उसकी बड़ी बहन कामिनी पति की मौत होने के बाद से मोहन लाल के घर के पास ही रहती है। मोहन दशहरा मैदान में सब्जी का ठेला लगाता था। खास बात यह है कि मृतका के परिवारजनों को घटना का पता अगले दिन लगा था। मृतक की बहन कॉलोनी में दूध लेने गई थी। तो मोहन के साथ मारपीट करने और उसे गाड़ी में डालकर ले जाने की जानकारी मिली थी।

## बाइक चुराने वाले दो बदमाश दबोचे

**जयपुर** । मानसरोवर पुलिस ने बाइक चुराने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने चार अन्य वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है।

डीसीपी (साउथ) दिगंत आनंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुकेश उर्फ हरकेश मीणा और राजूलाल मीणा कटेवा नगर श्यामनगर का रहने वाला है। एसीपी संजय शर्मा ने बताया कि मुकेश प्रजापत ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया था कि 29 मार्च को नारायण विहार शराब के ठेके के पास से उसकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग चैक कर दो लड़कों को चिन्हित कर लिया। 4 अप्रेल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो जने आतिश मार्केट में किसी काम से आए हुए है। इस पर पुलिस ने तलाश कर आरोपी राजूलाल और मुकेश को गिरप्तार कर लिया। थानाप्रभारी राजेन्द्र कुमार गोदारा ने बताया कि आरोपी दिन और रात के समय लावारिस खड़ी बाइक को टारगेट कर मास्टर चाबी से लॉक तोड़कर बाइक को चोरी कर ले जाते और औने पौने दामों में बेच देते थे।

# जे.डी.ए. में 50 फीसदी तक कम दरों पर हो रहे सड़कों के टैंडर

## खास बात यह है कि रोड रिपेयर, पेच वर्क और डामरीकरण के काम अधूरे होने के बावजूद भुगतान पूरे उठ रहे

- **निदेशक इंजीनियरिंग से लेकर जोन के अधिशाषी अभियंताओं ने ठेकेदारों की मनमानी पर आंखें मूंदी**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण में सड़क बनाने वाले ठेकेदारों ने अंधेरगर्दी मचा रखी है। सड़क निर्माण से लेकर रोड कट रिपेयरिंग, पेचवर्क और डामरीकरण के काम के टैंडर इन दिनों 30 से 50 प्रतिशत तक कम दरों पर लिए जा रहे हैं, ऐसे में इन कामों की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगना भी जायज है।

तमाम शिकायतों के बावजूद निदेशक इंजीनियरिंग से लेकर जोन के जिम्मेदार अधिशाषी अभियंता इन घटिया कामों पर सख्त कार्रवाई करने के बजाय ठेकेदारों पर मेहरबानी दिखाने में लगे है। इस कारण रोड रिपेयर, पेच वर्क और डामरीकरण के काम आधे-अधूरे होने के बावजूद भी ठेकेदारों को पूरा भुगतान करके उपकृत किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो जोन-12 में पुराने पेचवर्क और रोड रिपेयरिंग के काम अभी तक पूरे नहीं हुए, इसके बावजूद हाल ही में पुन: टैंडर लगा दिए गए हैं। खास बात है कि यह टैंडर भी लागत से जे.डी.ए. की बी.एस.आर. दर से 31 फीसदी कम दर पर गौरी गणेश फर्म को छूटा है।

इस जोन में डबल ए क्लास फर्म ने भी 29 फीसदी कम दर पर टैंडर डाला था, हालांकि यह काम लेने में गौरी गणेश ने इससे भी कम दर लेकर उसे पीछे छोड़ दिया। इसी तरह जोन 5 में भी कार्तिका कंस्ट्रक्शन ने 27 फीसदी से कम दर पर सड़क रिपेयरिंग के काम का ठेका लिया और बाद में सीकर रोड, अंबाबाड़ी और विद्याधर नगर क्षेत्र में पेचवर्क के नाम पर जो रिपेयरिंग की, वह एक सप्ताह में ही उखड़ गई। सड़क पर कंक्रीट और रोडी बिखरने से दुपहिया वाहन चालक आये दिन फिसल रहे है।

सूत्रों की मानें तो सड़क निर्माण और मरम्मत के ठेके 30 प्रतिशत तक कम दरों पर लेने वाले इन ठेकेदारों के कुल खर्च की हिसाब करें तो यह लागत का करीब 50 प्रतिशत तक पहुंचता है। क्योंकि 27 से 32 फीसदी कम दरों पर काम लेने के बाद ठेकेदार के खुद के 10 से 15 फीसदी तक के खर्चे शामिल होंते हैं। इसमें मजदूरी व उपकरण के खर्च शामिल है। 18 प्रतिशत जीएसटी भी इस लागत में जोड दी जाए तो यह लागत 50 फीसदी से भी अधिक पहुंच जाती है। ऐसे में ठेकेदार फर्में घटिया काम करती है या फिर मामूली काम दिखा कर बिल उठा लेती है। इसके बावजूद निदेशक इंजीनियरिंग से लेकर जोन के अधिशाषी अभियंता इन गड़बड़ियों पर चुप्पी साधे बैठे है। अगर जोन-12 की बात करें तो भांकरोटा, बासडी, मुकुंदपुरा रोड पर बड़े-बड़े खड्डे हो गए है, इनका पेच वर्क का काम पूरा भी नहीं हुआ कि अधिकारियों ने गुपचुप ही अब नया टैंडर डाल दिया। सड़क में सैकड़ों की तादाद में बने गड्ढे आए दिन हादसों को न्यौता दे रहे है। जेडीए की ओर से करवाए गए टैंडर में, जो सड़क की मोटाई या थिकनेस दी जाती है, वह धरातल पर कहीं नजर नहीं आती। वर्क आर्डर और जी-शेड्यूल के मुताबिक काम नहीं होने के बावजूद अधिकारी इन ठेकेदारों पर एक्शन नहीं ले रहे है। सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों जोन-12 क्षेत्र की सड़कों पर खड्ढ़े होने की शिकायत स्थानीय लोगों ने सीएम पोर्टल पर की गई तो अधिकारियों ने पोर्टल पर भी गलत जानकारी अपलोड कर दी। अधिकारियों ने खुद को बचाने के लिए बिना खड्डे भरे ही जानकारी दे दी थी कि खड्डे भर दिए गए हैं। इस मामले में उच्चाधिकारियों ने जोन के इंजीनियर्स की खिंचाई भी की थी। सड़क के रोड कट व रिन्यूवल की अगर धरातल पर जांच करवाई जाए तो हकीकत कुछ और ही निकाल कर आएगी।




## International Day of Conscience

Imagine a world illuminated by the light of *conscience*, where every thought and action aligns with peace, love, and understanding. It's a day when we commit to a culture of peace, cultivated through love and conscience. On April 5th, we celebrate the *International Day of Conscience*. This isn't just any ordinary day. It's a global call to awaken the deepest part of our humanity, to listen to that 'soft voice within' that knows 'right' from 'wrong.' It is letting that voice guide us in creating a world, brimming with solidarity and harmony.

#SCIENCE

# Moon To Get Its Own Time Standard

Ever wondered what time it is on the moon? Soon, there will be an answer to that question.






The White House on Tuesday directed NASA to establish the first-ever unified 'standard of time' for the moon and other celestial bodies by the end of 2026, as part of a push by the U.S. to set international norms in space. The prospect of a *lunar time-zone* comes as the U.S. and private companies are rushing to send astronauts to the moon in the coming years, some hoping to deliver internet services to the lunar surface and expand exploration efforts.

A memo from Arati Prabhakar, head of the U.S. Office of Science and Technology Policy (OSTP), confirms that NASA will work with other parts of the U.S. government to devise a plan for a *Coordinated Lunar Time* (LTC), a standard time reference for lunar spacecraft and satellites that requires precise timing for their missions.

"U.S. leadership in defining a suitable standard, one that achieves the accuracy and resilience required for operating in the challenging lunar environment, will benefit all spacefaring nations," the memo said.

OSTP Deputy Director for National Security, Steve Welby, said in a statement that the White House is aiming to establish celestial time standards "for safety and accuracy" as NASA, private companies and international space agencies prepare to launch missions to the moon and other celestial bodies such as Mars.

"A consistent definition of 'time' among operators in space is critical to successful space situational awareness capabilities, navigation, and communications," says Welby, "all of which are foundational to enable interoperability across the U.S. government and with international partners."

Currently, time on Earth and at the International Space Station, which is in low orbit, are tracked by atomic clocks under *Coordinated Universal Time* (UTC), the international basis of civil and scientific time. But the time zone in space is not quite the same as on Earth due to differences in gravity and other factors. Time on the moon moves 58.7 microseconds, or millionths of a second, faster each day, than on Earth, according to the White House memo.


The last crewed mission to the moon took place more than 50 years ago, in December 1972, when *Apollo 17* astronauts touched the lunar surface more than 400 miles away from the Earth. Budget constraints and technological challenges have since hindered subsequent crewed missions to the moon, but NASA is planning to send astronauts to the moon, once again, in September 2026 under its *Artemis program*, which aims to land the first woman and person of colour on the moon and help prepare for future human expeditions to Mars.

NASA is not the only government agency working to devise a universal timekeeping system for the moon. The *European Space Agency* has also been developing a lunar time zone, to help aid future lunar explorations. "Establishing a new lunar time zone will require international agreements," the memo says, "through existing standards bodies and among the 36 nations participating in the *Artemis Accords*, which outlines guidelines for activities in space and on the moon."



# FOR RANDHIR MANDAWA

By virtue of knowing Randhir so well, and going to *Mandawa house* so often, I became close to the other members of the Mandawa family as well. I remember accompanying his late father Thakur Devi Singh to Jodhpur, for attending an INTACH meeting, convened by Maharaja Gaj Singh at *Umaid Bhawan*. Randhir's younger brother, Pradyuman, was also a good friend and we were continually in touch. His elder brother, Kesari Singh, invited me for the wedding of both his daughters to Mandawa. I was always on his guest list for any of the generous bashes that he hosted.




Randhir Vikram Singh Mandawa.

#A TRIBUTE



Jagdeep Singh



With Randhir.

Ideally a tribute, an *obituary* should be written within a few days of one's passing away. It has taken me almost two months to get over the utter shock of the untimely demise of *Randhir Vikram Singh Mandawa*.

A question, which the schoolgirls often want to ask among themselves, 'Who is your best friend?' If I had been asked the same, I would have replied *Randhir Mandawa*, without batting an eyelid, which is why the shock. I can categorically state that Randhir was my go-to person for any piece of advice or a solution to a problem. He was always 'accessible.'

Randhir had been a friend of mine since way back in January of 1963, when I joined Mayo College in the fourth standard. A year junior to me, we became good friends, right from the beginning. In the Junior School, he was taller than most of us and he then had a nickname called '*Oonth*' (Camel). Later, some of us called him '*Randy*' in school.

During the rest of the seven years I was in school, our friendship only strengthened. A good athlete, he was always smartly turned out, be in his *Jodhpurs*, *blazers* or the *Sunday safa*. His shoes were always polished and his stockings were always pulled up. A good painter and a sculptor, a statue that he co-sculpted, of *Guru Nanak* in Mayo, stands as a testament to his incredible sculpting and creative skills.



With Randhir at the launch of my book at Mayo.



For college, Randhir had gone to the M.S. University in Vadodara for doing his Fine Arts. During the vacations, in Jaipur, we would gallivant on his *Vespa* scooter and later on a mobike. I lost touch with him when I left Jaipur.

I re-established contact with him once again, when I came back to Jaipur at the end of 1978. He was then married. I went along with Randhir and his wife Manjul, in their *brown fiat* for the mandatory Sunday morning English movie, followed by coffee at the then *Kwality's* on MI Road. I also went, along with them, calling on some of our common friends. Sunday evenings used to be *Doordarshan Hindi movie time*, which Manjul would never miss. For Randhir and I, it was the boys' out evening, when we caught up with our friends over drinks and backslapping camaraderie.

When I launched my weekly newspaper, *Rajasthan Echo*, he had no compunction for going with me, for soliciting advertisements for my newspaper. He was always available to assist. We would meet often and I would often hitch a ride with him for any late-night party since I didn't have a four-wheeler, then. By virtue of knowing Randhir so well, and going to *Mandawa house* so often, I became close to other members of the Mandawa family as well. I remember accompanying his late father Thakur Devi Singh to Jodhpur, for attending an INTACH meeting, convened by Maharaja Gaj Singh at *Umaid Bhawan*. Randhir's younger brother, Pradyuman, was also a good friend and we were continually in touch. His elder brother, Kesari Singh, invited me for the wedding of both his daughters, to Mandawa. I was always on his guest list for any of the generous bashes that he hosted.

> When I told him that I wanted to do the launch of my poetry anthology in Mayo, he immediately coordinated with the Principal and the President of the OBS and had it organised impeccably. While I was away to Jakarta for three years, I had invited all my friends to drop in to Indonesia. No one could make it. However, Randhir made it a point to specially come to Jakarta and spent a week with me.

In 1994, when Randhir won a close electoral contest to become the member of the Mayo College Governing Board, I had organised a couple of vehicles, with our friends, to go and vote for him in Ajmer. After getting into the Board, he too made sure to project me prominently in all forums. Not surprising that I became the President of the Mayo College Alumni Association at Jaipur and did stints, both as the Secretary of Mayo College Old Boys' Society and as the member of the Governing Board. From 1994 onwards, he remained in the Governing Board and served in various committees. His contribution to Mayo College, in the past three decades, is nothing short of phenomenal. It was amazing as to how he could take time out for so many different fora that he was active in. He had become a master of multi-tasking. When Gods, in all their wisdom, decided to take him away, he was at the peak of his prowess. Apart from being the Chairman of the Mayo College, he was also the President of FICCI Rajasthan and the President of Indian Heritage Hotels Association. He was also the past President of the Federation of Hospitality and Tourism in Rajasthan (FHTR). All these organisations still cannot get over the huge loss to their fraternity.



With Randhir and Manjul at Fort Tijara.

Randhir believed in living a very disciplined life, never more than two pegs of *whisky* at a party, never missing his morning '*puja*' or his evening walk, never having a drink during the day. Great hosts, Randhir and Manjul threw great parties, either at their residence or *Mandawa Haveli*. I attended the wedding of both their daughters, Rohini and Niyati, at Mandawa.

A great fun person, Randhir could be the very life of a party. He loved banter and joshing. He also believed in the maxim, God is in details. Whenever he planned any event for IHHA or FICCI, he would go to the minutest details. He never hesitated to drop in my office to plan press publicity and PR campaign for any event.

When I told him that I wanted to do the launch of my poetry anthology in Mayo, he immediately coordinated with the Principal and the President of the OBS and had it organised impeccably. While I was away to Jakarta for three years, I had invited all my friends to drop in to Indonesia. No one could make it. However, Randhir made it a point to specially come to Jakarta and spent a week with me.

The last time that I met him was on 11 January for a Board Meeting at a Mayo Franchise school at Sitapura in Jaipur. Since I did not have my driver, I said that I would take lift back from him. He too did not have a driver that day and drove all the way from Sitapura to my residence. I was surprised that on the way back, he checked up on everyone from my son, my daughter, my son-in-law and my wife, Pinky. A week later, I got to know that he had been operated upon for an aggressive, malignant brain tumour. He returned home post-surgery, though, it later led to complications for him, to pass away on 26 January. His passing away sent a shock wave in the city. The Times of India aptly wrote in its obituary that a 'Heritage Tourism Icon' had passed away.

It is easy to say that time is a great healer, but to quote a line from one of my poems, "*Death doesn't die easily*."

My condolences to his immediate family: Manjul, Rohini, Niyati, Siddharth and Suryaveer.

#EXTRA-TERRESTRIAL

# Have We Already Found 'Alien' Life?

Multiple pieces of evidence exist that we may someday recognize as the first glimmer of fact that we are not 'alone.'

Exciting rumours have been swirling in the halls of *astrobiology*. The James Webb Space Telescope, which has been scrutinizing the cosmos in unprecedented detail, since its deployment in 2022, has been on a tear lately, and folks in the know say that it might finally have detected 'life beyond Earth.' That's the buzz, anyway. Says astrophysicist Rebecca Smethurst, "I think we are going to get a paper that has strong evidence for a *biosignature on an exoplanet*, very, very soon."

In other words, Awesome! But also, Calm down. "Strong evidence for a biosignature" is a long way from proof of life on other planets. A *biosignature* is basically a signal that's consistent with life but that may also be produced by something else. It's intriguing but not incontrovertible evidence. And given the many uncertainties surrounding a discipline, still in its infancy, the public should not get its hopes up. "So many people want this to be the year. There will definitely be claims," says Sara Seager, an MIT professor of astrophysics. "There won't be any robust findings."

One reason it's hard to pin down unequivocal evidence of life is that we don't really know what life is. Here on Earth, biology involves DNA and carbohydrates and requires liquid water, but the chemistry could be different in other worlds. Maybe, life could use liquid methane instead of water, or silicon instead of carbon. So, in its most fundamental formulation, what is life all about, and how do we know what to look for?

One idea is that life must always exist far from chemical equilibrium. Earth's atmosphere, for instance, contains both oxygen and methane. Left on their own, these molecules would react to form carbon dioxide and water, and in time, the oxygen and methane would vanish. "The only reason they are present and co-exist is that they keep being replenished by some process," says NASA astrobiologist Marc Neveu. "In our case, it turns out to be life."

So, if you were looking at Earth from far away, the presence of methane and oxygen 'together' would be a clue that life is operating here. But it wouldn't be proof because these gases can be generated by non-biological causes.

Just because you can't prove your evidence is incontrovertible, however, doesn't mean your conclusion is wrong. By that measure, we might already have found 'alien' life. That is to say, multiple pieces of evidence exist that we may someday recognize as the first glimmer of fact that we are not 'alone.'



### 2004: Life on Mars

In December 2004, scientists reported that a spectrometer aboard the European Space Agency's *Mars Express orbiter* had measured a tiny but detectable quantity of methane gas in the Red Planet's atmosphere. That same year, astronomers using ground-based telescopes, reported that they too had found signs of methane. On Earth, the gas is produced mostly by living things (including, famously, cow farts) but can also be produced as a result of seismic activity. "It's widely thought that there are underground streams of liquid water," says Neveu. "It's certainly possible that there are microbes in this environment."


### 2023: Life on Europa

Jupiter and Saturn, the largest planets, are too cold and too far from the Sun, to harbour life as we currently know it. But several of their icy moons are believed to harbour oceans below their frozen surface. Kept warm by tidal forces, these oceans may be able to support life. Particularly interesting is Jupiter's moon *Europa*. Last year, the Webb telescope detected carbon dioxide within a geologically young area of the surface, suggesting it might have come from an ocean.


### 2023: Life Beyond the Solar System

Astronomers have long assumed that 'stars' outside our solar system have planets around them, but not until 1992 were the first ones discovered orbiting neutron stars. Now, we know of more than 5,000, but we've had no evidence of whether any harbour life. Then, last fall, a team of U.S. and U.K. astronomers released a preprint saying that they had detected methane, carbon dioxide, and maybe dimethyl sulfide, or DMS, around a star called *K2-18 b*, which lies 124 light-years away. On Earth, DMS is produced by living organisms.

It's an extremely tenuous finding, however. Exoplanets are so far away and so dim compared with the star they orbit, that even the mighty Webb can't image them, directly. Instead, it waits for the planet to pass in front of the star and then detects a change in the intensity of the light received, in this case, on the infrared part of the spectrum, just beyond the range of human perception. Seagar is skeptical, saying that what the authors took to be a sign of DMS is really just a misinterpretation of the data. "There's no signal," she maintains.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मकान के सामने लगी डी.पी. हटाने की मांग, विद्युत पोल पर चढ़ा युवक

## जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाइश कर नीचे उतारा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** सिस्टम इंप्रूवमेंट में लगी डीपी को उसे जगह से हटकर कुछ ही दूरी पर लगाने एवं डिमांड राशि जमा करने के बाद भी विद्युत कनेक्शन नहीं होने से नाराज युवक विद्युत पोल पर चढ़ गया। इसकी जानकारी मिलते ही थानाधिकारी नरपत सिंह बाना मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे युवक से समझाइश कर उसे नीचे उतारा। युवक का कहना था कि जिला कलेक्टर सहित विद्युत विभाग के अधिकारी एसी, एक्शन, अयन, जयन के पास कई मर्तबा अपनी फरियाद लेकर जा चुका हूं लेकिन मेरी कोई सुनने वाला नहीं है। परेशान होकर मुझे यह रास्ता अपनाना पड़ा। फिलहाल पुलिस युवक को थाने ले गई।



थानाधिकारी नरपत सिंह बाना मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और युवक को समझाइश कर नीचे उतारा।

जानकारी के अनुसार दिनेश रेगर ने कुछ दिनों पूर्व में प्रेस नोट जारी कर आरोप लगाया कि व्यवसायिक दुकानें 148 अभियंता जहाजपुर में पेश किया। जिस पर अभियंता द्वारा मौके का निरीक्षण कर डिमांड राशि निकाली उक्त डिमांड राशि हमने 7 दिसंबर 2023 को अजमेर विद्यवत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय जहाजपुर में जमा कराई जिसकी फोटो प्रति प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत है। डिमांड राशि जमा होने के 4 माह उपरांत भी सहायक अभियंता जहाजपुर ने हमारे विद्युत कनेक्शन नहीं किया है। हम प्रार्थी करीब 20-30 बार सहायक अभियंता कार्यालय जहाजपुर में गए तो सहायक अभियंता बार-बार हमें टालमटोल कर रहा है।

वर्तमान में जहां ट्रांसफार्मर लगी हुई है वह जगह सरकारी जमीन 148 की भूमि पर लगी हुई है। उक्त डीपी में अन्य व्यक्ति के कनेक्शन हो रहा हैं एवं विद्युत की सप्लाई चालू है। हमारे ऊपर हमारे मकान व दुकानों के नजदीक डीपी लगाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर आप लोगों के नजदीक लगवाये तभी आपको कनेक्शन दिया जाएगा। यह दबाव हमारे पड़ोसी उदय लाल मीणा से संभवत: पैसे लेकर बिजली विभाग के कर्मचारी सहायक अभियंता दिनेश मीणा द्वारा हमारे ऊपर दबाव बनाया जा रहा है कि यह ट्रांसफार्मर इनके नजदीक लगाये तभी इनको कनेक्शन दे वरना कनेक्शन नहीं दें। रास्ते का विवाद बताकर हमारे कनेक्शन नहीं कर रहे हैं जबकि हमारे कनेक्शन में रस्ते का कोई विवाद नहीं है।

आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर पहले से ही सरकारी भूमी पर लगा है। जब उदयलाल मीणा को विद्युत कनेक्शन दिया था तब रस्ते को कोई विवाद नहीं था। उसके सहमति से लगाई गई थी। उदय लाल मीणा जो की मेरा पड़ोसी है और उसको टीन केबिन में 1 साल से कनेक्शन दे रखा है। जबकि हमारा पक्का निर्मित दुकानों में कनेक्शन नहीं दे रहे हैं। मनीष कुमार हमारे विद्युत कनेक्शन के लिए मीटर व वायर लाइनमेन को नहीं दे रहा है। बिजली विभाग कर्मचारी मनीष कुमार और लाइनमेन भवर सिंह हाड़ा जो की वर्तमान में बाबू का काम कर रहा है। दोनों ने संभवत उदय लाल से मोटी रकम लेकर सिस्टम इंप्रूमेंट के नाम पर लगा कर विधुत कनेक्शन दे रखा है। उक्त डीपी को जहाजपुर निगम विभाग के कर्मचारियों ने कॉलोनी में विद्युत सप्लाई कम होने के कारण बात कर डीपी लगा कर केवल उदयलाल मीणा को निजी फायदा देने के लिए लगाई हुई है। जब की मौके पर कोई कॉलोनी नहीं है केवल हम दोनों का व्यावसायिक भवन बना हुआ है।

आरोप लगाया कि जहाजपुर बिजली विभाग के कर्मचारी उक्त से केवल एक ही विद्युत कनेक्शन देकर निगम को गुमरहा कर लाखों रुपए का घपला किया है। वर्तमान जहाजपुर सहायक अभियंता दिनेश मीणा भी उदय लाल मीणा को सहयोग कर रहे हैं और अपने पद का नाजायज फायदा उठाकर जबरदस्ती को स्थानातरण करवाने के लिए उच्च अधिकारी अधिक्षण अभियंता शाहपुरा के लेख लिख स्थान्तरण के लिए गुमरहा कर रहे हैं। उदय लालजी मीणा व बिजली विभाग के कर्मचारियों की मिला भगत से हमारा कनेक्शन नहीं हो पा रहा है। भवन में नर्सिंग कोचिंग सेंटर चलता है जिसमें बहुत से बच्चों का आना जाना बना रहता है अगर डीपी हमारे नजदीक लगेगी तो बच्चों को करंट आने का खतरा बना रहेगा हमारे भवन के पास वैसे ही 33 एग्रीकल्चर लाइन की निकली हुई है।

# पिता के हत्यारे कलयुगी बेटे को आजीवन कारावास की सजा

## दो पुत्रों व एक पोते को तीन वर्ष की सजा से दंडित किया

**बून्दी** (निसं)। तीन वर्ष पुराने हिंडोली थाना क्षेत्र के हत्या के मामले में एडीजे क्रम एक की न्यायाधीश अचला आर्य ने हत्यारे बेटे ताराचंद को आजीवन कारावास व हत्या की घटना छुपाने के आरोप में दो पुत्रों व एक पोते को तीन वर्ष की सजा से दंडित किया।

■ **मामले में लोक अभियोजक ने 20 गवाह व 28 दस्तावेज पेश किए**

मामले के अनुसार खाटी आतरी थाना हिंडोली निवासी दीपक वर्मा ने 8 मार्च 2021 को थाना हिंडोली में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 मार्च को मेगा हाईवे 148 डी पर एक होटल पर उसके ताऊजी ताराचंद बैठे थे वहां पर उसके दादाजी नंदकिशोर आए और उन्होंने ताराचंद से कहा कि वह किस जमीन के कागज मांग रहा है तो इस पर क्रोधित होकर ताराचंद ने लाठी की उसके दादाजी नंदकिशोर के सर पर मार दी जिससे दादाजी वहीं गिर गए। फिर गिरे हुए दादाजी के ताराचंद ने और लकड़ी से वार किए मैंने बीच बचाव किया तो ताऊजी ताराचंद ने मेरे साथ भी लकड़ी से मारपीट की जिससे मेरे हाथ पर चोट आई।मैं जान बचाकर भागा ,वहां पर मेरी मां भी आ गई थी फिर दादाजी को लोग हिंडोली अस्पताल ले गए जहां से उनको बूंदी रेफर कर दिया। बूंदी में मेरे दादाजी की मौत हो गई। मेरे ताऊजी ताराचंद नशे के आदि थे तथा आए दिन घरवालों से मारपीट झगड़ा करते रहते थे। इस पर पुलिस ने अभियुक्त ताराचंद पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया और नंदकिशोर के अन्य पुत्र रामप्रसाद व किशन व ताराचंद के पुत्र मुकेश पर हत्या की घटना छुपाने व सबूत नष्ट करने का मुकदमा दर्ज कर चालान प्रस्तुत किया। मामले में लोक अभियोजक कैलाश चंद मीणा ने 20 गवाह व 28 दस्तावेज पेश किए। ताराचंद की ओर से कोई वकील नहीं होने पर विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उसे नफीसुर्रहमान एडवोकेट उपलब्ध कराया गया जिन्होंने उसकी ओर से पैरवी की।

न्यायालय ने बहस सुनने के पश्चात कलयुगी बैठे ताराचंद को हत्या के अपराध व मानवता के विरुद्ध इस अपराध का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 11000 रुपए जुर्माने से दंडित किया तथा अन्य पुत्र रामप्रसाद,किशन व पोते मुकेश को 3 साल की सजा व 5000 जुर्माने से दंडित किया।हत्या के बाद से ताराचंद जेल में ही बंद था तथा शेष लोग जमानत पर रिहा चल रहे थे।

# प्रदेश में होम वोटिंग के लिए रिकॉर्ड 76,636 पंजीकरण

## सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 58,954 बुजुर्ग और 17,682 दिव्यांग घर से मतदान करेंगे

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत होम वोटिंग के रिकॉर्ड पंजीकरण किए गए हैं। सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 76,636 पात्र मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। इसमें 58,954 बुजुर्ग और 17,682 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

■ **प्रथम चरण के लिये 36 हजार से अधिक फॉर्म स्वीकृत, मतदान आज से, द्वितीय चरण के लिये 40 हजार से अधिक पंजीकरण, मतदान 14 अप्रेल से**

गुप्ता ने बताया कि होम वोटिंग की सुविधा विकल्प के रूप में है। लोकसभा चुनाव के लिए होम वोटिंग की सुविधा ऐसे मतदाताओं को मिलती है, जो 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों हों या 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता श्रेणी के विशेष योग्यजन हों। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर होम वोटिंग की सुविधा के लिए योग्य मतदाताओं को इसके संबंध में जानकारी दी गई। इस सुविधा का चयन करने के लिए पात्र मतदाताओं ने फॉर्म 12-डी भरकर बीएलओ को दिया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि होम वोटिंग के तहत प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 5 अप्रैल से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी और 14 अप्रैल तक चलेगी। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा चरण 15 से 16 अप्रैल के बीच होगा। होम वोटिंग के लिए 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 36,558 पात्र मतदाताओं के फॉर्म स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 27,524 वरिष्ठ नागरिक और 9,306 दिव्यांग शामिल हैं। निर्वाचक अधिकारी द्वारा होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। साथ ही, होम वोटिंग के लिए विशेष मतदान दल गठित कर उनके प्रशिक्षण की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। ये विशेष दल राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों की मौजूदगी में पंजीकृत मतदाताओं के घर पहुंचकर पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करवाएंगे।

गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण में मतदान वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए पंजीकरण का कार्य पूरा हो गया है। इन क्षेत्रों में कुल 40 हजार से अधिक पात्र मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है। इसमें 31,511 वरिष्ठ नागरिक और 8,567 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचक अधिकारी होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को 8 अप्रैल तक उपलब्ध कराएंगें। विशेष मतदान दल गठित कर उनके प्रशिक्षण की सभी प्रक्रिया 13 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होकर 21 अप्रैल तक चलेगी। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा दौर 22 से 23 अप्रैल के बीच होगा।

गुप्ता ने बताया कि होम वोटिंग के प्रति लोकसभा आम चुनाव में राज्य विधानसभा चुनाव-2023 से भी ज्यादा उत्साह है। विधानसभा चुनाव के दौरान 61,628 पात्र मतदाताओं ने पंजीकरण कराया था। इस बार यह आंकड़ा 76 हजार के पार पहुंच गया है। होम वोटिंग के लिए राज्य विधानसभा चुनाव-2023 में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता पात्र थे। लोकसभा चुनाव के दौरान इसे बढ़ाकर 85 वर्ष किया गया है। पात्र मतदाताओं की संख्या पहले के मुकाबले कम होने के बावजूद भी होम वोटिंग के लिए अधिक रूझान निर्वाचन विभाग द्वारा 'कोई मतदाता न छूटे' के उद्देश्य के साथ किए गए प्रयासों का ही परिणाम है।

# दुष्कर्म पीड़िता की बाल कल्याण समिति से न्याय की गुहार

## रेप पीड़िता को स्कूल का माहौल खराब होने का दिखाया डर, बिना बताए स्कूल से काटा नाम

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में पीड़िता हवश के दरिंदों और निक्कमे स्कूल प्रशासन की शिकार हुई है, जहां पीड़िता को शिक्षिकाओं की सहानुभूति मिलनी चाहिए थी, वहीं उसे विद्यालय का नाम खराब होने का डर दिखाकर विद्यालय आने से मना कर दिया? विद्यालय प्रशासन ने इतना नहीं चार माह बाद पीड़िता को अनुपस्थित बताकर उसका विद्यालय से नाम तक काट दिया।

सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता छात्रा को स्कूल प्रशासन ने घटना के बाद स्कूल आने से न सिर्फ मना कर दिया, बल्कि बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिए उसको प्रवेश पत्र तक नहीं दिया। अपने साथ हुई इस दोहरी घटना से आहत पीड़िता ने बाल कल्याण समिति को इस संबंध में पत्र लिखा, इसके बाद घटना सामने आई है।

पीड़िता के साथ पिछले साल अक्टूबर महीने में सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी, जिसके बाद गेगल पुलिस थाने में मुकदमा भी दर्ज हो गया था, घटना के बाद पीड़िता जब स्कूल में नियमित अध्ययन के लिए पहुंची तो वहां टीचर्स ने उसे स्कूल आने से यह कहते हुए मना कर दिया कि उसके स्कूल आने से माहौल खराब होगा और बेहतर है कि वह स्कूल न आए और परीक्षा के समय उसे बुला लिया जाएगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अंजली शर्मा ने तुरंत प्रसंग ज्ञान लिया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर स्कूल प्रशासन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही पीड़ित छात्रा का शैक्षणिक सत्र खराब न हो इसके लिए भी कहा है। साथ ही पत्र की एक कॉपी जिला कलेक्टर को भी सौंपीं गई है, और इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से भी बाल कल्याण समिति बातचीत कर रही है और पीड़िता को विधिक मदद उपलब्ध करवाई जा रही है। हालांकि बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त हो गई है, लेकिन बाल कल्याण समिति प्रयास कर रही है कि बोर्ड की सप्लीमेंट्री परीक्षाओं के दौरान पीड़िता को बैठने की अनुमति मिल सके।

# मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 और बागीदौरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। गुप्ता ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि 17 अप्रैल को सायं 6 बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति अवधि 19 अप्रैल को सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। द्वितीय चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों और बागीदौरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए यह अवधि 24 अप्रैल सायं 6 बजे से मतदान समाप्ति अवधि 26 अप्रैल को सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगी।

गुप्ता ने बताया कि इन वाले 48 घंटों की कालावधि के दौरान निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा। चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा। कोई संगीत समारोह या कोई नाट्यय अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति यदि इन उपबंधों का उल्लंघन करता है तो दो वर्ष तक कारावास या जुर्माना या दोनों सजा होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया है कि कोई भी राजनैतिक व्यक्ति जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या अभ्यर्थी नहीं है अथवा सांसद या विधायक नहीं है, वह उस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के पश्चात् नहीं ठहर सकता।

# सोशल मीडिया पर राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग हो : प्रवीण गुप्ता

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के क्रम में निर्वाचन विभाग की ओर से सोशल मीडिया पर राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग रखी जाए। गुप्ता ने गुरुवार को जयपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश के सभी जिलों के जिला पुलिस अधीक्षक तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के जिला अधिकारियों (पीआरओ) एवं जयपुर और जोधपुर के पुलिस उपायुक्तों की वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) में अब तक की प्रगति की समीक्षा की।

पुलिस मुख्यालय से राजस्थान पुलिस के महानिरीक्षक, पुलिस, एससीआरबी शरत कविराज ने कहा कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी रखी जा रही है, साथ ही सोशल मीडिया पर फेक न्यूज एवं भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा एक्शन भी लिया जा रहा है। कविराज ने बताया कि राज्य स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी की अनुशंसा पर अब तक 7 भ्रामक एवं विवादास्पद पोस्ट हटाए गए हैं। कविराज ने बताया कि बालोतरा में सोशल मीडिया पर फेक न्यूज एवं भ्रामक जानकारी फैलाने वाले 1 व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

वीसी के दौरान कविराज ने जिलों के अधिकारियों से कहा कि सोशल मीडिया पर चुनावों से सम्बंधित किसी भी प्रकार की ऐसी असामान्य पोस्ट जो भारत निर्वाचन आयोग और निर्वाचन विभाग, राजस्थान द्वारा जारी गाइडलाइन के उल्लंघन कर रही हो, उसका त्वरित संज्ञान लेते हुए निर्धारित प्रक्रिया के तहत सम्बंधित स्तर पर रिपोर्ट करे, जिससे उस पर एक्शन लिया जा सके।

# लावारिस कार को पुलिस ने किया सीज

**सादुलपुर, (निस)।** कस्बा राजगढ़ के कुरेशी मार्केट के पास बीआरकेजीबी बैंक के सामने पांच दिनों से लावारिस हालात में खड़ी एक कार में राजगढ़ थाना पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत सीज करने की कार्यवाही की है।

गुरूवार को मिली जानकारी के अनुसार बीआरकेजीबी बैंक के सामने पांच रोज से एक कार के खडे रहने की सूचना राजगढ़ थाना पुलिस को मिली। जिस पर राजगढ़ थाने के पप्पुराम उपनिरीक्षक, महेन्द्र सिंह कास्टेबल, सतवीर चालक कास्टेबल सहित मौके पर पहुंचे तो उन्हे बीआरकेजी बैंक के सामने लावारिस हालात में कार खडी मिली, तथा कार बिना लॉक के खडी मिली। जिस पर पप्पुराम उपनिरीक्षक ने आसपास के लोगों से जानकारी ली, मगर कार के संबन्ध में कोई जानकारी नहीं मिली। जिस पर उन्होंने क्रेन बुलाकर मौके से लावारिस खडी कार को एमवी एक्ट के तहत सीज कर पुलिस थाना राजगढ़ में खडा करवा गया। थानाधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह झाझडियां ने बताया कि कोई भी व्यक्ति भी अपने वाहन को बिना पार्किंग स्थल के खडा ना करें, जिससे की आमजन को असुविधा हो, अन्यथा बिना पार्किंग सडक पर खडे वाहनों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही की जावेगी।




राजगढ़ थाना पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत कार को सीज किया।

# नितेश ने गंभीर रोगी को एस.डी.पी. डोनेट की

**कोटा, (निसं)।** अनजान की मदद करने का कोटा में सिलसिला लगातार जारी है, ऐसे में राजस्थान ही नहीं एमपी और आसपास के क्षेत्रो के जरूरतमंदों की मदद की जा रही है। टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि भारत विकास परिषद अस्पताल में भर्ती मरीज संजना को गंभीर अवस्था में कोटा रैफर किया गया था, रात को ही उसे ब्लड व एसडीपी के लिए कहा गया और ए पॉजिटिव के लिए परिजन परेशान होते रहे।

कोटा के लगभग सभी ब्लड बैंको के तलाश करने के बाद परेशानी तनाव में बदल गई। देर रात का वक्त था और रोगी का हीमोग्लोबिन भी बेहद कम रह गया था, ऐसे में किसी मेडिकल स्टोर के कर्मचारी ने टीम जीवनदाता से संपर्क करने के लिए कहा। भुवनेश गुप्ता के पास कॉल किया तो उन्होंने अश्वस्त किया कि निश्चित रहे, व्यवस्था कर दी जाएगी। उन्होंने रात को ही सेवा के लिए तत्पर रहने वाले नितेश गुप्ता को कॉल किया गया। नितेश गुप्ता रात 1.30 बजे अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और चौथी बार एसडीपी डोनेट की।

वहीं वह 20 बार पहले ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। नितेश गुप्ता फार्मा कंपनी से जुड़े होने के कारण मरीजों की परेशानी और दर्द को समझते हैं। ऐसे में उन्होंने कहा रखा है कि रात से लेकर अल सुबह तक का जो समय रहता है वह सेवा के लिए सर्वश्रेष्ठ रहता है, ऐसे समय में लोग कम पहुंच पाते हैं और मरीज की की गंभीरता अधिक होती है। इसलिए वह ऐसे समय में ही ज्यादातर एसडीपी और ब्लड डोनेशन के साथ सेवा कार्य करते हैं।

# आपातकालीन उपचार कर यात्री की जान बचाई

**कोटा, (निसं)।** रेलकर्मी अपनी ड्यूटी के साथ कई सामाजिक मदद, यात्री की सहायता, खोये सामान को वापस दिलाने जैसे सराहनीय कार्य कर रेलवे की सकारात्मक छवि बनाये रखने महवपूर्ण भूमिका निभाते है।

■ **कोटा के चिकित्सा रेलकर्मी ने अपना परिचय देकर मानवता रूपी सेवा भाव से यात्री का उपचार किया**

इसी प्रकार के एक यात्री की आपातकालीन उपचार कर जान बचाने का सराहनीय कार्य करने की घटना सामने आयी जिसमे कोटा रेलवे चिकित्सालय में वरिष्ठ नर्सिंग अधीक्षक पदस्थ राकेश कुमार वर्मा एवं विमल कुमार मीना नाम के रेलकर्मी गोवा से कोटा वापसी गाड़ी संख्या 12217 कोच्चीवली-चंडीगढ़ केरला सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस के बी-3 कोच में अपनी निजी यात्रा के दौरान अपने बगल के कोच बी-4 में एक यात्री को अपनी बहन के साथ यात्रा के दौरान रत्नागिरी से पनवेल के बीच असहनीय पेट दर्द से तकलीफ में था एवं यूरिन पास करने में समस्या आ रही थी।

ट्रेन के ऑन ड्यूटी टीटीई से मदद की गुहार करने पर पनवेल में रेलवे डाक्टर द्वारा उपचार हेतु आने का बताया गया लेकिन पनवेल आने में लगभग 2 घंटे बाद ट्रेन पहुँचने का समय था इस बीच बी-3 में यात्रा कर रहे कोटा के चिकित्सा रेलकर्मी ने अपना परिचय देकर मानवता रूपी सेवा भाव से उस यात्री का उपचार किया और यात्री को पेट दर्द से राहत मिला। समय पर उपचार न मिलने से यात्री के साथ कोई अनहोनी हो सकती थी।

इस प्रकार के सराहनीय कार्य को आमजनता से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर रेलकर्मी का मनोबल बढ़ ता है। कोटा वापसी पर रेलवे मंडल चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. सुपर्णा सेन राय ने दोनों रेलकर्मी द्वारा किए गए मानवतापूर्ण कार्य की सराहना करते हुए सम्मानित किया।

# लॉकर में रखा 25 लाख के जेवर से भरा बैग गायब

## पीड़ित ने बैंक कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया

**अजमेर, (कासं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पृथ्वीराज मार्ग स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के लॉकर से करीब 25 लाख रुपए के आभूषण से भरा बैग गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने थाने में बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से लॉकर से जेवरात चोरी होने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने बताया कि गुरुवार को सुबह वह अपनी मां के साथ बैंक गया और लॉकर खोला तो जेवरात गायब मिले, बैंक कर्मचारियों को बताया तो उन्होंने अभद्रता की। कोतवाली थाने में ही एक ओर मामला सामने आया, जिसमें किशनगढ़ निवासी व्यक्ति ने व्यापारी करने के लिए सोना गिरवी रखाने और आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी पूर्व जेवरात हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है।

**बैंक से 25 लाख के जेवरात गायब :-** भगवानगंज नई बस्ती निवासी हिमांशु आसोजिया पुत्र अजीत सिंह ने कोतवाली थाने में शिकायत देते हुए बैंक कर्मचारियों के खिलाफ अभद्रता करने और लॉकर जेवरात गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित हिमांशु ने बताया कि उनका और मां का संयुक्त खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पीआर मार्ग में है। घर से बैंक दूरी अधिक होने के चलते लॉकर बंद करवाने के लिए 2 अप्रैल को बैंक गए थे। जहां बैंक में जरूरी कागजात पर हस्ताक्षर करवाए गए, इसके बाद बैंक कर्मचारी लॉकर ऑपरेट करवाने के ले गया और जैसे ही बैंक लॉकर खोला तो समस्त जेवरात जो लॉकर में रखे थे वो वहां नहीं मिले, बस दस्तावेज ही रखे हुए मिले। लॉकर में लगभग 20 लाख रुपए के जेवरात थे जो बैंक से ही चोरी हो गए।

पीड़ित हिमांशु ने बताया कि मामले को लेकर जब बैंक मैनेजर से सम्पर्क कर जानकारी चाहती तो उल्टा बैंक मैनेजर ने असमर्थता जाहिर करते हुए कहा कि लॉकर की हमारी जिम्मेदारी नहीं है और अपने उत्तरदायित्व से बचने लगे। हमने बैंक के सीसीटीवी फुटेज मांगे तो बैंक कर्मचारियों ने हमारे साथ अभद्र व्यवहार किया और हमे बैंक से बाहर निकाल दिया, जबकि हमें पूरा अंदेशा है कि बैंक के कर्मचारियों ने ही मिलीभगत कर जेवरात चोरी किए है। कोतवाली थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई मनीराम को सौंपी है।

**व्यापार के रखे जेवरात हड़पने का मामला :-** व्यापार करने के लिए रखे जेवरात वापस नही लौटाने पर पीड़ित ने गुरुवार को कोतवाली पुलिस थाने में धोखाधड़ी कर जेवरात हड़पने का मामला दर्ज करवाया है। कोतवाली थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगढ़ निवासी सुरेश सोनी थाने में लिखित शिकायत देते हुए धोखाधड़ी कर जेवरात हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज शिकायत में पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसने विजय जैन व किरण जैन के साथ व्यापार करने के लिए अपने जेवरात रखे थे, जब दोनों से जेवरात वापस लौटाने के लिए कहा तो उन्होंने देने से इनकार कर दिया। कई बार तकाजा करने के बाद भी जेवरात नहीं लौटाए तो कोर्ट के माध्यम से पीड़ित सोनी ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त

### प्रतिबंधित 22 किलो पॉलीथीन जप्त

**मालपुरा** (निस) नगरपालिका प्रशासन टोडारायसिंह द्वारा शहरी क्षेत्र मे अभियान चला छापामार कार्यवाही करते हुय 22 किलो प्रतिबंधित पॉलीथीन की जप्त। पालिका ईओ सुनिल कुमार बैरवा के सुपरविजन मे स्वास्थ्य निरीक्षक सिकंदर चेडवाल,एसबीएम नीरज मेघवंशी,जमादार राजेश कुमार सहित उनकी टीम ने शहर मे अलग–अलग जगह दुकानो पर तलाशी अभियान चला प्रतिबंधित पॉलीथीन जप्त किये जाने से व्यापारियो मे हडकम्प मच गया। फल सब्जी विक्रेता सहित व्यापारी पॉलीथीन को ईधर–उधर कर कार्यवाही से बचते नजर आये। पालिका द्वारा लम्बे समय बाद चलाये गये इस अभियान पर लोगो ने अपनी प्रतिक्रिया मे कहा कि पॉलीथीन के दुष्प्रभाव से आमजन को बचाने के लिये इस प्रकार के अभियान वर्षभर ही जारी रखे।

### हीरालाल को प्रचार की जिम्मेदारी दी

**कोटपूतली,** (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओमकार सिंह लखावत ने ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत को 5 लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रावत जयपुर ग्रामीण समेत अलवर, भरतपुर, झुन्झुनु व सीकर लोकसभा सीटों पर विजय संकल्प सामाजिक जनसम्पर्क एवं बैठकों का आयोजन कर भाजपा प्रत्याशियों क्रमशः राव राजेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र यादव, रामस्वरूप कोली, शुभकरण चौधरी एवं स्वामी सुमेधानंद के समर्थन में चुनाव प्रचार करेगें।

### रघुवीर व कमल प्रभारी नियुक्त

**कोटपूतली,** (निसं)। जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गोपाल लाल मीणा ने लोकसभा चुनाव को लेकर डीसीसी की ओर से विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति की है। मीणा ने कोटपूतली के ग्राम गोरधनपुरा चौकी निवासी कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव को शाहपुरा व ग्राम नारेहडा निवासी का अध्यक्ष एवं पंसस प्रतिनिधि कमल मीणा को विराटनगर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है।

### सांवत गुर्जर प्रभारी नियुक्त

**कोटपूतली,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर ग्राम मोलाहेडा निवासी कांग्रेस नेता व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर को दौसा लोकसभा की थानागाजी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। गुर्जर ने इसके लिये पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का आभार जताया है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

**चाकसू,** (निसं)। निमोडिया रोड स्थित अपनत्व फ्यूचर जॉन एकेडमी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। 30 मार्च को आयोजित परीक्षा में कक्षा नर्सरी के आरिज खान, आबिरा खान, अमन मीणा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा एलकेजी की वीरा जांगिड, अर्पित मीना, अहद खान, कक्षा यूकेजी के ध्रुवंश सैनी, राजवीर सैनी, राघव शर्मा, कक्षा फर्स्ट के देवांशी शर्मा, अक्षिता, कौशल मीणा, कक्षा सेकंड के श्रेष्ठ दीक्षित, तन्वी गौतम, गीत शर्मा, कक्षा 3 के आयुष प्रजापति, गोरांशी जांगिड, आराध्या प्रजापति, कक्षा 4 के विक्की चौधरी, अनुष्का शर्मा, युवराज बैरवा, कक्षा 6 के अलशिफा पठान, देवेन यादव, प्रशांत प्रजापति, कक्षा 7 के आदित्य मीणा, नीलम, मानवेंद्र सिंह, कक्षा 9 के नेहा चौधरी, अलीना, मोहित मीणा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया। सभी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रधानाचार्य सुनैना कंवर राजावत द्वारा प्रोत्साहित किया गया। सर्वाधिक उपस्थिति के लिए अक्षिता को संस्थान निर्देशक सुरज्ञान सिंह बडोदिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रबंधक भवानी सिंह चौहान ने किया।

परीक्षा परिणाम के दिन विद्यालय परिसर में उन छात्रों के लिए सेल्फी पॉइंट्स की भी व्यवस्था की थी जो अपनी उपलब्धियां पर क्लिक करना चाहते थे और उस पल को खुशी के साथ मनाना चाहते थे। विद्यालय की कला और शिल्प अपेक्षा शर्मा, शिक्षक तनु जांगिड और नेहा शर्मा ने छात्रों के लिए ये रचनात्मक सेल्फी प्वाइंट बनाएं ताकि वे और उनके माता-पिता इन यादगार पलों को कैद कर सके और उन्हें संजो सके।

# अपहृत छात्र चौबीस घंटे में दस्तयाब, दो गिरफ्तार

**टोक,** (निसं)। राजेश विद्यार्थी वृत्ताधिकारी टोंक के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में टीम गठित करअपहृत छात्र को 24 घन्टे के अन्दर सकुशल दस्तयाब कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

थानाधिकारी ने बताया कि दिनांक 2 अप्रेल को परिवादी ने रिपोर्ट कराई जिसके अन्तर्गत उसने बताया कि मेरा

- शेष आरोपियों की तलाश जारी, दोनों के खिलाफ अनुसंधान जारी

चचेरा भाई सोनु पुत्र पृथ्वीराम मीणा को किराया के कमरे आदर्श नगर टोक एसबीआई बैंक के सामने से चार लडके व एक लडकी बलेनो कार में अपहरण करके ले गये तथा सोनू के फोन से कॉंल के फिरोती के 50000 रुपये बैंक खाते में डालने हेतु दबाव बनाकर पैसे नहीं डालने पर जान से मारने की धमकी दी।



टोंक पुलिस ने छात्र के अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

इस पर विशेष टीम का गठन कर प्रकरण में कार्यवाही करते हुए अपहृत छात्र सोनू मीणा को अपहरणकर्ताओं से छुडाने हेतु तकनीकी साधनों व मुखबीरो से सूचना प्राप्त कर तत्काल पुलिस नाकाबंधी करवायी जाकर, अपहृत छात्र सोनु मीणा को ग्राम कुस्तला थाना रवाजना डंगर जिला सवाई माधोपुर के पास से सकुशल अपहरण कर्ताओ के कब्जे से मुक्त करवाकर दो अपरणकर्ताओं आकाश पुत्र धनपाल जाति मीणा 18 साल निवासी गरडवास पुलिस थाना चोथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर तथा मोहित कुमार पुत्र जयसिह मीणा 21साल निवासी ग्राम मनडेरु पुलिस थाना टोडाभीम जिला गंगापुरसीटी को गिरफ्तार कर दोनों के खिलाफ प्रकरण कर अनुसंधान जारी है।

## आग से दस ट्रोली चारा जला

**मालपुरा,** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के पचेवर थानान्तर्गत नगर गांव में गुरूवार को नाथू लाल रेगर के खेत में रखे चारे के ढेर मं अचानक आग लग जाने से आसपास अफरा-तफरी मच गई। तेज हवा के वेग से एक ढेर मे लगी आग पास ही रखे चारे के ढेर मे भी आग लग जाने से आग विकराल हो गई। ग्रामीणो द्वारा पानी के टैंकरों से आग को बुझाने का प्रयास किया। सुचना पर मालपुरा से पहुंची नगरपालिका दमकल पर तैनात कार्मिक अशोक शर्मा, शब्बीर, त्रिलोक, ने मौजूद ग्रामीणो के सहयोग से आग पर तो काबू पा लिया लेकिन तब तक आग से दस ट्रोली चारा जलकर राख हो गया।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सात को

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के खेडकी वीरभान रोड स्थित वार्ड नं. 01 में आगामी 07 अप्रैल रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। कार्यक्रम संयोजक वार्ड पार्षद कृष्ण कुमार कारोडिया ने बताया कि वार्डवासियों एवं मिशन जन सेवा टीम की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित करवाया जायेगा।

## सार-समाचार

### पुण्यतिथि पर स्कूल बैग का वितरण




**कोटपूतली,** (निसं)। ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक मधु यादव ने अपने पिता स्व. महावीर प्रसाद यादव पर्यावरण प्रहरी की 13वीं पुण्यतिथि पर विद्यार्थियों को स्कूल बैग का वितरण किया। गौरतलब है कि शिक्षक स्व. महावीर प्रसाद यादव निवासी शुक्लावास द्वारा शिक्षण के साथ-साथ पर्यावरण प्रहरी के रूप में दूर-दूर तक हजारों पेड़ पौधे लगाकर पानी देने व पशु-पक्षियों के लिए परिंडे बांधने का पुण्य कार्य करते रहे हैं। प्राचार्य महेश चंद यादव ने कहा कि स्व.महावीर प्रसाद यादव शिक्षक के अलावा पर्यावरण के प्रति बेहद संवेदनशील व्यक्ति थे।

### कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने का आव्हान

**चाकसू,** (निसं)। पीसीसी सदस्य व चाकसू कृषि उपज मंडी के चेयरमैन हरिनारायण चौधरी के नेतृत्व में राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया व युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व लाडनूं विधायव मुकेश भाकर व चाकसू के पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी का चाकसू विधानसभा के शिवदासपुरा टोल प्लाजा पर साफा बंधवाकर एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने का आव्हान किया। इस मौके पर उपप्रधान चाकसू मुकेश बरखेडा, कादेडा सरपंच श्रवण मीना, थली सरपंच शिवराज गुर्जर, तामडिया सरपंच मुकेश चौधरी, मन्नालाल मीना पंचायत समिति सदस्य, कमलेश गोरा अध्यक्ष युवा जाट महासभा, एनएसयूआई के शंकर गोरा, युवा कांठोस उपाध्यक्ष चाकसू रामसिंह गुर्जर, सरदार गुर्जर, अवतार खटाना लसाडिया, किसान नेता बजरंग लाल गोरा, कालूराम शर्मा रामपुराबास गोनेर, लालाराम रूंडला तितरिया, राधाकिशन चौधरी, अंबालाल चौधरी रूपवास, गिरिराज निठारवाल सरस्वतीपुरा, अशोक पूनिया, हरि यादव सेवापुरा, अशोक चौधरी किरतपुरा, एसके चौधरी बाजडोली, विकास गोरा, सांवरमल मांदी, युवराज चौधरी व सैंकडों कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चाकसू में मुख्यमंत्री का रोड शो आज

**चाकसू,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को दौसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा के समर्थन में क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा के नेतृत्व में रोड-शो करेंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष रामधन सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री का रोड शो कार्यक्रम शुक्रवार को शाम 5 बजे कोटखावदा मोड अंबेडकर सर्किल से शुरू होगा जो मुख्य बाजार से निकलता हुआ गांधी स्मारक रोड होते हुए फागी रोड होते हुए पुलिस थाने के सामने भाजपा प्रत्याक्षी के चुनावी कार्यालय पर पहुंचकर जनसभा में बदल जाएगा। जहां कार्यकर्ताओं एवं आम जन को संबोधित कर भाजपा के समर्थन में मतदान करने की अपील की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर भाजपाइयों ने आवश्यक बैठक आयोजित कर सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया है। वही आमजन की ओर से रोड शो के दौरान जगह-जगह मुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत किया जाएगा। वहीं सुरक्षा के मध्य नजर क्षेत्र में मुख्यमंत्री के रोड शो के रूट को एडिनशल डीसीपी पारस जैन, एसीपी चाकसू सुरेन्द सिंह, थाना प्रभारी कैलाश दान ने बारीकी से देखा और संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया

**कोटपूतली,** (निसं)। यहाँ के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के ब्लड में जारी रक्तमणि अभियान में गुरूवार को नरेन्द्र पुत्र रामावतार छीपी निवासी ग्राम बासकरणावत बानसूर, मधुर पुत्र मुकेश गोयल निवासी मौहल्ला सराय व सचिन पुत्र हनुमान गुर्जर निवासी ग्राम पनियाला ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि रक्तमणि अभियान में प्रतिदिन एक या आवश्यकता पडऩे पर एक से अधिक युवक-युवतियों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया जाता है तथा रक्तदाता के प्रति सम्मान प्रकट करने हेतु उसे रक्तमणि का नाम प्रदान किया जाता है। रक्तमणि अभियान से पीड़ित, असहाय एवं जरूरतमंद मरीजों को मदद मिल रही है। ब्लड बैंक में सभी रक्त समूहों की सदैव उपलब्धता एवं आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाना ही रक्तमणि अभियान का उद्देश्य है। इस दौरान राजेश सराधना, महेन्द्र गुप्ता, कालूराम सराधना व हनुमान प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

### फौजीराम जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रभारी

**कोटपूतली,** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लीलोठिया ने राष्ट्रीय प्रभारी के राजू के निर्देशानुसार ग्राम कल्याणपुरा खुर्द निवासी पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी व कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य फौजीराम आर्य को लोकसभा चुनाव के लिये जयपुर ग्रामीण लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति पर फौजीराम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलोठिया, प्रभारी के राजू, पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, एससी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चावरिया व कांग्रेस नेता देव कसाना का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर राजीव कसाना, सरपंच शीशराम दायमा, सुशील रैय्या, अनूप शर्मा, सतीश आर्य, सुनील दत्त, ओमी कसाना, सुखराम खटाना, डॉ. डी.पी. आर्य आदि ने बधा दी।

### नदीम पठान प्रभारी नियुक्त

**मनोहरपुर,** (निसं)। जयपुर जिला कांग्रेस कमेटी जयपुर देहात अध्यक्ष गोपाल लाल मीणा ने प्रदेश में लोकसभा चुनावों के मध्य नजर जयपुर जिला कांग्रेस कमेटी जयपुर देहात द्वारा नदीम पठान को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पठान को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त होने पर उनके निवास स्थान आंधी व शाहपुरा में खुशी की लहर दौड गई है। उनको साफा बंधवाकर और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया।

## संकुल स्तरीय संस्कार केंद्रों का वार्षिक उत्सव

**चाकसू,** (निसं)। आसोलाई मोहल्ले में स्थित धर्मदास पुरी मंदिर में संकुल स्तरीय संस्कार केंद्रों का वार्षिक उत्सव दिनांक गुरुवार 4 अप्रैल 2024 को आयोजित किया गया।

- सामाजिक समरसता के लिए संस्कार केंद्रों के महत्व पर प्रकाश डाला
- 113 भैया-बहनों और अभिभावकों ने सहभागिता की

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बाबूलाल शर्मा, संस्कार केंद्रो के राजस्थान क्षेत्रीय के संगठन मंत्री रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत हनुमान दास महाराज, मुख्य अतिथि किरण सांवरिया पार्षद, विशिष्ट अतिथि मुकुट रावत, सत्यनारायण सांवरिया थे। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं को संस्कारित करने, सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक करने, मातृ- पितृ भक्त बालक बालिकाएं तैयार करने तथा सामाजिक समरसता के लिए संस्कार केंद्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चाकसू, चंदलाई और कोटखावदा आदर्श विद्या मंदिरों के भैया/बहिनों और चारों संस्कार केंद्रों के भैया-बहिनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। चाकसू कस्बे सहित 113 भैया-बहनों और अभिभावकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में स्थानीय उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चाकसू के प्रधानाचार्य सुमेर सिंह शेखावत ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान हेतु सभी को जागरूक किया और लोकमत परिष्कार के तहत राष्ट्रिहत में अधिकतम मतदान करने के लिए प्रेरित किया। एकल गीत, सामूहिक नृत्य, कविता और अन्य प्रस्तुतियां देने वाले भैया-बहिनों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर भामाशाह लालाराम यादव, मांगीलाल योगी को भी सम्मानित किया गया। जिला संस्कार केंद्र प्रमुख गणेश नारायण मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान किया गया। स्थानीय संस्कार केंद्र संचालीका सुनीता वैष्णव, चैंपेश्वर जांगिड, आचार्य विशाल राणा, शोभा जांगिड, दीपाली शर्मा, विनोद वैष्णव आदि ने सभी व्यवस्थाओं मैं सहयोग दिया।

# फुलेरा में प्रथम महिला फिटनेस क्लब का उद्घाटन

**फुलेरा,** (निसं)। क्षेत्र के पारंपरिक रूप से पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं के बीच स्वास्थ्य और खेल को बढावा देने के उद्देश्य से क्षेत्र में महिलाओं के लिए पहला फिटनेस क्लब खोला गया है। कस्बे की सांभर बाईपास सडक स्थित आहूजा फिटनेस कल्ब पर प्रातः 11: 15 बजे नगर पालिका पार्षदा प्रेम आहूजा की अध्यक्षता में प्रथम महिला फिटनेस क्लब का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. पुखराज स्वामी रहें तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड मैडलिस्ट कशिश सैनी, बॉडी बिल्डिंग में 26 पदक विजेता 12 वर्षीय प्रांजल गौड, पार्षदा सीमाराज़ कुमावत, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा पूनम कुमावत, गीता देवी, निशी आहूजा रही। कार्यक्रम में पण्डित ब्रह्मदत्त शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों ने फीता काटकर प्रथम महिला फिटनेस कल्ब का उद्घाटन किया।

- विश्व में देश के लिए खेलें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया आयाम स्थापित करें : प्रांजल और कशिश
- बेहतर स्वास्थ्य के लिए शारीरिक रूप से फिट होना जरूरी है : प्रिया सैनी

इस दौरान प्रशिक्षिका प्रिया सैनी ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए शारीरिक रूप से फिट होना जरूरी है। आज के बदलते हुए वैश्वीकरण के इस दौर में महिलाओ को खुद को अपने अस्तित्व को साबित करने और खुद को ऊंचा उठाने के लिए हर तरीके से तैयार होना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में ब्यावर से पधारी 12 वर्षीय बालिका प्रांजल गौड का नन्ही सी उमर में बॉडी बिल्डिंग में लगभग 26 पदक जीतने पर और स्थानीय फुलेरा की लाडो कशिश सैनी को हाल ही में बॉडी बिल्डिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर ताज पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर दोनों ने ही कहा कि हमारा सपना है कि एक दिन हम विश्व में देश के लिए खेलें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया आयाम स्थापित करें।

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. पुखराज स्वामी ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद का भी लक्ष्य महिला सशक्तिकरण है। इसके लिए दुर्गा वाहिनी जैसे संगठन सक्रिय है। इस वजह से सभी को इस और भी ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संचालक शुभम आहूजा ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मालपुरा में विद्युत पोल से भिड़ी कार, बड़ा हादसा टला

**मालपुरा,** (निसं)। नगरपालिका शहरी क्षेत्र में सदरपुरा रोड पर व्यास सर्किल के पास लगे विधुत पोल से अनियंत्रित हुई स्कार्पियो कार की टक्कर के बाद करंट प्रवाहित विधुत पोल हाईवॉल्टेज विधुत लाईन के पास धराशाही हो गया।

वही आमजन व पार्षद की सजकता से बडा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। पार्षद नेहा विजय ने बताया कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा शहर के सौन्दर्यकरण के लिये केकडी रोड, सदरपुरा रोड, दूदू रोड पर सडक के बीचो बीच विधुत पोल लगवा सौन्दर्यकरण तो करवा दिया गया लेकिन संवेदक द्वारा विधुत पोल लगाने के दौरान प्रशासनिक व तकनीकी अधिकारियों द्वारा मापदण्ड व गुणवत्ता की जांच एवं मॉनिटरिंग नहीं करने से संवेदक ने विधुत पोल नाम मात्र के सिमेन्ट पॉडीशन बनाकर जमीन स्तर पर ही लगा दिये। परिणामस्वरूप वाहनों की टक्कर तो क्या तेज हवा के झोंके से ही आये दिन यह विधुत पोल एक-एक कर धराशाही हो रहे है। बुधवार की रात्री को



पार्षद नेहा दिनेश विजय ने तत्काल विद्युत निगम के अधिकारी कर्मचारियों को मौके पर बुला सप्लाई बंद करवाकर पोल को हटाया।

सदरपुरा रोड पर करंट प्रवाहित विधुत पोल स्कार्पियो की टक्कर से धराशाही हो गया। गनीमत रही कि पास से गुजर रही हाईवॉल्टेज विधुत लाईन अथवा फुटपाथ पर सो रहे गाडियां लौहार परिवारों के झोपडों पर यह विधुत पोल गिरने से बाल-बाल बच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पार्षद नेहा दिनेश विजय ने तत्काल विधुत निगम के अधिकारी कर्मचारियों को मौके पर बुला विधुत सप्लाई बंद करवाकर पोल को हटाया। जिससे कोई बडा हादसा व जनहानि को रोकने में सफलता मिली। कमोबेस यही हाल अन्य विधुत पोलो का है जो कभी भी किसी बडे हादसे का कारण बन सकते है।

## संभागीय आयुक्त ने नामांतरण निरस्त किया

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा तहसीलदार द्वारा एक को दत्तक मानकर शेष वारिसों के पक्ष में खोला गया नामांतरण जयपुर न्यायालय संभागीय आयुक्त ने निरस्त कर दिया है।

- फुलेरा तहसीलदार द्वारा एक को दत्तक मानकर शेष वारिसों के पक्ष में खोला गया था नामांतरण

उपरोक्त जानकारी देते हुए एडवोकेट महेश कुमार शर्मा ने बताया कि शार्दुलपुरा निवासी मोहन लाल चौधरी पुत्र लादूराम जाट द्वारा पेश किए गए नामांतरण प्रार्थना पत्र पर निर्णय करते हुए फुलेरा तहसीलदार द्वारा मंगल चन्द पुत्र लादूराम को हीरा लाल के दत्तक(गोद) बताकर शेष वारिसों के नाम नामांतरण खोल दिया था। जिसे मंगल चन्द की विधवा पत्नी सरोज देवी ने व अन्य वारिसों ने न्यालालय संभागीय आयुक्त जयपुर को जरिये एडवोकेट महेश कुमार शर्मा के द्वारा चेलेंज किया गया। जिस पर अधिवक्ता महेश शर्मा द्वारा रखे गए कानूनी बिन्दुओं को स्वीकार करते हुए पंचों द्वारा लिखे गए गोद-नामे को वैध गोद का प्रमाण नहीं होने तथा गोद की शर्तों का पालन नहीं होने के कारण मंगल चन्द को हीरा लाल के गोद नहीं माना और तहसीलदार द्वारा खोले गए नामांतरण को निरस्त करते हुए तहसीलदार फुलेरा को निर्देशित किया कि मंगल चन्द जाट पुत्र लादूराम जो लादूराम जाट का वैध वारिस है।

इसलिये लादूराम की समस्त भूमि का नामांतरण लादूराम के सभी वारिसों के नाम खोला जाये। मंगल चंद के वारिसों को अपने दादा की जमीन पर जन्म से अधिकार है। इसी क्रम में कानूनी विषय पर एडवोकेट महेश कुमार शर्मा ने बताया कि दत्तक सम्बंधित दस्तावेज वैध होने चाहिये। दत्तक का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है, पंचों को कोई अधिकार नहीं है किसी के पुत्र को इस तरह गोद भेजने का दत्तक का कानून बना हुआ है। वहीं आगे बताया कि मोहन लाल द्वारा पेश किए गए दस्तावेजों को संभागीय आयुक्त से कूटरचित माना है।

# क्षतिग्रस्त एवं जर्जर अवस्था में टंकी, पेयजल के लिये ग्रामीण परेशान

**कोटपूतली,** (निसं)। एक ओर जहाँ केन्द्र व राज्य सरकारें नल से जल जैसे नारे देकर घर-घर पानी पहुँचाने की विभिन्न योजनाओं के संचालन का दम्भ भरती है। वहीं दूसरी ओर निकटवर्ती ग्राम भैंसलाना के ग्रामीण पीने के शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल के लिये भारी परेशानी का सामना कर रहे है।

ग्रामीण धर्मसिंह भैंसलाना, हेमराज सिंह, ओमप्रकाश सिंह व आकाश पारीक आदि ने बताया कि भैंसलाना में पीएचईडी विभाग द्वारा वर्ष 1990 में पानी की टंकी बनाई गई थी। जो पिछले 30 वर्ष से अधिक समय में क्षतिग्रस्त होकर आज बेहद जर्जर अवस्था में है। पहाडी पर बनी इस टंकी से गाँव में पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन इस क्षतिग्रस्त टंकी में जहाँ जाले लगे हुये है। वहीं कीडे, मकोडे एवं गंदगी



पहाडी पर बनी इस टंकी से पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन कीड़े, मकोड़े एवं गंदगी होने से ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर है।

का ढेर है। जिससे ग्रामीण गंदा पानी पीने को ही मजबूर है अन्यथा उन्हें किलोमीटरों दूर से पीने का पानी लाना पडता है या फिर निजी खर्च से टैंकरों द्वारा पानी भरवाना पडता है। इसकी शिकायत कई बार पीएचईडी विभाग एवं ग्राम पंचायत से लेकर सांसद तक की जा चुकी है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि विगत फरवरी 2023 में नई टंकी के निर्माण के टैंडर जारी किये जा चुके है लेकिन अभी तक पानी की टंकी का निर्माण शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जल्द ही उन्हें बडा आन्दोलन खडा करना पडेगा।

- ग्रामीणों ने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

## दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

**गोविंदगढ़/अलवर,** (निसं)। गोविंदगढ में गुरूवार को पुलिस द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के मध्य नजर विशेष अभियान की कार्रवाई की जा रही है। अलवर जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा के निर्देश अनुसार वांछित आरोपियों की धर पकड अभियान एसपी आनंद शर्मा के आदेश द्वारा टीम गठित कर मय थाना प्रभारी गोविंदगढ मुकेश मीणा बृजेश कुमार कांस्टेबल राजेंद्र कांस्टेबल धीरेंद्र सिंह कांस्टेबल रजनीश कांस्टेबल श्रीनाथ कांस्टेबल गोपीचंद कांस्टेबल रामेश्वर कांस्टेबल सहायक उप निरीक्षक रूपचंद द्वारा वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अमन सिंह पुत्र भगवान सिंह जाति भाटला सिख 30 वर्ष निवासी पुनाय थाना सीकरी जिला डीग रणजीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी सीकरी उम्र 33 साल जाति भाटला सिख थाना सीकरी जिला डीग जिसके ऊपर 1000 की इनाम रखी गई थी पुलिस गोविंदगढ़ ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

# मतदाता जागरूकता रैली व नारा लेखन आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। ग्राम मोलाहेडा स्थित शहीद कैलाश राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत गुरूवार को नारा लेखन व मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस मौके पर रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक कर शत् प्रतिशत् मतदान करने पर जोर दिया गया एवं वोट के महत्व को समझाया गया। इस दौरान स्वीप प्रभारी शेरसिंह कटारिया, दीनाराम गुर्जर, सुभाष रावत, सुभाष पारीक, जयसिंह यादव, जीतू आर्य, दौलत सिंह, प्रिंसिपल पुष्पा मीणा, देवकरण गुर्जर, हेमसिंह जाखड, केदारमल कुम्हार समेत अन्य मौजूद रहे।

लोकसभा आम चुनाव 2024 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के प्रभावी संचालन हेतु स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राजकीय अम्बेडकर छात्रावास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कोटपूतली में गुरूवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मतदान के प्रति स्वयं, अपने परिजनों, रिश्तेदारों, आसपास पडौस के लोगों व आमजन को मतदान के लिये जागरूक करने की बात कही। इस दौरान विभागीय कार्मिक, छात्रावास के विधार्थी समेत अन्य मौजूद रहे। इसी प्रकार ग्राम बनेठी स्थित राजकीय अम्बेडकर छात्रावास में जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

- ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया

## संक्षिप्त

### मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाये

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** विश्व के सबसे विशाल लोकतंत्र की सबसे बडी पंचायत लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं। लोकतंत्र के महापर्व पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं की जागरूकता के लिए गुरुवार को अजीतगढ उप तहसील कार्यालय परिसर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की पहल पर श्रीमाधोपुर तहसीलदार जगदीश बैरवा, अजीतगढ पंचायत समिति के विकास अधिकारी सीआर मीणा और नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी परमवीर दुलार ने वाहनों पर स्टीकर लगाकर मतदान जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि मताधिकार प्राप्त प्रत्येक मतदाता को उत्साह से मतदान प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा, जिला सदस्य दिनेश गोविंद शर्मा, संयोजक शंकर लाल शर्मा, सोमेश राजोरिया, हिमांशु शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### गठबंधन कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** लोकसभा चुनावों को लेकर कस्बे के ब्रह्मचारी मोड के पास सुंदर वाटिका में शुक्रवार शाम 6 बजे इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। कामरेड ओमप्रकाश यादव ने बताया कि सीकर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार कामरेड अमरा राम के समर्थन में होने वाली मिटिंग में गठबंधन कार्यकर्ताओं को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य बालेंदु सिंह शेखावत, सीकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता गठाला, कारेड विजेन्द्र सिंह मूंडरू, फूलचंद सैनी सहित माकपा व कांग्रेस के पदाधिकारी संबोधित करेंगे।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**निवाई, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय में गुरूवार को मतदाता जागरूकता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसका शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया। ईएलसी प्रभारी डॉ रूपा चौधरी ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के साथ आस पडौस के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। डॉ. राजेशकुमार मीणा ने बताया की रैली का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढाना है। रैली में महाविद्यालय की समस्त कर्मचारियों अधिकारियों व विद्यार्थियों ने उत्साहित होकर भाग लिया।

### महिलाओं ने दशा माता की पूजा की, रखा व्रत

**निवाई, (निसं)।** महिलाओं ने गुरुवार को दशा माता की पूजा अर्चना की। सुहागन महिलाओं ने अखंड सुहाग की कामना को लेकर गुरुवार को वैदिक रीति-नीति से भगवान विष्णु व दशा माता की पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु एवं परिवार जनों के लिए मंगल कामना कर कथा सुनी और दशा माता का गले में डोरा धारण किया। गुरुवार की सुबह महिलाओं ने पूजा के कपडे पहनकर हाथ में थाल सजाकर पीपल व दूब की पूजा की तथा देवी देवताओं की कहानियां सुनी। सिरस के गांव श्योसिंहपुरा व खलीलाबाद गांव में महिलाओं ने सौभाग्यवती व परिवार की सुख समृद्धि की कामनाओं को लेकर दशा माता का व्रत रखकर माता की पूजा अर्चना कर कहानी सुनी। कृष्णा देवी शर्मा ने बताया कि महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए दशा माता की पूजा अर्चना के बाद दशा माता की कथा सुनी।

### तीन लाख 85 हजार की राशि जब्त

**निवाई, (निसं)।** सहायक रिटर्निंग आफिसर सुरेशकुमार हरसोलिया के सख्त निर्देश के बाद एफएसटी ने अवैध नकदी की जब्ती की कार्यवाही की गई। एफएसटी संख्या एक प्रभारी मुकेशकुमार चौधरी ने बुधवार रात को कोथून-लालसोट राष्ट्रीय राजमार्ग 11 ए पर टोल नाका पर गश्त दौरान एक वाहन की तलाशी ली जिसमे एक लाख इक्कीस हजार की राशि मिली। जिसका संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर रकम जब्ती की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार गुरुवार सुबह एफएसटी संख्या तीन के प्रभारी विजयकुममार अग्रवाल ने 74 हजार रूपए की जब्ती की कार्यवाही गई। एफएसटी नो प्रभारी मुकेशकुमार चौधरी ने नाका नाथडी में वाहनों से एक लाख 90 हजार की राशि जब्त की। इन सभी कार्रवाई से मिली तीन लाख 85 हजार की कुल राशि की कार्यवाही करते हुए जिला कोषागार में जमा करवाया गया।

# लोकसभा चुनावों में जनता विपक्ष के जहाज को डुबो देगी : भूपेंद्र यादव



केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने इलाकों के बुजुर्गों, व्यपारियों, युवाओं, महिलाओं ओर भाजपा कार्यकर्ताओं से अलवर के विकास से संबंधित चर्चा की।

- 'मोदी की गारंटी और उन पर आपके विश्वास का कोई तोड़ नहीं है'
- लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने रामगढ़ विधानसभा में जनसंपर्क किया

**अलवर, (निसं)।** केंद्रीय मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने रामगढ विधानसभा में जनसंपर्क किया। इस दौरान हर इलाके में काफी भीड केंद्रीय मंत्री की एक झलक पाने को आतुर दिखी। भूपेंद्र यादव ने इलाकों के बुजुर्गो, व्यपारियों, युवाओं, महिलाओं ओर भाजपा कार्यकर्ताओं से अलवर के विकास से संबंधित चर्चा भी की।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का जगह-जगह स्थानीय निवासियों ने बडी फूल माला, साफा बांधकर भव्य स्वागत और अभिनन्दन किया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इलाके के सभी निवासियों का हाथ जोडकर अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से मोदी जी के हाथ मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा की मोदी जी की गारंटी और मोदी पर आपके विश्वास का कोई तोड नहीं है। उन्होंने कहा की देश का भविष्य बनाने वाले को चुनने का यह चुनाव है। उन्होंने कहा कि 2014 से लेकर अब तक मोदी सरकार ने देश में विकास का वह आयाम स्थापित किया है जिसे विपक्ष 70 सालों में भी स्थापित नहीं कर पाया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा की मोदी लहर में विपक्ष की हार तय है, 2024 के लोकसभा चुनावों में जनता विपक्ष के जहाज को डुबो देगी। अलवर की जनता के साथ किए गए विश्वासघात का फल उन्हें जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी है विकसित अलवर, विकसित राजस्थान विकसित भारत। मोदी जी देश को ऐसे आयाम पर ले गए है जहा देश अब जल्द विश्व की तीन आर्थिक महाशक्तियों में शामिल होगा। ये कार्य सिर्फ और सिर्फ 140 करोड देशवासियों द्वारा अब 2024 में दोबारा चुनने से ही संभव होगा। इसलिए फिर 2024 में मोदी जी को दोबारा चुनकर एक नया विकसित अलवर विकसित राजस्थान और विकसित भारत बनाने में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने कहा की ये लोकसभा का चुनाव सीधा सीधा भारत के गौरव का चुनाव है। विकसित भारत का चुनाव है, देश की सीमाओं की सुरक्षित रखने का चुनाव है। इस अवसर पर पूर्व विद्यायक ज्ञानदेव आहूजा, बनवारी लाल सिंघल, जय आहुजा, सुखवंत सिंह, गोवर्धन सिंह सिसोदिया रमन गुलाटी, इंद्रजीत सिंह पाटा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदान के प्रति जागरूक किया

**मालपुरा** (निस) लोकसभा चुनाव 2०24 मे मतदान प्रतिशत बढाये जाने व मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के उदेश्य को लेकर निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिये चलाये जा रहे जागरूकता अभियान की श्रंखला मे गुरूवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शहर के शास्त्री नगर आवासीय कॉलोनी मे रंगोली सजाकर मानव श्रंखला बना मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुये उन्है इस बार ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिये प्रेरित किया। आंगनबाडी कार्यकर्ताओ ने छोडो सब सारे काम पहले करो मतदान का संदेश देते हुये अनेक कार्यक्रम आयोजित किये। इसी क्रम मे स्वामी विवेकानन्द मॉडल विद्यालय मे मानव श्रंखला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से युवा मतदाताओं को जागरूक किया गया। मालपुरा ब्लॉक मे चलाये जा रहै स्वीफ कार्यक्रम प्रभारी पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत, बाबूलाल यादव, अमित पारीक, विधालय प्रधानाचार्य हंसराज जाट आदि ने युवा व नवमतदाताओं को मतदान का महत्व बताया।

# भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती ने आमजन से जनसंपर्क किया



सीकर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया।

- यह चुनाव देश को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का चुनाव है : सुमेधानंद सरस्वती

**चौमूं/कालाडेरा (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी सीकर से लोकसभा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती गुरुवार को पंचायतवार मीटिंग लेकर कार्यकर्ताओं और आमजन से जनसंपर्क किया। जनसंपर्क कार्यक्रम के दोरान भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा भी साथ रहें। लोकसभा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया तथा ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का माला एवं साफ़ा पहनाकर अभिनंदन किया।

भाजपा प्रत्याशी सुमेधनानंद सरस्वती ने कहा कि ये देश को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का चुनाव है। इसलिए दिल्ली में कमजोर नहीं, मजबूत सरकार जरूरी है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने आमजन और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 19 अप्रैल को मतदान का दिन है और प्रत्येक कार्यकर्ता जब तक अपने अपने बूथ की पोलिंग पूरी नहीं हो तब तक अपना बूथ नहीं छोड़ना है। सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर अधिक से अधिक संख्या में भाजपा के पक्ष में मतदान करवाना है। कार्यक्रम अनुसार फल सब्ज़ी मंडी चौमूं में व्यापारियों और आढतियों और किसानों से जनसंपर्क किया साथ ही रींगस रोड स्थित राधाकृष्ण गार्डन चौमूं में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात् सरकारी स्कूल के सामने मुख्य चौक अन्नतपुरा चिमनपुरा, सेडमाता के मंदिर के पास लोहरवाडा, बस स्टैंड टाँकरडा, बस स्टैंड जयसिंहपुरा, भगवा चौक सीताराम जी का मंदिर कालाडेरा, कानरपुरा स्टैंड विमलपुरा, मुख्य चौक सामुदायिक भवन घिनोई, तेजाजी के स्थान के पास डोला का बास, मुख्य चौक मंडा भिंडा, बड़ के नीचे बस स्टैंड हस्तेडा, मुख्य बाजार आष्टीकलाँ, बड के नीचे बस स्टैंड किशनपुरा, तेजाजी का मंदिर नांगल गोविंद, आमचौक सरकारी स्कूल के सामने गुडलिया, जनसंपर्क कर वोट की अपील की।

# चौपाल से लेकर दुकानों पर भूपेंद्र यादव की चर्चा



किशनगढ़बास में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क किया।

**किशनगढ़बास, (निसं)।** जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आने लगी है वैसे-वैसे प्रत्याशियों ने दौर तेज कर दिए हैं। चुनाव भी परवान चढ़ने लगा है। समर्थक अपनी-अपनी पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार में जुटे हैं। गली मोहल्ले में घर-घर जाकर वोट मांग रहे रहे हैं। गांव की चौपाल से लेकर दुकानों पर भूपेंद्र की चर्चा हो रही है। लोगों का कहना है चुनाव में जीत और हार दोनों ही है। जनता किसे अपना नेता मान ले यह जनता के मूड के ऊपर होता है लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय नेता भूपेंद्र यादव ने अलवर से चुनाव लडकर यहां के नेताओं को बता दिया है कि चुनाव को कैसे लडा जाता है।

चुनाव में जीत और हार किसकी होगी यह तो ईवीएम मशीन के खुलने के बाद ही पता चलेगा लेकिन भूपेंद्र यादव के चुनाव प्रबंधन की चर्चा विपक्ष की जुबान पर भी बनी है। अलवर जिले का एक-एक भाजपा का बडे से छोटा नेता भूपेंद्र यादव के साथ एक मंच पर दिखाई दे रहा है। इस चुनाव में बहस केवल दो ही मुद्दों पर हो रही है एक तरफ भाजपा के कद्दावर मोदी अमित शाह के करीबी केंद्र में मंत्री भूपेंद्र यादव जो अलवर लोकसभा सीट पर चुनाव लड रहे हैं। भूपेंद्र यादव को लेकर किशनगढबास क्षेत्र में चर्चा है कि भूपेंद्र यादव अलवर का विकास कर सकते हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस से ललित यादव है जो पहली बार मुंडावर से विधायक बने और अब कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है।

ऐसे में लोगों का मानना है की भूपेंद्र यादव कांग्रेस के लिए बाहरी हो सकतें हैं लेकिन अलवर की जनता को भूपेंद्र यादव में मोदी की परछाई नजर आ रही है। उन्हें बाहरी और स्थानीय से कोई मतलब नहीं है वह सिर्फ मोदी और अलवर के विकास को लेकर भूपेंद्र यादव को वोट देंगे। कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव की चर्चा केवल स्थानीय होने के रूप में लोग कर रहे हैं। लोग यह भी कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री तो मोदी ही बनेगा।

भूपेंद्र यादव और मोदी को देखकर जब अलवर से दो बार सांसद रहे और राजस्थान सरकार में बीसूका उपाध्यक्ष रहे डा. करण सिंह यादव कांग्रेस से वर्षों पुराना अपना नाता तोडकर भूपेंद्र यादव का साथ देने के लिए भाजपा में शामिल हो सकते हैं तो फिर क्षेत्र का यादव भूपेंद्र यादव को वोट क्यों नहीं कर सकता है। यह सवाल भी यादव कर रहे हैं। वैसे अलवर भाजपा में यादव बडे नेता डा.जसवंत यादव बहरोड से और तिजारा से महंत बालक नाथ योगी विधायक है। दोनों ही नेता अलवर से सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा भाजपा में बलवान यादव मामन सिंह यादव भूपेंद्र यादव के लिए रात दिन एक किए हैं।

किशनगढ़बास में भाजपा की कमान पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव सहित दिनेश यादव पूजा यादव संभाले हुए हैं। इससे नहीं लगता कि यादव समाज का वोट बंटने वाला है। स्थानीय व बाहरी के मुद्दे पर किशनगढबास क्षेत्र के लोगों का मानना है कि लोकसभा का चुनाव देश के विकास और सुरक्षा का चुनाव है। अलवर का सौभाग्य है कि भूपेंद्र यादव जैसे नेता को मोदी ने अलवर के लिए भेजा है यह बात आम जन की जुबान पर बनी है।

### मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया

**दूदू, (निसं)।** जिला कलेक्टर हनुमानमल ढाका ने जिले के अधीन ग्राम पंचायत मुख्यालय सेवा में मतदान केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान ढाका ने मतदान केंद्रों पर छाया पानी बिजली एवं दिव्यांग जनों के रैम्प की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। बीएलओ को स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। तत्पश्चात जिला मुख्यालय पर सामाजिक एवं न्याय विभाग के अधीन संचालित अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्रावास में रह रहे छात्रों की संख्या, भोजन, रहने की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर अधीक्षक को निर्देश दिए की छात्रों को सरकार द्वारा प्रदत्त समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान ढाका ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत दूदू जिले में वोटिंग 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक की जाएगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने विभिन्न गांवों में दौरा कर जन समर्थन जुटाया



कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव का पारंपरिक रूप से स्वागत किया।

- 'यह चुनाव ललित यादव नहीं बल्कि अलवर लोकसभा क्षेत्र का प्रत्येक मतदाता लड़ रहा है'

**अलवर, (निसं)।** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव ने गुरूवार को मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में दौरा कर जन समर्थन जुटाया। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से कभी घोडे पर तो कभी ट्रैक्टर पर सवार कर अपने प्रत्याशी ललित यादव का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया।

मुंडावर विधायक ललित यादव कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी हैं। युवाओं के लिए उनका संघर्ष और किसानों के लिए उनका त्याग किसी से छुपा नहीं है। स्थानीय जनता इस युवा और संघर्षशील कांग्रेस प्रत्याशी को देश की सबसे बडी पंचायत संसद में भेजने की न केवल तैयारी कर रही है बल्कि उन्होंने 19 अप्रैल से पहले ही पूरा मन बना लिया है कि उनके हक की आवाज को संसद में ललित बुलंद करेगा। ललित यादव सहित उनके साथ उनके काफिले में चल रहे जनप्रतिनिधियों का भी ग्रामीणों की ओर से भव्य स्वागत किया जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी ललित ने चौपाल व आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आपका प्यार और स्नेह देखकर मैं अभिभूत हूं। यह चुनाव ललित यादव नहीं बल्कि अलवर लोकसभा क्षेत्र का प्रत्येक मतदाता लड रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव की पत्नी मनजीत ललित यादव भी चुनावी मैदान में अपने पति और कांग्रेस प्रत्याशी ललित का पूरा साथ दे रही हैं। बहरोड विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे संजय यादव ने कहा कि ललित स्थानीय युवा और भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी बाहरी है यह अपना बेटा अपना भाई अपना दोस्त है। अलवर के विकास के लिए इसको कभी भी हम घर जाकर पकड लेंगे लेकिन बडे कद के नेताओं जो हेलीकॉप्टर में घूमते हैं उनको कहां हम अपनी समस्या बता पाएंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आरसी यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अलवर को चारगाह भूमि समझ लिया है। कभी हरियाणा से तो कभी अजमेर से लाकर यहां प्रत्याशी उतार देते हैं जो कि अलवर की जनता को ठगने के सिवाय कुछ नहीं करते अबकी बार 400 पार के गुब्बारे की हवा निकालने के लिए जनता तैयार बैठी है।

## सार-समाचार

### राव राजेन्द्र सिंह ने जनसंपर्क किया



**सांभरलेक, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राव राजेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत काजीपुरा में जनसंपर्क किया। जिनके साथ फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के पू.विधायक निर्मल कुमाव, पू. विधायक रामनारायण, किसान प्रदेश एससी मोर्चा अध्यक्ष गणपत लाल वर्मा, देहात मंडल अध्यक्ष नंदसिंह, रामदयाल बासनीवाल काजीपुरा सरपंच नवरतन कुमावत सहित ग्रामवासियों व मातृशक्ति ने स्वागत किया और भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल में जो कहा वह करके दिखाया और आगे भी जयपुर ग्राामीण क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं छोडी जाएगी।

### पावटा में गर्मी शुरू होते ही पेयजल किल्लत

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में पानी टंकी शोपीस बना हुई है। जबकि हर साल गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को पेयजल के लिए मशक्कत करनी पडती है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में गर्मी प्रारंभ होते ही पेयजल की किल्लत सामने आने लगी है। जैसे जैसे गर्मी तेज होगी। पानी की समस्या गहराती जायेगी। वैसे तो क्षेत्र में कई जगह पानी टंकी का निर्माण कराया गया है लेकिन बिना उपयोग के ही भारी-भरकम पानी की टंकी सफेद हाथी साबित हो रही है। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में जल जीवन योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचने के लिए पानी टंकी निर्माण व पाइप लाईन विस्तार के लिए लाखों रुपए स्वीकृत हुआ। योजना के तहत भारी-भरकम पानी टंकी का निर्माण भी कराया गया है लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते ग्रामीणों को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सालभर से पानी की टंकी शोपीस बनी हुई है। जबकि हर साल गर्मी के दिनों में ग्रामीणों को पेयजल के लिए मशक्कत करनी पडती है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। गर्मी बढने के साथ ही भू-जल स्तर भी गिरने से कुएं व हैण्डपंप सूखने लगे हैं। इसके चलते गांवों में पानी की कमी की समस्या ज्यादा बनी है। ऐसे में लोगों को पानी के लिए परेशानी हो रही है। वही जलदाय विभाग के जेईएन दयाराम चौधरी ने बताया कि जहाँ समस्या आ रही है उन पुराने कनेक्शनों को दूसरे कनेक्शनों से जोडा गया है। वही पेयजल सप्लाई बाधित ना हो व आमजन को समस्या ना हो इसके लिए शनि मंदिर के पास नई बोरवेल की जा रही है जिससे समस्या का समाधान हो सकेगा।

### आंधी तूफान से रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी

**टोंक, (निसं)।** आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने आकाशीय बिजली एवं आंधी तूफान के प्रभाव को न्यूनतम करने एवं रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिला प्रशासन ने आमजन को आकाशीय बिजली के दौरान (क्या करें और क्या ना करें) के बारे में बताया है। गाईडलाईन के अनुसार आमजन तीव्र गर्जन सुनने पर सुरक्षित स्थान पर आश्रय लें। बिजली गर्जन के समय पेडों, टिन धातु की छतों के नीचे व पास में शरण न ले। समुचित दूरी रखे और भीड में खडे होने से बचे। गडगडाहट के अंतिम गर्जन के बाद कम से कम 30 मिनट के लिए गतिविधियों को स्थगित करें। इसी क्रम में स्थानीय मीडिया द्वारा जारी सूचना, चेतावनी एवं निर्देषों का पालन करें, बाहरी गतिविधियों को स्थगित करें। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और जानवरों के लिए भी सुरक्षित स्थान सुनिष्चित करें। सभी विद्युत उपकरणों को बंद करें और धातु के पाइप में विद्युत, कॉर्डेड टेलीफोन उपकरणों, उपयोगिता लाइनों, तारों और बहते पानी के सम्पर्क से बचे। कंकरीट के फर्श पर न लेटे व दिवार के साथ सट कर न खडे हो। इसके स्थान पर पैरों के मध्य सिर को रखकर अपने आप को छोटा बनाकर पंजो के बल बैठे। छत पर विद्युत सुरक्षा प्रणाली स्थापित करें, बरामदे, कांच की खिड़कियों व दरवाजों से दूर रहे तथा तालाब, झीलों, जल निकायों, नावों आदि में होने पर पानी से तुरंत बाहर निकलकर सुरक्षित आश्रय स्थल पर पहुंचे। क्षतिग्रस्तधगिरे हुए बिजली के खंबे, डूबे हुए बिजली के तारों से दूर रहे और तुरंत नजदीकी विद्युत स्टेषन व पुलिस स्टेषन को सूचित करें एवं घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा दें, उसे नजदीकी अस्पताल ले जाए। आवश्यकता होने पर सीपीआर दें।

### जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**पावटा, (निसं)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता कार्यशाला का आयोजन सहायक रिटर्निंग अधिकारी विकास प्रजापत एवं नोडल स्वीप प्रभारी सुरेश कुमार के निर्देशानुसार राजकीय देवनारायण छात्रावास विराटनगर में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार पींगोलिया के सानिध्य में छात्रावास में आवासरत बच्चों के साथ रैली निकाल 100 प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित कर साथ ही अपने मत का प्रयोग करने के लिए शपथ भी दिलाकर किया गया। वही दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत मेड में स्थित छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में दिव्यांग मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कनिष्ठ सहायक कानसिंह यादव, छात्रावास अधीक्षक शिवम शर्मा एवं मोनू शर्मा सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

### थैलियां जब्त, पांच हजार का किया जुर्माना

**निवाई, (निसं)।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट के निर्देशानुसार नगरपालिका द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग के रोकथाम हेतु गुरूवार को शहर के बाजार और सब्जी मंडी में पॉलिथिन की थैलियों को जब्त किया। इस दौरान 5 हजार रूपये का जुर्माना भी किया। सभी दुकानदारों एवं आमजन को इसके उपयोग को कम करने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके तहत 17.5 किलो पॉलिथिन की थैलियों को जब्त किया गया।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक/निवाई, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार अपराधियों की धरपकड अभियान के दौरान निवाई थाना क्षेत्र में चोरी के दर्ज प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए वृताधिकारी मृत्युन्जय मिश्रा एवं थानाधिकारी हरिराम वर्मा द्वारा गठित विशेष टीम ने 31 मार्च को निवाई कस्बा से मोटरसाईकिल चोरी के आरोपी प्रहलाद पुत्र रामनारायण जाति गुर्जर 25 साल निवासी रजवास, बरोनी जिला टोंक को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाईकिल जप्त कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### प्रधानों ने जनसंपर्क किया

**अलवर, (निसं)।** भाजपा प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव के लिए जन समर्थन जुटाने के लिए अलवर ग्रामीण विधानसभा के दर्जनों गांवों में उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव और मालाखेडा प्रधान वीरमति जाटव ने अपने अनेकों समर्थकों के साथ अनेकों गांवों में जन संपर्क किया। उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव और मालाखेडा प्रधान वीरमति जाटव अलवर ग्रामीण से भाजपा प्रत्याशी को बढत दिलाने के लिए जी तोड कोशिश कर रहे आज उन्होंने महाराजपुर, श्याम गंगा, बीलाडी, महुआ, सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया उनके साथ जोरमल, बाबूलाल, रामसिंह, भगवान, चिरंजी सहित दिल्ली से आए विधायक वेद प्रकाश शामिल थे।

### घर के बाहर से खड़ी बाइक चोरी

**पीपलू, (निसं)।** पीपलू में घर के बाहर खडी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। पीडित सियाराम सेनी निवासी नानेर हाल निवासी पीपलू ने बताया कि वह नाथडी रोड स्थित कंचन काम्प्लेक्स के बहार अपनी मोटरसाइकिल खडी कर किसी काम से जयपुर चला गया। वापस आकर देखा तो घर के बहार खडी मोटरसाइकिल नहीं मिलीं। जिसकी आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो एक युवक बाइक लेकर जाते हुए नजर आया। पीडित ने पुलिस थाने में जाकर मामला दर्ज करवाया है।



मुख्यमंत्री भजनलाल ने भीलवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल की नामांकन सभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्हें मेवाड़ी पाग पहनाकर सम्मानित किया गया।

# मु.मंत्री भजनलाल भीलवाड़ा में दामोदर अग्रवाल की नामांकन सभा में शामिल हुए

## भीलवाड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मेवाड़ी पाग और 51 किलो की फूलमाला पहनाकर मु.मंत्री का स्वागत किया

भीलवाड़ा, 4 अप्रेल (निसं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज भीलवाड़ा में लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल की नामांकन सभा में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि, 70 साल से कांग्रेस गरीबी हटाने की बात करती है लेकिन गरीबी नहीं हटी। उन्होंने कहा कि, 2014 के बाद गरीब की चिंता की है तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है। महिलाओं के लिए सम्मान का काम किया तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

- मु. मंत्री ने कहा, 70 साल से कांग्रेस गरीबी हटाने की बात करती रही है पर गरीबी नहीं हटी।
- विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी छोड़ने वाले कई नेताओं ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में भाजपा में वापसी की तथा निर्दलीय विधायक आशोक कोठारी ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि, जिन्होंने युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है, युवाओं को रूलाने का काम किया है, किसान के बेटों से धोखा किया है, भाजपा ने उनका सहयोग कर सहारा बनने का काम किया है। उन्होंने कहा, जिसने धोखा किया है वे सलाखों के पीछे जायेंगे। कांग्रेस राज में जो लोग फर्जी तरीके से ट्रेनिंग लेकर नौकरियां हांसिल कर रहे हैं उस पर भी कार्रवाई की जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि, हमारी डबल ईंजन की सरकार भीलवाड़ा के विकास के लिए हर समय विकास के लिए तैयार है।

कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल वी.पी.सिंह, सांसद सुभाष बहेड़िया, महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन, विधायक अशोक कोठारी, गोपाल खंडेलवाल, गोपीचन्द मीणा, लालाराम बैरवा, उदयलाल भडाणा, जब्बरसिंह सांखला, लादूलाल पितलिया, विट्ठलशंकर अवस्थी, रामपाल शर्मा शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का मेवाड़ी पगड़ी व 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।

इस सभा से पूर्व दामोदर अग्रवाल ने जिला निर्वाचन कार्यालय में अपना नामांकन पेश किया। इस समय पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया , पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी सहित भाजपा पदाधिकारी उनके साथ थे।

विधानसभा चुनावों में बागी हुए पूर्व जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली, पूर्व यू.आई.टी. चेयरमैन एल एन डाड, उप सभापति नगर परिषद रामलाल योगी सहित अन्य नेताओ की मुख्यमंत्री भजन लाल की मोजुदगी में घर वापसी हुई। वहीं, निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी ने भाजपा का दुप्पटा ओढ़ कर अपना समर्थन दिया।

## 'हमारे 19 मार्च के अंतरिम आदेश का पूरी तरह से पालन किया जाए'

नयी दिल्ली, 04 अप्रेल। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) विवाद के मामले में वरिष्ठ नेता शरद पवार और उनके भतीजे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुटों को 19 मार्च के (शीर्ष अदालत के) अंतरिम आदेश का पूरी तरह से पालन करने का निर्देश देते हुए एक-दूसरे के खिलाफ दायर आवेदनों का निपटारा कर दिया है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राकांपा अजीत पवार गुट को निर्देश दिया कि वह शीर्ष के अंतरिम आदेश का पालन सुनिश्चित करते हुए चुनावी विज्ञापनों में अधिक प्रमुखता के साथ यह उद्घोषणा

- सुप्रीम कोर्ट ने शरद पवार और उनके भतीजे को निर्देश दिया।

प्रकाशित करें कि, घड़ी प्रतीक (चुनाव चिन्ह ) का मामला अदालत के विचाराधीन है। पीठ ने इसी प्रकार से शरद पवार गुट को भी निर्देश दिया कि, अंतरिम आदेश का पालन करते हुए वह घड़ी प्रतीक का उपयोग न करें। आगामी चुनावों के लिए उसे दिए गए तुरही प्रतीक का इस्तेमाल करने के निर्देश का पालन करे। पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार गुट की याचिका पर अजीत पवार समूह से गुरुवार की सुनवाई के दौरान पूछा था कि, क्या उसने शरद पवार के नाम और राकांपा की घड़ी चिह्न का उपयोग करते हुए यह उद्घोषणा करने के साथ अदालती आदेश का पालन किया था कि, इस चुनाव चिह्न का आवंटन न्यायालय के विचाराधीन है।

## पूर्व मंत्री भाया ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

याचिका में कहा गया है कि, उसके खिलाफ नगर पालिका, मांगरोल की ओर से जारी टैंडर को लेकर गत 8 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें याचिकाकर्ता व अन्य पर आरोप लगाया गया था कि, विधानसभा चुनाव में लाभ पहुंचाने के लिए टेंडर जारी किए गए और नोटशीट में कांटछांट की गई। याचिका में कहा गया कि, कलेक्टर की ओर से दिए आदेश की पालना में एस.डी.ओ. ने जांच की थी। जिसमें सामने आया कि, आचार संहिता लागू होने के बाद टैंडर की कार्रवाई रोक दी गई थी और कार्य आदेश भी जारी नहीं हुआ था। इस जांच के करीब पांच माह बाद एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। याचिका में कहा गया कि, नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश ने यह एफ.आई.आर. राजनीतिक द्वेषता के चलते दर्ज कराई है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मामले में तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की है। गौरतलब है कि, अंता थाने में भी प्रमोद जैन भाया के खिलाफ समान प्रकृति का मामला दर्ज हुआ था। हाईकोर्ट ने उस मामले में प्रमोद जैन भाया की गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है।

# चित्तौड़ में आंजना का नामांकन भरवाने पहुंचे सचिन पायलट और खड़गे



चित्तौड़गढ़ से कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी उदयलाल आंजना के समर्थन में गुरुवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस जनसमर्थन सभा में करीब 40 हजार से ज्यादा आमजन और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

चित्तौड़गढ़ , (निसं)। 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने गुरुवार को अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। उदयलाल आंजना की नामांकन महारैली से पूर्व जन आशीर्वाद महासभा आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, गोविन्द सिंह डोटासरा,पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, मावली विधायक पुष्कर डांगी आदि शामिल हुए।

- नामांकन के लिए हुई महारैली से पूर्व विशाल जन आशीर्वाद सभा भी हुई, जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा तथा मावली विधायक पुष्कर डांगी ने संबोधित किया।
- खड़गे ने कहा, भाजपा वाले परिवारवाद की बात करते हैं पर राजीव गांधी की मृत्यु के बाद उनके परिवार का कोई भी व्यक्ति प्रधानमंत्री नहीं बना है। सोनिया गांधी के पास अवसर आया पर उन्होंने अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया।
- पायलट ने कहा, भाजपा ने 300 पार होने के बाद नोटबंदी और जी.एस.टी. लगाकर जनता की कमर तोड़ दी थी, इस बार 400 पार आ गए तो लोकतंत्र को खत्म कर देंगे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि, भाजपा इस बार 400 पार का नारा दे रही है, पिछली बार 300 पार होने के बाद उन्होंने नोटबंदी और जीएसटी लगाकर आम आदमी की कमर तोड़ दी थी। यदि इस बार 400 पार आ गए तो यह लोग अपने मन की हर इच्छा पूरी करेंगे लोकतंत्र को खत्म कर देंगे, संविधान को मिटा कर रख देंगे। इसलिए हम सबको मिलकर इस बार लोकतंत्र को और संविधान को बचाना है।

खड़गे ने कहा कि, भाजपा वाले परिवारवाद की बात करते हैं, जबकि राजीव गांधी की मृत्यु के बाद से उनके परिवार से कभी कोई प्रधानमंत्री नहीं बना है। जब सोनिया गांधी जी के पास प्रधानमंत्री बनने का अवसर आया भी तो उन्होने कुर्सी का त्याग करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के रूप में एक अर्थशास्त्री देश को दिया।

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि, भाजपा राज में चीन हमारी भूमि पर कब्जा करता जा रहा है,लोकसभा से सांसदों को निकाला जा रहा है, नेताओं को ईडी और सीबीआई से डराया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि, दो अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित कई दिग्गज चित्तौड़गढ़ आए थे, उस दिन चित्तौड़गढ़ में इसी स्थान पर आयोजित सभा में लगभग 20000 लोग मौजूद थे वहीं आज की भीड़ का आकलन करके लोगों की संख्या 40,000 से अधिक बताई जा रही है।

## 'सैनिक स्कूलों के प्रबंधन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्कूलों में यह अनुबंध किया गया है, उनमें से 62 प्रतिशत स्कूलों को आर.एस.एस., भाजपा और अन्य हिन्दुत्व संगठनों से जोड़ा गया है।

माकपा महासचिव, सीताराम येचुरी ने गुरूवार को चेतावनी दी कि, हिन्दुत्व विचारधारा से प्रभावित सैन्य संस्थाएं, भारतीय सशस्त्र सेनाओं के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को कमजोर कर सकती हैं। येचुरी ने पार्टी के बयान को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कहा, यह कदम सैनिक संस्थानों का विनाश कर सकता है।

माकपा के वक्तव्य में कहा गया है कि, पारम्परिक तौर पर, सैनिक स्कूलों का संचालन, स्वायत्त सैनिक स्कूल सोसायटी करती रही थी। सैनिक स्कूलों ने छात्रों को प्रमुख नैशनल डिफैंस एकेडमी और इण्डियन नेवल एकेडमी में प्रवेश पाने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। माकपा के बयान के अनुसार, "अंततः सैनिक स्कूलों से पास करने वाले छात्र, बड़ी संख्या में भारतीय रक्षा बलों में उच्च पदों पर आसीन होते हैं। यह नई नीति, निजी-जन सहभागिता मॉडल के तहत केवल वित्तीय और आधारभूत संरचना साझा करने तक ही सीमित नहीं है। माकपा का बयान आगे कहता है, "अब बड़ी संख्या में भाजपा और आर.एस.एस. से जुड़ी हुई संस्थाएं सैनिक स्कूलों के संचालन को अपने हाथ में ले लेंगी।" कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी बुधवार को इस नीति की कड़ी आलोचना की थी। इस कदम को उन्होंने सैनिक स्कूलों के मानदंडों के प्रति "शॉकिंग" असम्मान बताया था। कांग्रेस सांसद ने एक्स पर लिखा, "यह बेशर्म सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और इसकी शिक्षा नीति से इस तरह समझौता कैसे कर सकती है। अग्निवीर स्कीम पहले से ही हमारे सशस्त्र बलों के प्रोफेशनलिज़्म (कुशलता) पर एक हमला है। अब इस कदम से हमारे सैनिकों को दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित बनाने वाले मानदंडों के प्रति "शॉकिंग" असम्मान भी शामिल हो गया है। कृपसा इस निर्णय को वापस लीजिए।"

## भाजपा ने कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होना चाहिए। चाहे वे खुद हों, हरियाणा के सी.एम. नायब सिंह हो या खट्टर हों।

उन्होंने पोस्ट में कहा, मेरा इरादा हेमा जी या किसी को भी आहत करने का नहीं था। मैंने तो साफ कहा था कि हम हेमा जी का सम्मान करते हैं वे हमारी बहू हैं। भाजपा महिला विरोधी है और झूठ फैलाती है।

सुरजेवाला की टिप्पणी के विवाद पर हेमा ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है वे इस समय मथुरा में प्रचार में व्यस्त हैं, जहां से वे वर्ष 2014 से सांसद हैं। सुरजेवाला पर प्रहार करते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस की एक मात्र पहचान नारी शक्ति का अपमान करना ही है। उन्होंने कहा, नारी शक्ति का अपमान कांग्रेस की एकमात्र पहचान है और सुरजेवाला के महिला विरोधी, क्रूर, घ्रणित बयान से एक बार फिर यह साबित हो गया है। उन्होंने हेमा मालिनी जी के लिए जो कहा है उसे दोहराया तक नहीं जा सकता।"

कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला कांग्रेस के नवीनतम नेता हैं जो चुनावों में सुर्खियों में आए हैं। इससे पहले सुप्रिया श्रीनाते और भाजपा के दिलीप घोष को चुनाव आयोग से उनकी टिप्पणियों व सोशल मीडिया पोस्ट के लिए चेतावनी मिल चुकी है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने भी थामा भाजपा का दामन

## गौरव ने गुरूवार को सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इस्तीफा भेज दिया

उदयपुर, 4 अप्रेल (कासं)। इन दिनों लोकसभा चुनाव से पहले एक के बाद एक कांग्रेस नेता पार्टी का दामन छोड़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब नया नाम कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ का जुड़ा है। गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा देने के बाद गौरव भाजपा में शामिल हो गए।

- गौरव ने लिखा कि, वे सनातन विरोधी नारे नहीं लगा सकते और देश के वैल्थ क्रिएटर्स को गाली नहीं दे सकते, इसलिए इस्तीफा दे रहे हैं।
- गौरव वल्लभ की छवि तेजतर्रार प्रवक्ता की है तथा न्यूज चैनलों पर कांग्रेस के बचाव में वे काफी मुखर और हाजिर जवाब माने जाते रहे हैं।

सुबह ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर उन्होंने इस्तीफा दिया था। गौरव ने पत्र में खड़गे से कहा कि, वे न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकते हैं और न ही सुबह-शाम देश के वैल्थ क्रिएटर्स को गाली दे सकते हैं। इसी वजह से पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। ज्ञातव्य है कि, कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में गौरव वल्लभ को उदयपुर सीट से मैदान में उतारा था, लेकिन वे भाजपा के ताराचंद जैन से 32 हजार से ज्यादा वोटों से हार गए थे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को लिखे पत्र में गौरव ने कहा, पिछले कुछ दिनों से पार्टी के स्टैंड से असहज महसूस कर रहा हूं। जब मैंने कांग्रेस पार्टी जॉइन की तब मेरा मानना था कि, कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है, जिसमें सभी के आइडिया की कद्र होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। पार्टी का ग्राउंड लेवल कनेक्ट पूरी तरह से टूट चुका है और वह नए भारत की आकांक्षा को बिल्कुल भी नहीं समझ पा रही है। इसी वजह से पार्टी न तो सत्ता में आ पा रही और न ही मजबूत विपक्ष की भूमिका निभा पाग रही हैं। बडे नेताओं और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच की दूरी पाटना बेहद कठिन है, जो कि राजनैतिक रूप से जरूरी है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांग्रेस पार्टी के स्टैंड से मैं परेशान हूं। मैं जन्म से हिंदू और कर्म से शिक्षक हूं। पार्टी और गठबंधन से जुड़े कई लोग सनातन के विरोध में बोलते हैं और पार्टी का उस पर चुप रहना, स्वीकृति देने जैसा है। इन दिनों पार्टी गलत दिशा में आगे बढ़ रही है।

उल्लेखनीय है कि, चुनावी मैदान में फेल रहे गौरव वल्लभ की गिनती कांग्रेस पार्टी के तेजतर्रार प्रवक्ताओं में होती है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने गौरव वल्लभ को जमशेदपुर पूर्व विधानसभा सीट से तत्कालीन मुख्यमंत्री और भाजपा प्रत्याशी रघुवर दास के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा था। लेकिन उस चुनाव में रघुवर दास और गौरव वल्लभ दोनों पराजित हो गए। इस चुनाव में निर्दलीय सरयू राय को जीत मिली थी। गौरव वल्लभ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा से एक टीवी डिबेट के बाद पूरे देश में चर्चा में आए।

दरअसल एक हिन्दी चैनल पर बहस के दौरान संबित पात्रा पांच ट्रिलियन की भारतीय अर्थव्यवस्था की बात कर रहे थे। इस बहस में उनके सामने मौजूद गौरव वल्लभ ने उनसे पूछ लिया कि, एक ट्रिलियन में कितने शून्य होते हैं। संबित पात्रा ने इस पर गोलमोल जवाब देते हुए अंग्रेजी में कहा कि, ये सवाल राहुल गांधी से पूछा जाना चाहिए। इसके बाद गौरव वल्लभ चर्चा में आए थे।

## देश भर में आपात हवाई पट्टियां बिछाएगी वायु सेना

नयी दिल्ली, 04 अप्रेल। वायु सेना अपने विमानों को आपात स्थिति में कहीं भी उतारने के लिए देश भर में विभिन्न राज्यों में आपात हवाई पट्टी सुविधाओं का जाल बिछाने पर काम कर रही है।

वायु सेना ने गगन शक्ति अभ्यास के दौरान पिछले सप्ताह ही कश्मीर घाटी में उत्तरी सेक्टर में इसी तरह की आपातकालीन हवाई पट्टी पर चिनूक हेलिकॉप्टर, एम आई 17 और उन्नत हल्के ध्रुव हेलिकॉप्टर को उतारकर बड़ी संख्या में सैनिकों को वहां पहुंचाया।

## अंततोगत्वा 20...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए हाईकोर्ट के जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ के समक्ष पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि, याचिकाकर्ता कर्मचारियों को वेतन भुगतान कर दिया है। इस पर अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि, जब तक राज्य सरकार के अफसरों को नहीं बुलाते तब तक कोई कार्रवाई नहीं होती है। यदि आपका वेतन नहीं रोकते तो याचिकर्ताओं को भी उनका बकाया वेतन नहीं मिलता। यह रवैया सरकारी अफसरों की कार्यशैली को बताता है। अदालत ने जब उनसे पूछा कि, एक

- हाई कोर्ट ने प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव का वेतन रोकने का आदेश दिया तो, राज्य सरकार के अधीन आए निजी कॉलेज के दस कर्मचारियों को उनका 20 माह से रूका वेतन मिल गया।

साल से कर्मचारियों का वेतन मामला क्यों लंबित रखा गया, तो प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव ने कहा कि, उन्होंने तो एक महीने पहले ही कार्य ग्रहण किया है और आगे से इस संबंध में ध्यान रखा जाएगा।

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि, अदालत ने पिछली सुनवाई पर डॉ. संजय कुमार यादव व अन्य की याचिका पर निर्देश दिया था कि, यदि याचिकाकर्ताओं का बकाया वेतन नहीं दिया जाता है तो प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव का भी आगामी महीने का वेतन रोका जाए। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख उच्च शिक्षा सचिव को भी तलब किया था।

## तेलंगाना में कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उम्मीदों के विपरीत बी.आर.एस. और भाजपा कोई औपचारिक आपसी समझ विकसित करने अथवा गठबंधन बनाने में विफल रहे। यदि ऐसा हो जाता तो कांग्रेस के लिए संघर्ष कठिन हो सकता था। लेकिन तेलंगाना में दीर्घकालीन मंसूबी पाले बैठी भाजपा यहां ऐसे जाहिर करती रही जैसे की उसे यहां से ज्यादा मतलब नहीं है। शायद भाजपा ने ही पहले तो क्षेत्रीय पार्टी को प्रभावहीन किया और यह माना कि कांग्रेस से तो बाद में निपट लिया जाएगा। भाजपा उत्तर भारत में मजबूत स्थिति में है और हिंदी भाषी राज्यों में उसके लोकसभा की अधिकांश सीटें जीतने की उम्मीद है। उसने तेलंगाना में हिसाब लगाकर जोखिम लेकर अपने दम पर चुनाव लड़ने का विकल्प चुना है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा यहां से चार सीटों पर विजयी रही थी। तेलंगाना में भाजपा की राह आसान नहीं है। वह शायद अपनी पहले जितनी सीटें ही बरकरार रख पाए, या सबसे बुरी स्थिति में कुछ सीटें हार भी सकती है, लेकिन बी.आर.एस. के तो अपना जनाधार और सीटें कांग्रेस को सुपुर्द की संभावना है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यहां एक भी सीट नहीं जीत सकी थी और इस बार वह जितनी भी सीटें जीतेगी वह उसकी बढ़त ही मानी जाएगी। तेलंगाना से 17 सांसद निर्वाचित होकर लोकसभा में जाते हैं।

## 22 नेताओं ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नेताओं ने कहा कि, उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं दिए गए, बल्कि पैसे लेकर टिकट बेचे गए।

इस्तीफों की यह लहर पार्टी कार्यकर्ताओं की शिकायतों से उपजी है, आरोप लगाए जा रहे हैं कि, पैसे लेकर टिकट बांटे गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बिहार में शुक्रवार को चुनाव अभियान लॉन्च करने से एक दिन पहले पासवान की पार्टी के नेताओं ने इस्तीफे दिए हैं।

पासवान की एल.जे.पी. से इस्तीफा देने वालों में कुछ प्रमुख नेता हैं रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक व एल.जे.पी. के राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, राज्य संगठन मंत्री रवीन्द्र सिंह, अजय कुशवाहा, संजय सिंह व स्टेट जनरल सैक्रेटरी राजेश डांगी।

चिराग पासवान की पार्टी पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर रही है, जिसमें हाजीपुर भी शामिल है। अन्य सीटें हैं, वैशाली, समस्तीपुर, खगरिया और जमुई। बिहार में भाजपा 17 सीटों पर, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली पार्टी, जनता दल (यू) 16 सीटों पर और जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाली पार्टी हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा व राष्ट्रीय लोक समता पार्टी एक-एक सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं।

# मांडलगढ़ से कांग्रेस के पूर्व विधायक विवेक धाकड़ ने हाथ की नसें काटकर आत्महत्या की

## पुलिस के अनुसार विवेक धाकड़ ने हाथ की नसें काटने से पहले फांसी लगाने का प्रयास भी किया था

मांडलगढ़/भीलवाड़ा, 4 अप्रेल (निसं)। भीलवाड़ा जिले की मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस से विधायक रहे विवेक धाकड़ ने गुरुवार सुबह अपने हाथ की नसें काटकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व उन्होंने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के पिता, इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ भी भीलवाड़ा जिला परिषद के जिला प्रमुख रह चुके हैं। विवेक की पत्नी सरकारी सेवा में हैं ओर उनके एक बेटी है।

- विवेक धाकड़ ने जिस कमरे में आत्महत्या की, वहां एक सुसाइड नोट मिला है, जिसकी जांच की जा रही है।
- विवेक के पिता कन्हैया लाल धाकड़ भीलवाड़ा जिला परिषद के जिला प्रमुख रह चुके हैं। उनकी पत्नी सरकारी सेवा में हैं तथा एक बेटी शेफाली है।
- 48 वर्षीय विवेक धाकड़ का शव बिजौलिया के माजीसा खेड़ा ले जाया गया, जहां उनके शव को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया और फिर शाम 5 बजे अंतिम संस्कार किया गया।
- कई नेता और विधायक उनके अंतिम दर्शनार्थ पहुंचे।

भीलवाड़ा शहर के सुभाषनगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि, आज सुबह यह सूचना मिलने पर कि, पूर्व विधायक विवेक धाकड़ ने आत्महत्या कर ली है और उनका शव हॉस्पिटल मोर्चरी में रखा हुआ है, हम अस्पताल पहुंचे। फिर हमने पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के निवास पर उस कमरे की तलाशी ली जहाँ उन्होंने आत्महत्या की थी। वहाँ हमें एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में जो तथ्य थे उसकी हम विस्तृत जांच करेंगे। प्रथम दृष्टया ग्रह कलेश का मामला ही लगता है। बताया जा रहा है कि, विवेक धाकड़ ने आत्महत्या करने के लिए अपने कमरे में ब्लेड से अपने दोनों हाथों की कलाई की नसें काट ली थीं और इससे पूर्व फांसी लगाने का प्रयास भी किया था।

पूर्व विधायक विवेक धाकड़ ने अपने सुसाइड नोट में, दिल से पापा, दीदी, बेटी शेफाली एवं समस्त सहयोगी व समर्थकों से माफी मांगते हुए अंगदान करने की इच्छा जताई है। धाकड़ ने अपने सुसाइड नोट में अपनी सारी संपत्ति का हक़दार भी अपने पिता को ही बताया है।

जानकारी के अनुसार, मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 48 वर्षीय पूर्व विधायक विवेक धाकड़, पुत्र कन्हैयालाल धाकड़ शहर के सुभाषनगर इलाके में छोटी पुलिया के पास परिवार सहित रह रहे थे। गुरुवार सुबह वे इसी आवास में अचेत मिले, उनके हाथ की नसें कटी हुई थीं। धाकड़ को एम.जी. अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर डीएसपी श्याम सुंदर विश्नोई, सुभाषनगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर मय जाब्ता विवेक धाकड़ के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने छानबीन की।पुलिस का कहना है कि घटना के वक्त इस मकान में धाकड़ के पिता, पत्नी व बेटी मौजूद थे।

विवेक के चाचा प्यारचंद धाकड़ ने सुभाषनगर थाना पुलिस को रिपोर्ट दी कि, विवेक सुबह उठे, इसके बाद वे बाथरूम में गये, जहां फिसलकर गिरने से किसी नुकिली वस्तु से उनके हाथ में चोट लगी। इसके बाद उन्हें एमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

भीलवाड़ा में पोस्टमार्टम के बाद विवेक के शव को बिजौलिया के माजीसा का खेडा ले जाया गया, जहाँ उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया।

बिजौलियां स्थित धाकड़ विद्यापीठ विद्यालय पर उनके पार्थिव देह को बेगू विधायक सुरेश धाकड़, राष्ट्रीय काँग्रेस के महासचिव धीरज गुर्जर, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी समेत तमाम राजनीतिक दल के नेताओं और हजारों समर्थकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर धाकड़ को श्रद्धांजलि दी। वही शाम 5 बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908